शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 112 | गुवाहाटी | शनिवार, 18 नवंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

यूनाइटेड अपोजिशन फोरम की बैठक दिसपुर में आयोजित पेज 3
आईओएफएस के अधिकारियों और आईडीएएस के प्रोबेशनर... पेज 4
पांच साल में सड़क खराब हुई तो निर्माता एजेंसी ही करे पुनर्निर्माण : मुख्यमंत्री पेज 5
राज विस चुनाव: राजस्थान में भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को हटाएगी जनता : प्रहलाद जोशी पेज 8

## मानवाधिकार आयोग ने 56 मामलों की सुनवाई की




**गुवाहाटी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने असम के गुवाहाटी में दो दिवसीय *कैंप सिटिंग* का आयोजन किया, जिसके दौरान आयोग ने पूर्वोत्तर राज्यों में मानवाधिकार उल्लंघन के 56 मामलों की सुनवाई की। एनएचआरसी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अरुण कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शिविर बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। आयोग के सदस्य डॉ. डीएम मुले और राजीव जैन, महासचिव भरत लाल, शिविर में रजिस्ट्रार (कानून) सुरजीत डे और वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक के दौरान आयोग ने पूर्वोत्तर राज्यों के संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में लंबित मामलों और शिकायतों की सुनवाई की। इन सब के अलावा, कई अन्य मामलों में अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले के आनंदपुर-एल और आनंदपुर-इल, ब्रजपुर, बोधियासत्ता-द्वितीय गांवों में चकमाओं की भूमि का कथित मनमाना और गैरकानूनी विभाजन शामिल था। इसके साथ ही असम के कोकराझार शहर में एक व्यक्ति द्वारा 16 वर्षीय आदिवासी लड़की के साथ कथित बलात्कार, जिरीबाम को -शेष पृष्ठ दो पर

## विस चुनाव : छत्तीसगढ़ में 68 और मप्र में 71 प्रतिशत मतदान




**नई दिल्ली (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण और मध्य प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर शुक्रवार को क्रमश: 68.15 प्रतिशत और 71.16 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के आंकड़े शाम पांच बजे तक के हैं। अंतिम नतीजों में वृद्धि हो सकती है। मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण रहा। पहली बार छत्तीसगढ़ के रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर महिला स्टाफ की तैनाती की गई, जिन्होंने वहां का कामकाज बखूबी संभाला। निर्वाचन क्षेत्र में स्थापित 201 मतदान केंद्रों पर 1046 महिलाओं को तैनात किया गया था। इन सभी महिलाओं द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्रों ने सभी मतदाताओं, विशेष रूप से महिला और तीसरे लिंग के मतदाताओं को अधिक समावेशी चुनावों के लिए आराम और सुरक्षा की भावना प्रदान की। मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र सुलभ बनाने की दृष्टि से छत्तीसगढ़ में 100 से कम मतदाताओं वाले भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र में 11 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। शेराडांड में केवल 5 मतदाता थे, जिनके लिए एक मतदान केंद्र स्थापित किया गया था। मध्य प्रदेश के बालाघाट विधानसभा में सोनेवानी मतदान केंद्र पर सभी पंजीकृत 42 मतदाता (26 महिला और 16 पुरुष मतदाता) वोट डालने के लिए एक साथ आए, जिससे शत प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मध्य -शेष पृष्ठ दो पर

## गरियाबंद में नक्ससलियों का पोलिंग पार्टी पर हमला, जवान शहीद




**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के अतिसंवेदनशाली मतदान केंद्र बड़े गोबरा के जंगलों में शुक्रवार को नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया। जिसकी वजह से आईटीबीपी का एक जवान बलिदान हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, आईटीबीपी की पोलिंग पार्टी मतदान संपन्न कराने के बाद वापस लौट रही थी तभी अचानक आईईडी धमाका हुआ। इस धमाके में एक जवान बलिदान हो गया। वहीं, घायलों का मैनपुर के अस्पताल में इलाज चल रहा है। गरियाबंद -शेष पृष्ठ दो पर

## राजस्थान में सरकार नहीं, लूट का राज है : मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी (हि.स.)।** राजस्थान में सरकार नहीं, लूट का राज है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार नहीं चला रहे हैं, बल्कि लूट का राज चला रहे हैं। आज मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने राजस्थान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार पर ये आरोप लगाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार सभी भाजपा शासित राज्यों में पेट्रोल, डीजल और बिजली की कीमतें तुलनात्मक रूप से कम है। उन्होंने कहा कि असम राजस्थान की तुलना में एक तिहाई भू-भाग वाला राज्य है। बावजूद इसके असम में पेट्रोल की कीमत 98 रुपए प्रति लीटर है। जबकि, राजस्थान में 108 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल बिक रहा है। उन्होंने कहा कि देश में सबसे -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## चार दिवसीय छठ महापर्व का दूसरा दिन आज



**पटना (हि.स.)।** आस्था, सुचिता एवं सूर्योपासना का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। चार दिवसीय महापर्व के पहले दिन शुक्रवार को व्रतियों ने स्नान कर परिवार के साथ सात्विक भोजन कर नहाय खाय किया। स्नान और पूजा के बाद सबसे पहले छठ में प्रसाद बनाने के लिए गेहूं एवं चावल धोकर ओखली में कूटकर सुखाया। इसके बाद अरवा चावल, चना का दाल एवं कद्दू की सब्जी ग्रहण किया। छठ को लेकर गांव से लेकर जेल के अंदर तक हर ओर लोकगीतों की धूम मची हुई है। गांव से शहर तक का हर घर तैयारी -शेष पृष्ठ दो पर

## मप्र में वोटिंग के बीच हिंसा : एक की मौत, दर्जनभर जख्मी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए सभी 200 सीटों पर मतदान के बीच कई जगह हिंसा हुई है। इंदौर और मुरैना में कहीं पथराव हुआ तो कहीं गोलीबारी और कहीं तलवारबाजी तक हो गई। कहीं, प्रत्याशी को पीटा गया तो कहीं शांति बनाए रखने के लिए सभी उम्मीदवारों को नजरबंद करना पड़ा। उपद्रव में दोपहर तक करीब एक दर्जन लोग जख्मी हैं तो छतरपुर में कांग्रेस के मुस्लिम पार्षद की मौत हो गई है। आरोप है कि उस पर गाड़ी चढ़ाकर उसे कुचल दिया गया। इंदौर के महू विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को मतदान के बीच उस वक्त बवाल हो गया जब भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता भिड़ गए। दोनों पक्षों में तलवारबाजी भी हुई। घटना में 4 लोग जख्मी हो गए। हिंसा की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने हल्का बलप्रयोग करते हुए स्थिति को काबू किया। इंदौर के सिंधी कॉलोनी में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जमकर मारपीट हुई। विवाद की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उपद्रवियों को खदेड़ा। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष सुरजीत चड्डा भी मौके पर पहुंचे। मध्य प्रदेश में चुनावी हिंसा की शुरुआत गुरुवार रात को ही हो गई थी। इंदौर के राऊ विधानसभा क्षेत्र में देर रात भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट हुई। भंवरकुआं थाने के बाहर जुटकर हंगामा कर रहे लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। मुरैना के दिमनी में मतदान के दौरान एक ही गांव में दो बार उपद्रव हो गया। यहां मिरघान गांव में दो बार दो गुट आपस में भिड़ गए। दोनों तरफ से पथराव हुआ और लाठियां चलीं। गोली चलने की भी सूचना है। हिंसा के दौरान सेना के जवान समेत 4 लोग जख्मी हो गए। चंबल अंचल के -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर : कांगपोकपी जिले में विस्फोट



**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले के मफौ कुकी गांव के पास शुक्रवार सुबह एक कम तीव्रता वाला विस्फोट हुआ है। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के बाद गांव के नजदीकी सुरक्षाबलों को सतर्क कर दिया गया है। अभी विस्तृत रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक घटना शुक्रवार सुबह करीब 9.30 बजे की है। यह इलाका इंफाल पूर्व जिले के पीएस थौबल के पास और कांगपोकपी जिले के मफौ कुकी गांव के पास की है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक यह एक छोटा आईईडी ब्लॉस्ट भी हो सकता है या फिर कुकी गांव के स्वयंसेवकों द्वारा लगाए गए ट्रेप में भी विस्फोट हो सकता है। जानकारी के मुताबिक कई गांवों के स्वयंसेवकों ने गांवों की सीमा चेतावनी के तौर पर ट्रेप लगाए हैं, हो सकता है यह विस्फोट उसी में हुआ हो। सूत्रों के मुताबिक विस्फोट की आवाज सुनने के बाद नजदीकी सुरक्षाबलों को सतर्क कर दिया गया है। घटना की विस्तृत रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है।

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## जुंटा विरोधी समूह का म्यांमार सैनिक शिविर पर कब्जा



**एजल।** पड़ोसी मुल्क म्यांमार में सैनिकों के शिविर पर जुंटा विरोधी समूह का कब्जा हो गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसके बाद लगभग 29 और म्यांमार सैनिक मिजोरम भाग आए हैं। उनके साथ, पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) के साथ हाल ही में हुई गोलीबारी के कारण कुल 74 म्यांमार सैन्यकर्मी मिजोरम भाग गए थे। हालांकि, इनमें से कई सैनिकों को वापस भेज दिया गया था। पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) लालबियाकथांगा खियांग्ते ने बताया कि आज 29 और सैनिकों ने तियाउ नदी के पास चंफाई जिले के सैखुमफाई में पुलिस और असम राइफल्स से संपर्क किया। यह भारत और म्यांमार के बीच सीमा के रूप में कार्य करती है। म्यांमार के सैनिक -शेष पृष्ठ दो पर

## राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेताओं को ग्रेड थ्री नौकरी देगी राज्य सरकार

**गुवाहाटी (हि.स.)।** राज्य सरकार 37वें राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेताओं की ग्रेड थ्री की नौकरी देगी। वहीं, पहले से ही सरकारी सेवारत 42 पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देगी। असम की एकीकृत खेल नीति के प्रावधानों के तहत यह निर्णय लिया गया है। स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं को विभिन्न सरकारी विभागों में ग्रेड थ्री पद प्रदान किए जाएंगे। जबकि, पहले से ही सरकारी नौकरियों वाले 40 पदक विजेताओं में स्वर्ण पदक -शेष पृष्ठ दो पर

## उत्तर 24 परगना में टीएमसी पंचायत प्रधान की हत्या



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा के ताजा मामले में शुक्रवार को उत्तर 24 परगना जिले में तृणमूल कांग्रेस के पंचायत प्रधान की हत्या कर दी गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमलावरों ने गुरुवार शाम करीब सात बजे कामदेवपुर हाट में हमला किया। अमदंगा के टीएमसी पंचायत प्रधान रूपचंद मंडल को निशाना बनाकर बम उस समय फेंके गए, जब वह अपने मोबाइल फोन पर बात कर रहे थे। मंडल को पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। बेहतर इलाज के लिए उन्हें बारासात के एक निजी अस्पताल में भेजा -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*गलती तो हर मनुष्य कर सकता है, किंतु उस पर दृढ़ केवल मुर्ख ही होते हैं।*

– **सिसरो**

### न्यूज गैलरी

## राज्य के दो शिक्षा बोर्डों का विलय क्यों?


**गुवाहाटी।** एक बड़े कदम में, असम सरकार ने गुरुवार को कक्षा 10 और 12 के लिए राज्य बोर्डों को एक एकीकृत इकाई में विलय करने का फैसला किया। यह विलय असम में शिक्षा प्रणाली में एक नई क्रांति लाएगा। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल के एक सत्र के दौरान, कक्षा 10 और 12 के राज्य बोर्डों को एक एकल इकाई में विलय करने के प्रस्ताव को औपचारिक रूप से अपनाया गया। सेबा कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा आयोजित करता है, जबकि एएचएसईसी -शेष पृष्ठ दो पर

## नूंह में फिर से तनाव, कुआं पूजन के लिए जा रही महिलाओं पर पथराव



**नूंह।** नूंह जिले में एक बार फिर से तनाव देखने को मिला है। स्थानीय व्यापारियों ने शुक्रवार को बाजार बंद रखे, क्योंकि गुरुवार को शहर के पांडु राम चौक इलाके में एक परिवार द्वारा आयोजित धार्मिक जुलूस पर अज्ञात संदिग्धों, जो बच्चे बताए गए थे, ने कथित तौर पर पथराव किया, जिसमें तीन महिलाएं घायल हो गईं, जिसके बाद गुरुग्राम के नूंह जिले में ताजा तनाव फैल गया। पुलिस ने बताया कि महिलाओं की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है...मदरसे से फुटेज आए थे, जिसमें तीन लड़के खड़े दिख रहे थे। उसके आधार पर तीन लड़कों की पहचान की गई है। इन तीनों को राउंडअप कर लिया गया है और अब इन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। नूंह एसपी नरेंद्र सिंह बिजारनिया ने बताया कि आठ महिलाओं ने एफआईआर दर्ज कराई है और उन्हें मामूली चोटें आई हैं। हम तीनों लड़कों से पूछताछ कर रहे हैं कि यह घटना क्यों हुई। तीनों बच्चे नाबालिग हैं। हम महिलाओं द्वारा लगाए गए सभी आरोपों की जांच करेंगे। स्थिति नियंत्रण में है और दोनों समुदायों के नेताओं को सुबह बुलाया गया था। व्यापारियों, जिनमें बड़ी संख्या में -शेष पृष्ठ दो पर

## इजराइल-हमास युद्ध में निर्दोषों की हत्या गलत, बातचीत से निकाले हल : पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज चल रहे इजरायल-हमास युद्ध में नागरिकों की मौत की निंदा की। साथ ही, उन्होंने संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में बढ़ती चुनौतियों के सामने वैश्विक दक्षिण के बीच एकता और सहयोग की तत्काल आवश्यकता पर भी जोर दिया। दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए, पीएम मोदी ने हिंसा और आतंकवाद के खिलाफ भारत के अटूट रुख पर जोर -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# हम विश्व गुरु बनना चाहते हैं और यह क्षमता हमारे बीच : गडकरी



**जोधपुर ( हि.स. )।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को जोधपुर में कहा कि टेक्नोलॉजी का उपयोग करके ज्ञान को गुणात्मकता परिवर्तन करना समय विश्व और भारत की आवश्यकता है। हम विश्व गुरु बनना चाहते हैं और यह क्षमता हमारे बीच है। गडकरी ने हाउसिंग बोर्ड में 18 ई सेक्टर में सांवरलाल ऑस्टियोपैथ चैरिटेबल संस्थान में गोवर्धन पाराशर की प्रतिमा का अनावरण किया। गडकरी ने कहा कि मेरा भाषण यू-ट्यूब पर अपलोड होता है तो लोग खूब देखते हैं, मैं तीन लाख रुपए यू-ट्यूब से कमाता हूं। उन्होंने कहा कि मैं किसानों द्वारा तैयार इथेनोल की कार में घूमता हूं। राजनीति की बात कम करता हूं। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में पूर्व नरेश गजसिंह, विधायक मनीषा पंवार, सूर्यकांता व्यास, महापौर दक्षिण व उत्तर वनिता सेठ और कुंती देवड़ा मौजूद थीं। तत्पश्चात गडकरी जोधपुर शहर विधानसभा के पूर्व विधायक कैलाश भंसाली के निधन पर उनके परिवार से मिलने पहुंचे।

# नेपाल में बेघर हुए चार भूकंप पीड़ितों की ठंड से मौत



**काठमांडू ( हि.स. )।** जाजरकोट में चार भूकंप पीड़ितों की ठंड से मौत होने की खबर है। भूकंप के बाद तिरपाल में रह रहे चार लोगों की ठंड से मौत हो गई है। भूकंप से बेघर हुए लोगों की परेशानी ठंड के कारण और अधिक बढ़ गई है। जाजरकोट गांवपालिका के अध्यक्ष वीर बहादुर गिरी ने बताया कि ठंड के कारण इस गांव में दो बुजुर्ग व्यक्तियों की मौत हो गई है। भूकंप के कारण इन दोनों का घर पूरी तरह से टूट चुका था, जिसके कारण ये लोग तिरपाल में रह रहे थे। गिरी ने बताया कि दोनों बुजुर्गों को दमे की शिकायत थी और करीब 15 दिन से ठंड में रहने के कारण उनकी मौत हो गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधि बद्री पंत ने कहा कि अत्यधिक ठंड के कारण दोनों की मौत होने की पुष्टि डॉक्टरों ने की है।

# कुलगाम मुठभेड़ में पांच आतंकवादी ढेर, हथियार व गोलाबारूद बरामद



**कुलगाम ( हि.स. )।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दूसरे दिन शुक्रवार को पांच आतंकियों को मार गिराया है। सुरक्षाबलों का अभियान अभी अंतिम चरण में है। मुठभेड़ स्थल से हथियार व गोला-बारूद बरामद किया गया है। मारे गए आतंकियों की पहचान के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। कुलगाम जिले के समनू गांव में गुरुवार दोपहर मुठभेड़ शुरू हुई थी। पुलिस, सेना की 34 आरआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने विशेष सूचना पर कुलगाम के समनू गांव की घेराबंदी और अभियान शुरू किया था। इस दौरान दोनों ओर से गोलीबारी हुई। रात में अंधेरे के कारण अभियान को रोक दिया गया, लेकिन इस दौरान सुरक्षाबलों ने आतंकियों की घेराबंदी और सख्त कर दी। सुबह होते ही सुरक्षाबलों ने एक बार फिर क्षेत्र में अपना अभियान शुरू किया। इस दौरान एक बार फिर शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने अभी तक पांच आतंकियों को मार गिराया है, लेकिन फिलहाल मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हो पाई है। क्षेत्र में सुरक्षाबलों का अभियान फिलहाल जारी है। कुलगाम मुठभेड़ में 5 आतंकवादियों के मारे जाने पर आईजीपी कश्मीर विधि कुमार बिरदी का कहना है कि सुरक्षा बलों को कुलगाम में कुछ आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। तलाशी अभियान के दौरान एक आतंकवादी ने एक घर से गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ हुई। अब तक लश्कर-ए-तैयबा के 5 आतंकवादी मारे गए हैं और कुछ शव देखे गए हैं। ऑपरेशन अपने अंतिम चरण में है और इलाके को सैनिटाइज किया जा रहा है।

## नशा मुक्ति केंद्र में शिलांग के एक युवक ने की आत्महत्या

**गोलाघाट ( हिंस )।** गोलाघाट के चंदन नगर स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में शिलांग के एक युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आज बताया कि गॉड ग्रेस फाउंडेशन नामक इस केंद्र में आत्महत्या करने वाले युवक की पहचान हरबर्ट रेनगाइज लिंगदोह (26) के रूप में हुई है। स्नानघर में युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। मजिस्ट्रेट के साथ गोलाघाट पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

## कामाख्या मंदिर परिसर में लगी आग में कई दुकानें जलकर राख

**गुवाहाटी ( हिंस )।** कामाख्या मंदिर परिसर में बीती देर रात लगी आग में कई दुकानें जलकर राख हो गई। पुलिस ने आज बताया कि यह आग वीआईपी पार्किंग के समीप लगी। आग लगने के करण के बारे में अब तक जानकारी नहीं मिल सकी है। ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी होगी। आग लगने की सूचना पाकर पहुंचे अग्निशमन दस्ते ने हालांकि, आग पर काबू पा लिया। तब तक कई दुकानें जल चुकी थी।

# आईटीएलएफ की *स्वशासन* की घोषणा गैरकानूनी : मणिपुर सरकार

**इंफाल ( हिंस )।** इंडिजिनस ट्राइबल फोरम (आईटीएलएफ) द्वारा मणिपुर के कुछ जिलों में *स्वशासन* की घोषणा को सरकार ने गैरकानूनी बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। राज्य सरकार ने कहा है कि इस तरह के बयान का कोई कानूनी या संवैधानिक आधार नहीं है। शिक्षा मंत्री बसंत कुमार थौनाओजम ने घोषणा की है कि आईटीएलएफ एक विवादास्पद घोषणा से जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री थौनाओजाम ने आईटीएलएफ के *स्वशासन* के दावे की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि इससे राज्य की कानून और व्यवस्था बाधित होगी। उन्होंने कहा कि यह गैरजिम्मेदाराना बयान राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति को खराब करने के उद्देश्य से प्रेरित है। सत्तारूढ़ विधायकों की बुलाई गई आपात बैठक में आईटीएलएफ की घोषणा की निंदा की गई। मंत्री ने खुलासा किया कि आईटीएलएफ और विवादास्पद बयान में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि आईटीएलएफ ने 15 नवंबर को उन जिलों में *स्वशासन* की घोषणा की थी, जहां कुकी समुदाय के लोग रहते हैं। इस घोषणा ने विवाद पैदा कर दिया है और क्षेत्र में स्थिरता पैदा कर दिया है।

## धींग में युवती की हत्या कर उसे सड़क पर फेंका

**नगांव ( हिंस )।** धींग में बदमाशों ने एक युवती की हत्या कर उसे सड़क पर फेंक दिया। शुक्रवार सुबह युवती का शव बरामद किया गया। धूपगुड़ी कॉलोनी झुग्गी बस्ती में बरामद युवती की पहचान अभी नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों को संदेह है कि लड़की के साथ बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। युवती के शरीर पर जख्म के कई निशान हैं। धींग पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत अरुणाचल पहुंचे विनीत माथुर



**इटानगर ( हिंस )।** भारत सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग के संयुक्त सचिव विनीत माथुर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत 2 दिवसीय अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट सियांग जिला का दौरा किया। पहले दिन उन्होंने जिर्डिन क्षेत्र का दौरा किया और आज दूसरे दिन उन्होंने दोजी जेको, यमको बागरा और अंगू गांव के ग्रामीणों के साथ बातचीत की और विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी ग्रामीणों से राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। पूसी बांगो में उन्होंने संतरे और अन्नास के बागानों और प्रधान मंत्री आवाज योजना के लाभार्थियों से मुलाकात करते हुए ग्रामीण किसानों की सराहना की। बातचीत के दौरान उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई सभी योजनाओं का लाभ उठाकर सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया।

## पुत्र ने की अपने पिता की हत्या

**शोणितपुर ( हिंस )।** जिले में असम-अरुणाचल सीमा पर स्थित कैलाजुली में एक व्यक्ति ने अपने पिता की हत्या कर दी। लोमहर्षक घटना चारदुआर थानाक्षेत्र के कैलाजुली के उत्तरी मनसिरी में हुई। पुलिस ने आज बताया कि यह घटना पारिवारिक विवाद के कारण हुई। मृतक पिता की पहचान रितुमल बोड़ो और पुत्र की पहचान दैमालू बोड़ो के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रितुमल बोड़ो अपनी पत्नी पर चाकू लेकर दौड़ा था। दैमालू बोड़ो ने पिता को दाव से काट दिया।

# पृष्ठ एक का शेष

### मानवाधिकार आयोग ने ...

इम्फाल से जोड़ने के लिए सुरंगों और रेलवे पटरियों के निर्माण की एक परियोजना को क्रियान्वित करते समय पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की लापरवाही के कारण 57 व्यक्तियों की मौत, 18 घायल और चार व्यक्ति लापता हो गए; मणिपुर के चुराचांदपुर में जिला अस्पताल की खराब स्थिति और मणिपुर में हिंसा की घटनाओं के संबंध में शिकायतें भी शामिल हैं। बैठक में एक और मामला सुना गया। वह मामला चांगलांग जिले के 108 चकमा और हाजोंग परिवारों को मुआवजा देने में अरुणाचल प्रदेश की ओर से कथित विफलता के साथ-साथ नामसाई से मियाओ तक 132 केवी टी/एल के निर्माण परियोजना से प्रभावित हुए हैं। उस परियोजना के टावर/स्तंभ के निर्माण और केंद्र सरकार के निर्देश/मंजूरी के बावजूद बुढ़ी दिहिंग नदी द्वारा तिनसुकिया जिले के दो गांवों के कटाव के दौरान अर्जित भूमि और परिसंपत्तियों को हुए अन्य नुकसान के भुगतान भी शामिल है। मामलों की सुनवाई के बाद, आयोग ने गैर सरकारी संगठनों और मानवाधिकार रक्षकों (एचआरडी) से बातचीत की, जिन्होंने मानवाधिकार उल्लंघन से संबंधित कई मुद्दे उठाए। आयोग ने पूर्वोत्तर राज्यों में गैर सरकारी संगठनों और एचआरडी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उन्हें बिना किसी भय या पक्षपात के ऐसा करना जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। बातचीत इस अवलोकन के साथ समाप्त हुई कि एनआरएचसी के साथ गैर सरकारी संगठनों, एचआरडी की निरंतर साझेदारी देश में मानवाधिकार व्यवस्था को मजबूत करने में काफी मदद करेगी। उन्हें बताया गया कि वे मानवाधिकार उल्लंघन की शिकायत hrcnet.nic.in के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं। आयोग ने राज्यों के मुख्य सचिवों/डीजीपी के साथ भी बैठक की और अधिकारियों से मानसिक स्वास्थ्य, पुलिस मुठभेड़, बंधुआ मजदूरी, भोजन और सुरक्षा का अधिकार जैसे विभिन्न मुद्दों पर आयोग द्वारा जारी सलाह पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। नेत्र संबंधी आघात, न्यायिक और पुलिस हिरासत में आत्महत्याओं की रोकथाम, हाथ से मैला ढोने की प्रथा, आदि था। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे आयोग के समक्ष लंबित मामलों में रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें और विशेष रूप से अनुपालन रिपोर्ट, जिसमें आयोग व्यक्तियों के मानवाधिकारों के उल्लंघन के कथित और सिद्ध मामलों में सिफारिश करता है। आयोग ने राज्य सरकारों से राज्य मानवाधिकार आयोगों (एसएचआरसी) में बुनियादी ढांचे में सुधार करने और एसएचआरसी के सुचारू कामकाज के लिए प्राथमिकता के आधार पर रिक्त पदों को भरने के लिए कहा। एनएचआरसी विशेष रूप से जमीनी स्तर पर मानवाधिकार मुद्दों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। शिविर बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य के अधिकारियों को मानवाधिकारों के बारे में संवेदनशील बनाना और गैर सरकारी संगठनों और मानव संसाधन विकास के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करना था।

### विस चुनाव : छत्तीसगढ़...

प्रदेश में 5000 महिला प्रबंधित मतदान केंद्र, लगभग 200 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केंद्र और लगभग 15000 मॉडल मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। छत्तीसगढ़ चुनाव के दूसरे चरण में लगभग 700 महिला प्रबंधित मतदान केंद्र, लगभग 70 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केंद्र और लगभग 350 मॉडल मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में आदिवासियों के लिए विशेष थीम आधारित मतदान केंद्र भी बनाए गए। जनजातीय समुदायों के बीच मतदान को सुविधाजनक बनाने के लिए चुनाव आयोग ने ठोस प्रयास किए थे। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में रहने वाले विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के बीच शत प्रतिशत नामांकन हासिल किया गया। इन समुदाय से संबंधित 7.52 लाख से अधिक मतदाता हैं, अर्थात् छत्तीसगढ़ में कमार, भुंजिया, बैगा, पहाड़ी कोरवा, अबुझमाडिया, बिरहोर और मध्य प्रदेश में सहरिया, भारिया और बैगा मतदाता के रूप में पंजीकृत थे। इन समुदायों के आदिवासी लोकतंत्र के उत्सव में भाग लेने के लिए उत्साहित थे, क्योंकि आदिवासी जीवन शैली पर आधारित मतदान केंद्र समुदाय के सदस्यों को मतदान केंद्र पर आने और मतदान करने के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करते थे। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए प्रात: 7 से शाम 6 बजे तक मतदान चला। नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले की 3 विधानसभा बैहर, लांजी और परसवाड़ा तथा मंडला के 55 और डिंडोरी के 40 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से अपराह्न 3 बजे तक वोटिंग हुई। प्रदेश के कुल 230 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 2533 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें 2280 पुरुष, 252 महिला और 1 थर्ड जेंडर अभ्यर्थी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ की 70 विधानसभाओं में मतदान सुबह 8 बजे से पांच बजे तक चला। इस चरण में 958 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

### गरियाबंद में नक्ससलियों ...

जिले के नक्सल प्रभावित बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नौ मतदान केंद्रों पर तीन बजे मतदान समाप्त हो गया। यहां पर 91 फीसद मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। बता दें कि छत्तीसगढ़ की 70 विधानसभा सीटों के लिए मतदान संपन्न हो गया। छत्तीसगढ़ में शाम पांच बजे तक 67.34 फीसद मतदान हुआ।

### राजस्थान में सरकार...

ज्यादा पेट्रोल की कीमतें राजस्थान की जनता से ही वसूली जा रही है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राजस्थान की गरीब जनता से प्रति लीटर 10 रुपए ज्यादा पेट्रोल पर अशोक गहलोत वसूलकर अपनी जेबें भर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के बड़ी संख्या में लोग असम में रह रहे हैं। सभी खुशहाल हैं। उन्होंने लोगों को असम आकर मां कामाख्या का दर्शन करने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने आज राजस्थान में कई चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

### चार दिवसीय छठ ...

के साथ वातावरण भक्ति में लीन है। इस बार के छठ में बेगूसराय में सामाजिक समरसता का शानदार उदाहरण देखने को मिल रहा है। हिंदू धर्मावलंबियों के इस महापर्व में मुस्लिम समुदाय के लोग विभिन्न सामग्री बेचते रहे हैं। लेकिन इस बार सबसे बड़ी बात है कि कई मुस्लिम महिला सूर्य देव और छठी मैया के अपना आराध्य मानते हुए छठ व्रत कर रही है। जेल में भी छठ गीतों के धूम के साथ व्रत की तैयारी चल रही है। सभी व्रती द्वारा गाए जा रहे लोकगीत से जेल का वातावरण भक्तिमय हो गया है। जेल सुपरिटेंडेंट ने बताया कि जेल में 15 महिला एवं 24 पुरुष कैदी छठ कर रहे हैं। सभी 39 व्रतियों को नया कपड़ा एवं पूजा सामग्री मुहैया कराया गया है। इनके साथ रह रहे बच्चों को भी नया कपड़ा उपलब्ध कराया गया है। अर्घ्य देने के लिए तालाब और सुचिता के विशेष बंदोबस्त किए गए हैं। लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार को सभी व्रती दिन भर निराहार रहकर देर शाम में खरना करेंगे। रविवार को सूर्यास्त के समय अस्ताचलगामी सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाएगा तथा सोमवार को सूर्योदय के समय उदयाचल गामी सूर्य को अर्घ्य देकर महापर्व का समापन होगा। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने महापर्व को लेकर बधाई देते हुए देश के उन्नति की कामना किया है। उन्होंने कहा है कि आज नहाय-खाय के साथ महापर्व छठ शुरू हो गया है। सभी श्रद्धालुओं को प्रणाम एवं शुभकामनाएं, जय छठी मैया। इधर, नहाय-खाय को लेकर बेगूसराय के तमाम गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है, जबकि बाजारों में भारी भीड़ लग गई है। दुकानदारों ने भी पर्व की सुचिता को लेकर विशेष बंदोबस्त किए हैं।

### मप्र में वोटिंग के ...

भिंड में भी हिंसा हुई। जिले के मेहगांव विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी पर हमला किया गया। मानहड़ गांव में भाजपा प्रत्याशी राकेश शुक्ला पर उपद्रवियों ने पथराव कर दिया है, जिसमें वह घायल हो गए। उनके वाहन को भी नुकसान हुआ है। सुरक्षाकर्मियों को हवाई फायर कर उन्हें निकालकर लाना पड़ा। इसी गांव में पोलिंग बूथ पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में टकराव हो गया। एक युवक गोली लगने से घायल हो गया जो वोट डालने गया था। युवक का आरोप है कि खुद कांग्रेस प्रत्याशी राहुल सिंह भदौरिया ने फायरिंग की थी जिसकी गोली उसके पैर में लगी। युवक का नाम कृष्णा भदौरिया बताया जा रहा है। घटना के बाद युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। छतरपुर जिले के राजनगर विधानसभा सीट पर भी तड़के खूनी वारदात हुई। खजुराहो थाना क्षेत्र में रात करीब 3 बजे में दो राजनीतिक दल के समर्थक आमने-सामने आ गए, जिसमें एक मुस्लिम पार्षद की मौत हो गई। एसपी अमित सांघवी ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि सलमान नाम के युवक की मौत हो गई है। दूसरे राजनीतिक दल का आरोप है कि उसकी मौत उस पर गाड़ी चढ़ा देने से हुई है। पोस्टमॉर्टम जिला अस्पताल में कराया गया है। मृतक पक्ष की ओर से आवदेन दिया गया है। पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### जुंटा विरोधी समूह ...

अंतर्राष्ट्रीय सीमा से कुछ किलोमीटर दूर चिन राज्य के तुईबुल में अपने शिविर से भाग गए। असम राइफल्स के एक अधिकारी ने कहा कि इन 29 म्यांमार सैनिकों को अभी भी उनके देश वापस नहीं भेजा गया है। एक अधिकारी ने कहा कि कुल 45 सैनिक, जो पड़ोसी देश के चिन राज्य में दो सैन्य ठिकानों पर पीडीएफ के कब्जे के बाद मिजोरम भाग गए थे, उन्हें मंगलवार को म्यांमार की सैन्य सरकार को सौंप दिया गया। भारत ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास म्यांमार की सेना और जुंटा विरोधी समूहों के बीच लड़ाई को रोकने का आह्वान किया है। दरअसल, इस झड़प के कारण मिजोरम में म्यांमार के लोगों की आमद बढ़ गई है। फरवरी 2021 में सेना द्वारा तख्तापलट कर सत्ता पर कब्जा करने के बाद से म्यांमार में लोकतंत्र की बहाली की मांग को लेकर व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। म्यांमार की सेना अपने विरोधियों और सत्तारूढ़ शासन के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष में शामिल लोगों के खिलाफ हवाई हमले कर रही है। म्यांमार भारत के रणनीतिक पड़ोसियों में से एक है और नागालैंड और मणिपुर सहित कई पूर्वोत्तर राज्यों के साथ 1,640 किलोमीटर की सीमा साझा करता है। म्यांमार सैन्य शासन द्वारा पड़ोसी देश में तख्तापलट करने के बाद फरवरी 2021 से 31,000 से अधिक म्यांमार नागरिकों ने मिजोरम में शरण ली है।

### राष्ट्रीय खेलों के...

विजेताओं को 50 हजार रुपए, रजत पदक विजेताओं को 40 हजार रुपए और कांस्य पदक विजेताओं को 30 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इससे पहले सितंबर 2022 में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा था कि अगर असम का कोई भी खिलाड़ी राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण, कांस्य या रजत जीतता है, तो हमारी सरकार तुरंत उसे शिक्षा के आधार पर नौकरी की पेशकश करेगी।

### उत्तर 24 परगना ...

गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। बता दें कि नॉर्थ 24 परगना के पड़ोसी जिले दक्षिण 24 परगना में भी हिंसा हुई थी। दक्षिण 24 परगना के जॉयनगर में एक अन्य टीएमसी पंचायत सदस्य की हत्या के तीन दिन बाद रूपचंद मंडल की हत्या कर दी गई। अधिकारी ने कहा कि कामदेवपुर हाट में हत्या के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसका नाम मृतक के परिवार द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में है। तीन अन्य को हिरासत में लिया गया है। मंडल की मौत की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों और इलाके के टीएमसी समर्थकों ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-34 को अवरुद्ध कर दिया। बैरकपुर के भाजपा सांसद अर्जुन सिंह ने क्षेत्र का दौरा किया और क्षेत्र में अशांति फैलाने के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि यह एक सुनियोजित हत्या लगती है। पुलिस को अपराधियों का पता लगाना चाहिए। पिछले सप्ताह दक्षिण 24 परगना जिले के जॉयनगर इलाके में टीएमसी पंचायत नेता सैफुद्दीन लस्कर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। टीएमसी प्रवक्ता जॉयप्रकाश मजूमदार ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा और सीपीआई (एम) अगले साल लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल के ग्रामीण इलाकों में आतंक का राज कायम कर रही हैं। जॉयप्रकाश मजूमदार ने कहा कि वे चुनाव से पहले टीएमसी की ताकत को कम करने के एकमात्र उद्देश्य से हमारे लोकप्रिय नेताओं को निशाना बना रहे हैं। विपक्ष का गेमप्लान सफल नहीं होगा। दूसरी तरफ भाजपा नेता दिलीप घोष ने दावा किया कि हत्या में सत्तारूढ़ टीएमसी के दो गुट शामिल थे।

### नूंह में फिर से ...

हिंदू शामिल हैं, ने घटना के विरोध में शुक्रवार को दुकानें और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान नहीं खोले और पथराव करने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने कहा कि जुलूस *कुआं पूजन* (कुआं पूजन) समारोह का हिस्सा था, जिसका आयोजन स्थानीय निवासी राम अवतार और उनके परिवार ने किया था। जब यह घटना घटी तब अवतार का परिवार और रिश्तेदार पास के शिव मंदिर जाने के लिए अपने घर से बाहर निकले थे। पुलिस ने कहा कि जब लगभग 20 लोगों का समूह इलाके में एक स्थानीय मदरसे से गुजर रहा था, तो संदिग्धों, मुख्य रूप से नाबालिगों ने उन पर कथित तौर पर पथराव किया। रात के ठीक 8 बजे थे। जुलूस में अफरा-तफरी मच गई क्योंकि प्रतिभागियों ने आश्रय की तलाश की, लेकिन इससे पहले कम से कम तीन लोग घायल हो गए। जांचकर्ताओं ने बताया कि तीनों घायल महिलाओं को इलाज के लिए नूंह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

### इजराइल-हमास युद्ध ...

दिया। प्रधानमंत्री ने संघर्ष समाधान की आधारशिला के रूप में संयम बरतने और बातचीत को प्राथमिकता देने के महत्व को रेखांकित किया। पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी देख रहे हैं कि पश्चिम एशिया क्षेत्र की घटनाओं से नई चुनौतियां सामने आ रही हैं। भारत ने 7 अक्तूबर को इजरायल में हुए आतंकी हमले की निंदा की है। हमने भी संयम बरता है। हमने बातचीत और कूटनीति पर जोर दिया है। हम इजरायल और हमास के बीच संघर्ष में नागरिकों की मौत की भी कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात करने के बाद, हमने फलस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भी भेजी है। यही समय है, जब ग्लोबल साउथ के देशों को व्यापक वैश्विक भलाई के लिए एकजुट होना चाहिए। ग्लोबल साउथ, मुख्य रूप से एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में दक्षिणी गोलार्ध में स्थित देशों के एक समूह को संदर्भित करता है। हालांकि, इन देशों की विशेषताएं समान नहीं हैं, फिर भी वे अक्सर गरीबी, असमानता और संसाधनों तक सीमित पहुंच जैसी आम चुनौतियों से जूझते हैं। 7 अक्तूबर को फलस्तीनी समूह हमास द्वारा अचानक किए गए हमले के बाद 1,200 से अधिक इजरायली मारे गए, जिसमें ज्यादातर नागरिक मारे गए थे। इसके जवाबी कार्रवाई में, इजरायल ने गाजा पट्टी पर हवाई हमले किए, जिसमें 11,000 से अधिक लोग मारे गए। इतना ही नहीं, जंग अभी भी जारी है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि अभी मरने वालों का आंकड़ा और भी अधिक हो सकता है।

### राज्य के दो ...

कक्षा 12 की परीक्षा की देखरेख करता है। *स्कूली शिक्षा के मानकों और गुणवत्ता के विकास, विनियमन और पर्यवेक्षण* के उद्देश्य से, कैबिनेट ने लंबे समय से चली आ रही संस्थाओं के विलय का निर्णय लिया। विलय में असम राज्य स्कूल शिक्षा बोर्ड (एएसएसईबी) नामक एक नई इकाई स्थापित करने के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, असम (सेबा), और असम उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद (एएचएसईसी) का संयोजन शामिल होगा। इस साल मार्च में, सामान्य विज्ञान और असमिया के प्रश्नपत्र लीक होने की सूचना मिली थी, इसके अलावा कुछ अन्य विषयों के प्रश्नपत्र लीक होने के भी दावे किए गए थे। इस घटना के कारण, सेबा को सामान्य विज्ञान और आधुनिक भारतीय भाषाओं (एमआईएल) के सभी विषयों की परीक्षाओं को पुनर्निर्धारित करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसमें असमिया और अंग्रेजी शामिल थीं। एक सेवानिवृत्त शिक्षक ने कहा कि इन परिवर्तनों का उद्देश्य छात्र-शिक्षक अनुपात को बनाए रखना और शिक्षा क्षेत्र में जनशक्ति का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करना था। यह एक अच्छा निर्णय है। दोनों बोर्डों के विलय से असम के शिक्षा क्षेत्र में क्रांति आएगी।



# यूनाइटेड अपोजिशन फोरम की बैठक दिसपुर में आयोजित

**गुवाहाटी ( हिंस )।** दिसपुर के होटल बराक रेजीडेंसी में आज कांग्रेस नेतृत्व वाली यूनाइटेड अपोजिशन फोरम (संयुक्त विपक्षी मंच) की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में हाल ही में हुई पिछली बैठक में उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में असम तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष रिपुन बोरा ने सामान्य न्यूनतम मुद्दों के बारे में जानकारी दी, जिन्हें फोरम 2024 के लोकसभा चुनाव में उठा सकता है। इसपर सदस्यों के सुझाव भी स्वीकार किए गए। वहीं, रकीबुल हुसैन, उप नेता, सीएलपी ने सदस्यों को आरोप पत्र में शामिल



किए जाने वाले विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर जानकारी दी। राज्यसभा सांसद अजीत भुइयां ने आरोप पत्र के लिए कुछ और महत्वपूर्ण बिंदु भी जोड़े। फोरम के सदस्यों ने हाल ही में मीडिया में आए कई मुद्दों पर भी चर्चा की और फोरम को प्रभावित करने वाले मुद्दों के पक्ष और विपक्ष पर चर्चा की। सभी सदस्यों ने मीडिया से बात करते समय संयम बरतने पर जोर दिया ताकि इसका असर मंच के सदस्यों की एकता पर न पड़े। मंच की अगली बैठक 30 नवंबर को डिब्रूगढ़ में होना तय हुआ। उसके बाद एक दिसंबर को एक सार्वजनिक रैली होगी। बैठक में एपीसीसी अध्यक्ष भूपेन बोरा, असम तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष रिपुन बोरा, आप के राज्य समन्वयक डॉ. भाबेन चौधरी, एनसीपी के जतींद्र नाथ बरदलै, सीपीआई के कंस्क गोगोई, सीपीआई (एम) के सुप्रकाश तालुकदार, एपीएचएलसी के बिक्रम हांसे, सीपीआई (एमएल) के पंकज कुमार दास, एआईएफबी के मिहिर नंदी, शिवसेना (यूबीटी) के रामनारायण सिंह और कांग्रेस के बेदब्रत बोरा शामिल हुए।

## गोलीबारी में अपराधी और कांस्टेबल घायल

**गोलाघाट ( हिंस )।** जिले के बोकाखात में पुलिस मुठभेड़ में बाबू सैकिया नामक एक कुख्यात अपराधी आज घायल हो गया। उल्लेखनीय के बाबू सैकिया ने गुरुवार की शाम बोकाखात के लताबाड़ी में उदय चांगमाई नामक एक शिक्षक को गोली मारकर उनकी बाइक और नगद रुपए छीन लिया था। गुप्त सूचना के आधार पर आज पुलिस बोकाखात के अगराताली गांव में उसे गिरफ्तार करने पहुंची। पुलिस को देखकर उसने गोली चलाई। उसने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने के चेष्टा की। इस फायरिंग में अजय नाथ नामक एक पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया। पुलिस द्वारा की गई जवाबी गोलीबारी में अपराधी बाबू सैकिया उर्फ नोमल घायल हो गया। कल शिक्षक पर जिस बंदूक से गोली चलाई गई थी, उसे भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

# राज्यपाल कटारिया ने *नॉर्थ ईस्ट ऑन व्हील्स* को दिखाई हरी झंडी

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने आज राजभवन में अमेजिंग नमस्ते फाउंडेशन द्वारा आयोजित नॉर्थ ईस्ट ऑन व्हील्स बाइक अभियान के सीजन-2 को हरी झंडी दिखाई। देश के विभिन्न हिस्सों से कुल 45 बाइकर्स ने *नॉर्थ ईस्ट ऑन व्हील्स* नामक अभियान में भाग लिया है। वे तीन पूर्वोत्तर राज्यों असम, मेघालय और नगालैंड के लगभग 20 जिलों से गुजरते हुए *फाल्कन* और *मैना* नामक दो समूहों में 40 हजार किमी की यात्रा पूरी करेंगे। यह अभियान पर्यटन मंत्रालय की *देखो अपना देश* पहल को बढ़ावा देगा। राइडर्स सड़क सुरक्षा का संदेश भी देंगे। इस अवसर पर बोलते हुए, राज्यपाल कटारिया ने कहा कि देश का उत्तर-पूर्वी क्षेत्र कई आदिवासी समूहों के साथ बहुत सुंदर और विविधता से भरा है। इनमें से अधिकांश समुदायों की भाषा, बोली और संस्कृति भी अलग-अलग है। मतभेदों के बावजूद यहां लोग एक साथ रहते हैं, जो विविधता में एकता की भावना का प्रतीक है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि यह कार्यक्रम *एक भारत, श्रेष्ठ भारत* के उद्देश्य को पूरा करने में भी मदद करेगा।



यह पहल देश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले लोगों को जोड़ेगी जिससे देश में एकता का बंधन मजबूत होगा। राज्यपाल ने अमेजिंग नमस्ते फाउंडेशन की सराहना की और उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना की। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि अपने अभियान के दौरान वे उत्तर पूर्व के लोगों की गर्मजोशी और क्षेत्र की अनूठी सुंदरता और संस्कृति का अनुभव करेंगे और उसकी सराहना करेंगे।

## प्रदेश भाजपा ने असम सरकार के फैसले का किया स्वागत

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा नेतृत्व वाली राज्य सरकार असम राज्य शिक्षा बोर्ड और असम उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद को समाप्त करने और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के गठन के फैसले का प्रदेश भाजपा ने स्वागत किया है। पार्टी अध्यक्ष भवेश कलिता ने आज सरकार के इस तरह के कदम को ऐतिहासिक करार दिया है। उन्होंने कहा कि असम सरकार ने नई शिक्षा नीति के आधार पर यह कदम उठाया है। जिससे आने वाले दिनों में, छात्रों का शैक्षिक मूल्य निर्धारण, निगरानी आदि सभी क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे राज्य के शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आने की उम्मीद है।

# सेना की पूर्वी कमान का राइजिंग सन वॉटर फेस्टिवल शुरू

**गुवाहाटी ( हिंस )।** सेना की पूर्वी कमान ने तीन दिवसीय राइजिंग सन वॉटर फेस्टिवल-रीविजिटिंग सरायघाट की आज शुरुआत की। यह एक ऐसा कार्यक्रम जिसमें असम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सुंदरता को एक साथ लाया गया है। इस दौरान ऐतिहासिक सरायघाट लड़ाई के वीरों को भी श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही जल क्रीड़ा को भी बढ़ावा देने की कोशिश की गई। असम में अपनी सांस्कृतिक विविधता और प्राकृतिक सुंदरता की ऐतिहासिक परंपरा है और यह जल क्रीड़ा महोत्सव इन्हीं विशेषताओं का जश्न मनाता है। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। जो न केवल समुदाय को एक साथ लाता है, बल्कि राज्य सरकार के निकाय और सशस्त्र बल सभी के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बनाते हैं। जल क्रीड़ा उत्सव धीरे-धीरे एक प्रसिद्ध परंपरा बनता जा रहा है, जो दूर-दूर से जल क्रीड़ा प्रेमियों, स्थानीय समुदायों और खेल प्रेमियों को आकर्षित कर रहा है। जल क्रीड़ा उत्सव का यह संस्करण विशेष है, क्योंकि इसमें सैनिक वीरतापूर्ण सरायघाट युद्ध को श्रद्धांजलि देते हैं, जो 1671 का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक क्षण था। जब लाचित बरफूकन के नेतृत्व में बहादुर आहोम सेना ने ब्रह्मपुत्र किनारे मुगलों पर विजय प्राप्त की थी। यह असम के अतीत के लचीलेपन और वीरता के लिए एक उपयुक्त श्रद्धांजलि है। इन तीन दिनों के दौरान, जल क्रीड़ा महोत्सव के दौरान पारंपरिक संगीत, नृत्य और कला के माध्यम से असम की समृद्ध सांस्कृतिक टेपेस्ट्री का प्रदर्शन किया जाएगा। जहां दर्शक क्षेत्र की रंगीन और विविध विरासत में डूब सकते हैं। यह आयोजन केवल खेलों के बारे में ही नहीं है, यह हमारे युवाओं को जल खेलों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए प्रतिस्पर्धा, समावेशिता और उत्कृष्टता की खोज की भावना का जश्न मनाने को प्रेरित करता है। यह युवा एथलीटों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और युवाओं के लिए जल खेलों को करियर और सक्रिय जीवन शैली के रूप में अपनाने का एक अनूठा अवसर है। जैसे ही हम इस अविश्वसनीय यात्रा पर आगे बढ़ रहे हैं, हम सेना की पूर्वी कमान की हार्दिक सराहना करते हैं।

## नोखा नागरिक परिषद का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**गुवाहाटी ( विभास )।** नोखा नागरिक परिषद का दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम स्थानीय आठगांव स्थित माहेश्वरी भवन में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में अध्यक्ष कमल बैद मंत्री उमाशंकर गट्टानी निवर्तमान वर्तमान अध्यक्ष निर्मल पींचा उपाध्यक्ष भंवरलाल डागा सुंदरलाल पिंचा कार्यक्रम संयोजक विकास कुमार पींचा महिला संयोजक मनीषा पींचा रेखा दम्माणी दीप प्रज्ववल कर के कार्यक्रम की विधिवत शुरवात किए कार्यक्रम में भगवान महेश के वंदना के साथ शुरुआत की गई थी उसके साथ ही बच्चों के द्वारा बहुत ही शानदार तरीके से सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया था जिसमें दीपावली की थीम थी भगवान राम का वनवास से लेकर भगवान राम को वापस ग्रह नगर अयोध्या में प्रवेश तक का कार्यक्रम था शानदार कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ बच्चो के मनमोहक नृत्य का महो लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी परिषद के सदस्यों इस कार्यक्रम की सराहना की उसके बाद नोखा नागरिक परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवम मंत्री को सम्मानित किया गया था जिसमें निर्मल गोलछा, भगवान दास दमानी, अशोक लुणावत, जीवराज पींचा, कन्यालाल पींचा, पवन कुमार चांडक, हंसराज बुच्चा महावीर चांडक राकेश पींचा, मुकेश गोलछा, सुशील रांकावत को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष कमल वैद ने स्वागत भाषण में नोखा नागरिक परिषद की समस्त गतिविधियों को बताया। वहीं आने वाला कार्यक्रम की चर्चा की मंत्री उमाशंकर गट्टानी ने धन्यवाद भाषण दिया कार्यक्रम में जुगल किशोर लोहिया, मुल्तानचंद चांडक, रमेश बैद, दिलीप छाजेड़, मनोज बैद, नरेश पिंचा ताराचंद दुग्गड़, प्रतिम डागा, प्रकाश पींचा सहित नारी शक्ति सहित काफी संख्या में प्रवासी बंधु उपस्थित थे।

# बंगाईगांव में भूमि पूजन के साथ तीन दिवसीय श्री सालासर हनुमानजी उत्सव की तैयारियों में जुटे श्रद्धालु

**बंगाईगांव।** बंगाईगांव में आगामी 24, 25 एवं 26 नवंबर को आयोजित होने वाले श्री सालासर हनुमानजी के विशाल उत्सव मनाने के लिए गत शुक्रवार को अरूणजी महेश्वरी के निर्माणाधीन परिसर में यज्ञशाला निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। यह भूमि पूजन पंडित गिरजा प्रसाद ने अरुण माहेश्वरी एवं श्रीमती अरूणा महेश्वरी के हाथों से करवाया। भूमि पूजन के दौरान समाज के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे जिनमें संपत सिंधी, अरुण माहेश्वरी, मनोज सिंधी, बांकेलाल शर्मा, विनोद अग्रवाल, सुशील भंसाली, महेश कुमार अग्रवाल, सुरेश देशवाल, सुनील सिंधी, उमेद बांठिया, अनिल सिंधी, मनीष लखोटिया, अभिषेक महेश्वरी, आनंद शर्मा, निर्मल देशवाल, सुनील शर्मा, जीतू



धारीवाल, श्रीमती कंचन महेश्वरी आदि प्रमुख थे। ज्ञात हो कि गत तेरह वर्षों से श्री सालासर हनुमान सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्री सालासर हनुमान जी का विशाल उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष यह कार्यक्रम 24, 25 एवं 26 नवंबर को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। इन कार्यक्रमों में विशाल शोभा यात्रा, श्री सुंदरकांड परिवार, तिनसुकिया द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ, भास्कर एंड पार्टी, कोलकाता द्वारा नृत्य नाटिका, अखंड रामायण एवं अष्टप्रहर, हनुमान चालीसा पाठ, गुरु सुकमणी साहेब का पाठ, रुद्राभिषेक, बाबा की सवामणी एवं छप्पन भोग, श्री सालासर भक्त मंडल, श्री हनुमान घाटा भक्त मंडल, सुभाष पारीक, गुवाहाटी राजस्थान से गायक कलाकार नवरतन पारीक के साथ बंगाईगांव के नवीन अग्रवाल, श्रीमती वसुधा कोठारी, आनंद शर्मा द्वारा भजनों की अमृत वर्षा आदि शामिल है। श्री सालासर हनुमान उत्सव परिचालन समिति के अध्यक्ष जुगल अग्रवाल एवं भार प्राप्त सचिव विशाल शर्मा तथा श्री सालासर हनुमान सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक संपत सिंधी एवं ट्रस्टी श्री मनोज सिंघी ने सभी भक्तों से उत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है ।

## सीमा पर दो वाहनों से अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार



**विश्वनाथ ( विभास )।** आज सतिया पुलिस को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर असम-अरुणाचल सीमा पर डेलाइश्री में दो वाहनों (ऑल्टो एएस12 एएफ 7383 और स्कोर्पिओ एएस 12 एबी 5229) से अवेध शराब जब्त की गई। अरुणाचल प्रदेश के सिजुसा से डेलाइश्री तक 50 कार्टन अवैध अरुणाचल शराब की तस्करी की जा रही थी और तभी सतिया पुलिस ने तीन शराब तस्कर जितेन राभा, पालेखान अली और राजा खागलारी को गिरफ्तार कर सभी से पूछताछ कर रही है।

# छठ पर्व की तैयारियां लगभग पूरी

**नगांव ( निसं )।** सूर्य उपासना के महापर्व छठ का आज नहाय-खाय से व्रत समग्र देश के साथ नगांव शहर में भी आरंभ हो गया। उल्लेखनीय है कि छठ पर्व दो दिन के बाद घरो से निकलकर विशेष कर घाटो पर मनाया जाता है। इसलिए घाटों पर छठ पर्व की तैयारिया जोरो से चल रही है। जो शनिवार तक पूजा के लिए शहर के विभिन्न घाट सज के तैयार हो जाएंगे और रविवार को अस्ताचल गामी भगवान भास्कर को अर्घ्य और सोमवार को उदीयमान भुवन भास्कर को अर्घ्य दिया जाएगा। इस बीच शनिवार को खरना संपन्न होगा। विभिन्न घाटों पर छठ पर्व से जुड़ी विभिन्न समितियां घाटों पर तैयारी करती है। नगांव में विशेष रूप से सूर्य षष्ठी समाज कल्याण समिति और छठ व्रत समिति घाटों पर मुख्यत: तैयारी करती है और



इस वर्ष रविवार को नेहरुवाली घाट पर व श्री कृष्णाश्रम शिव मंदिर घाट पर प्रत्येक वर्ष की तरह रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा तथा अन्य संस्कृतिक कार्यक्रम भी विशेष बने पंडाल में संपन्न होगा। आज सूर्य षष्ठी समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में नेहरुवाली घाट पर समाज सेवी प्रेम नहाटा ने और श्री कृष्णाश्रम शिव मंदिर घाट पर छठ व्रत समिति के तत्वावधान में समाज सेवी सीताराम बुधिया ने झंडोत्तोलन कर दोनों समितियों के चार दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने अपने अतिथियों का फुलाम गामोछा से अभिनंदन किया गया। सूर्य षष्ठी समाज कल्याण समिति का झंडोत्तोलन कर मुख्य अतिथि समाज सेवी प्रेम नहाटा ने छठ पर्व पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आयोजन समिति को आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

## भारी मात्रा में हेरोइन बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**कार्बी-आंग्लांग ( हिंस )।** बोकाजान में भारी मात्रा में हेरोइन के साथ पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया। यह हेरोइन डिलाई पुलिस के नाका तलाशी में जब्त की गई है। 130 प्लास्टिक साबुनदानी में मिली हेरोइन का वजन 1.65 किलोग्राम है। हेरोइन मणिपुर से आ रही एक विंगर वाहन (एएस-01-केसी-9014) से बरामद किया गया है। वाहन गुवाहाटी की ओर जा रहा था। जब्त हेरोइन की बाजार में कीमत करीब 10 करोड़ रुपए है। पुलिस ने हेरोइन के साथ मणिपुर के मोहम्मद एलियास अली और मोहम्मद सिराजुद्दीन को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच की जा रही है।

## कृषि को उन्नत बनाने के उद्देश्य से बीवीएफसीएल का ड्रोन डेमो कैंपेन

**गुवाहाटी ( विभास )।** पूर्वोत्तर राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) के हिस्से के रूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल) की ओर से कृषि को उन्नत बनाने के उद्देश्य से ड्रोन डेमोस्ट्रेशन दिए जा रहे हैं। बीवीएफसीएल की ओर से असम सहित पूर्वोत्तर राज्यों त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड व अरुणाचल के विभिन्न गांव पंचायतों में ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन करने वाले व्यावहारिक प्रदर्शनों की एक श्रृंखला शुरू की गई है, जिसमें रोजाना 25-30 स्थानों पर ड्रोन डेमोस्ट्रेशन दिए जा रहे हैं। यह पहल पीएम-प्रणाम योजना का एक अभिन्न अंग है। प्रदर्शनों में विशेष रूप से कृषि में नैनो यूरिया के प्रभावी उपयोग पर प्रकाश डाला जा रहा है, जिसमें टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया है। इन आयोजनों में स्थानीय समुदाय, ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी दिख रही है, जहां वे लोग अपने विचार साझा कर रहे हैं। इसके



अलावा उन्हें बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की जा रही है। इस दौरान न केवल सामूहिक जिम्मेदारी की भावना का प्रदर्शन किया बल्कि पीएम-प्रणाम योजना के समुदाय-केंद्रित दृष्टिकोण को भी रेखांकित किया। इसके अतिरिक्त, पानी में घुलनशील उर्वरकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उर्वरकों के संतुलित उपयोग करने की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही धरती माता को पुनर्स्थापित करने और पोषण करने और सटीक कृषि के लिए ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पीएम-प्रणाम योजना के व्यापक लक्ष्यों के अनुरूप सार्वजनिक बैठकें आयोजित की जा रही है।

# अपोलो प्रोटोन कैंसर सेंटर ने सिर और गर्दन के कैंसर के लिए उत्कृष्टता केंद्र लांच किया

**गुवाहाटी।** अपोलो प्रोटोन कैंसर सेंटर्स (एपीसीसी) ने सिर और गर्दन के कैंसर के लिए अपने अभूतपूर्व उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) के उद्घाटन की घोषणा की है। कैंसर प्रबंधन के विस्तृत उपागमो ंऔर अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ, एपीसीसी सिर और गर्दन के कैंसर के उपचार के तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार है, जिससे रोगियों की कार्यक्षमता और सौंदर्य संरक्षित करते हुए उन्हें सर्वोत्तम संभव ऑन्कोलॉजिकल परिणाम प्रदान किए जा सकेंगे। सिर और गर्दन का कैंसर एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, दुनिया भर में सिर और गर्दन के कैंसर के मामलों में से 57.5 प्रतिशत मामले एशिया से हैं। भारत पर भी इसका बहुत बोझ है क्योंकि विश्व भर में सिर और गर्दन के कैंसर के 30 प्रतिशत मामले भारत से हैं। 2018 में, भारत में मुंह के कैंसर के 1, 19, 992 नए मामले और 72, 616 मौतें दर्ज की गईं, जिससे देश को *मुंह के कैंसर की राजधानी* होने का दुर्भाग्यपूर्ण खिताब मिला। यह चिंताजनक रुझान यहां के लोगों की अनोखी आदतों, जैसे कि तंबाकू चबाना, और धुआं रहित तंबाकू उपयोग से जुड़े मुंह के कैंसर के ज्यादातर मामलों के कारण है। एपीसीसी में विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग की निदेशक - स्तन, सिर और गर्दन, डॉ. सपना नांगियाने स्थिति की गंभीरता पर बल देते हुए कहा कि भारत में सिर और गर्दन के कैंसर का प्रसार चिंता का कारण है, और इसके लिए एक विशेषतथा समेकित उपचार की आवश्यकता है। सिर और गर्दन कैंसर के लिए एपीसीसी का उत्कृष्टता केंद्र हमारे रोगियों की कार्यक्षमता और सौन्दर्य संबंधी परिणामों को प्राथमिकता देते हुए सर्वोत्तम संभव ऑन्कोलॉजिकल परिणाम प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। एपीसीसी में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के वरिष्ठ सलाहकार- सिर और गर्दन, डॉ. संदीप



दुआराहने कहा कि सिर और गर्दन के कैंसर का प्रबंधन हमेशा एक बहु-विषयक उपागम रहा है। यहां एपीसीसी में, हमारे पास न केवल हमारी सहायता के लिए सभी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियां उपलब्ध हैं, बल्कि हमारी ताकत हमारी टीम में निहित है, जो रोगी के कल्याण हेतु लिए गए सभी उपचार निर्णयों में एक-दूसरे पर भरोसा करते हुए, सही तालमेल के साथ काम करती है। एपीसीसी में, हम पूरे टीम वर्क में विश्वास करते हैं जो हमारी ताकत है। केंद्र की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में रोबोटिक सर्जरी, वर्चुअल प्लानिंग और 3डी प्रिंटिंग, वॉयस बॉक्स कैंसर के लिए सीए 2 लेजर, संभावित घातक कैंसर के शुरुआती निदान हेतु नैरो-बैंड इमेजिंग, हाई-एंड एंडोस्कोपिक इंस्ट्रूमेंटेशन और खोपड़ी-आधारित ट्यूमरों के लिए नेविगेशन सिस्टम शामिल हैं। एपीसीसी में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के वरिष्ठ सलाहकार - सिर और गर्दन, डॉ. नवीन हेडनेने केंद्र की क्षमताओं के बारे में अपना उत्साह साझा करते हुए कहा कि एपीसीसी की हमारी टीम में समर्पित पेशेवर शामिल हैं जो सिर और गर्दन के कैंसर प्रबंधन में 100 से अधिक वर्षों का सामूहिक नैदानिक अनुभव लाते हैं। हम अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों से लैस हैं, और हमारा बहु-विषयक उपागम यह सुनिश्चित करता है कि रोगियों को उच्चतम स्तर की देखभाल मिले। एपीसीसी मेंमेडिकल ऑन्कोलॉजी के वरिष्ठ सलाहकार - सिर और गर्दन, डॉ. प्रसाद ईश्वरनने एक समन्वित उपागम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी टीम में विकिरण ऑन्कोलॉजिस्ट, रोबोटिक सर्जन, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट, भाषण चिकित्सक, थेरानोस्टिक्स/परमाणु चिकित्सा विशेषज्ञ, और एनेस्थेसियोलॉजिस्ट सहित विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ शामिल हैं। यह बहु-विषयक उपागम हमें रोगियों को एक विस्तृततथा व्यक्तिगत उपचार योजना प्रदान करने की अनुमति देता है। एपीसीसी कैंसर जैसी स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने वाले व्यक्तियों के लिए समग्र देखभाल प्रदान करना सुनिश्चित करता है। एक विस्तृतउपागम जो उनके शारीरिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक कुशलक्षेम को संबोधित करता है। इस उपागम में विशेष सेवाओं की एक श्रृंखला, जैसे कि उपचार के दौरान उचित पोषण सुनिश्चित करने के लिए आहार सहायता, बात करने और निगलने में कठिनाई से जूझते लोगों की सहायता के लिए निगलने और भाषण चिकित्सा जैसी सेवाएं शामिल हैं। साइको-ऑन्कोलॉजी के चिकित्सक भावनात्मक सहायता प्रदान करते हैं और कैंसर की मानसिक पीड़ा से जूझते लोगों के मनोवैज्ञानिक पहलुओं को संबोधित करते हैं जबकि फिजियोथेरेपी टीम शारीरिक क्रिया को बनाए रखने या सुधारने में निरंतरमदद करती है। एपीसीसी, रोगी की देखभाल योजना में इन घटकों को एकीकृत करके जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाता है और कुशलक्षेम को बढ़ावा देता है, यह पहचानते हुए कि ठीक होना केवल चिकित्सा उपचार तक ही सीमित नहीं है। सिर और गर्दन के कैंसर के लिए इस उत्कृष्टता केंद्र का लांच, कैंसर देखभाल को बेहतर बनाने और रोगियों के लिए सर्वोत्तम संभव परिणाम प्रदान करने हेतु एपीसीसी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। अपनी अत्याधुनिक प्रैद्योगिकियों, विशेषज्ञों की अनुभवी टीम और ऑन्कोलॉजिकल तथा कार्यात्मक कुशलता दोनों के प्रति समर्पण के माध्यम से, एपीसीसी सिर और गर्दन के कैंसर के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए तैयार है।

# आईओएफएस के अधिकारियों और आईडीएएस के प्रोबेशनर ने राष्ट्रपति से मुलाकात की



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय आयुध निमार्णी सेवा (आईओएफएस) के अधिकारियों और भारतीय रक्षा लेखा सेवा (आईडीएएस) के प्रोबेशनर ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे ऐसे समय में उनकी सेवाओं में शामिल हुए हैं, जब देश स्थानीय और वैश्विक स्तर पर व्यापक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। नई प्रौद्योगिकियों के उद्भव और नवीनतम तकनीकों और सूचनाओं के दुनिया के हर हिस्से में तेजी से फैलने के साथ एक विकसित राष्ट्र के निर्माण और भारत को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों के विचार, निर्णय और कार्य रक्षा प्रणालियों और देश के भविष्य को आकार देने में बड़े पैमाने पर योगदान देंगे। भारतीय आयुध निमार्णी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत एक समावेशी और विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करने की यात्रा पर निकल पड़ा है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर, प्रतिस्पर्धी और मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने में स्वदेशी उद्योगों की बहुत बड़ी भूमिका है। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं और रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार लाए हैं। राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि आईओएफएस अधिकारी रक्षा प्रणालियों में स्वदेशीकरण के प्रेरक और सूत्रधार होंगे और उनसे भारत की रक्षा उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में काम करने की उम्मीद की जाएगी। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2013-14 में 686 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में लगभग 16,000 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि आईओएफएस अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए विकास कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लें और भारत को रक्षा विनिर्माण केंद्र बनाने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाएं। राष्ट्रपति ने भारतीय रक्षा लेखा सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे देश के सशस्त्र बलों के वित्तीय पहलुओं के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे रक्षा क्षेत्र के भीतर कुशल वित्तीय प्रबंधन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अपनी पेशेवर ईमानदारी और अपने मजबूत प्रशिक्षण मॉड्यूल के आधार पर, आईडीएएस अधिकारी रक्षा बलों में वित्तीय विवेक को बढ़ावा देने और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने में सक्षम होंगे। राष्ट्रपति ने उनसे रक्षा प्रणालियों के कामकाज में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के लिए ऑडिटिंग और अकाउंटिंग के लिए नवीनतम तकनीकों और तरीकों को अपनाने का आग्रह किया।

# हमास-इजराइल संघर्ष से नई चुनौती उभरी : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमास और इजराइल के मध्य जारी संघर्ष पर आज (शुक्रवार) कहा कि पश्चिम एशिया के घटनाक्रम से नई चुनौतियां उभर रही है। समय आ गया है कि 'ग्लोबल साउथ' के देश पूरी दुनिया के व्यापक हित में मिलकर आवाज उठाएं। प्रधानमंत्री मोदी ने दूसरे 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' के वर्चुअली संबोधन में यह आह्वान किया। समिट का आयोजन भारत ने किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने इजराइल पर आतंकवादी हमले की निंदा की। उन्होंने कहा, ' हम हमास और इजराइल के बीच संघर्ष में आम नागरिकों के मारे जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हमने बातचीत और कूटनीति के साथ-साथ संयम पर भी जोर दिया है। हम देख रहे हैं कि पश्चिम एशिया के घटनाक्रम से नई चुनौतियां उभर रही हैं। भारत ने विकासशील देशों के समक्ष आने वाली चुनौतियों और चिंताओं पर आवाज उठाने के लिए जनवरी में 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' के पहले संस्करण की मेजबानी की थी।' उन्होंने कहा कि 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' 21वीं सदी की बदलती दुनिया को प्रतिबिम्बित करने वाला सर्वश्रेष्ठ मंच है। प्रधानमंत्री ने कहा, ' हम 100 से अधिक देश हैं लेकिन हमारी प्राथमिकताएं समान हैं।' प्रधानमंत्री मोदी ने शिखर सम्मेलन में पांच 'सी'- परामर्श, संचार, सहयोग, रचनात्मकता और क्षमता निर्माण के ढांचे के तहत सहयोग की अपील की। प्रधानमंत्री ने संबोधन में जी-20 में अफ्रीकी संघ के शामिल होने का जिक्र भी किया।

उन्होंने कहा,' मैं उस ऐतिहासिक क्षण को नहीं भूल सकता जब भारत के प्रयासों से अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया था।' उन्होंने जी-20 में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की भी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस बार जी-20 देशों ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए धन देने पर गंभीरता दिखाई है। साथ ही जी-20 में 'ग्लोबल साउथ' के देशों को जलवायु परिवर्तन पर आसान शर्तों पर वित्त और प्रौद्योगिकी प्रदान करने की सहमति बनी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का मानना है कि नई तकनीक से 'ग्लोबल साउथ' और 'नॉर्थ' के बीच दूरियां नहीं बढ़नी चाहिए। उल्लेखनीय है 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अकसर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है। यह मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में हैं।

# मराठा आरक्षण पर शिंदे सरकार लाएगी नया विधेयक

**मुंबई (ईएमएस)।** मराठा आरक्षण की मांग लोकर जारी प्रदर्शन को लेकर महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार मराठा आरक्षण आंदोलन के चलते नया विधेयक ला सकती है। सुप्रीम कोर्ट से खारिज किए गए मराठा आरक्षण को लागू करने के लिए यह फैसला लिया जा सकता है। सीएम एकनाथ शिंदे ने खुद आंदोलन के नेता मनोज जारांगे पाटिल से बात की थी और उसके बाद 2 जनवरी तक का अल्टिमेटम देकर आंदोलन खत्म हुआ था। अब राज्य पिछड़ा आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सरकार मराठाओं को बैकवर्ड घोषित करेगी। इसके बाद बिल लाया जाएगा। विधेयक लाने के बाद सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल क्यूरेटिव पिटिशन वापस ली जा सकती है। सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने बताया कि मराठाओं को पिछड़ा घोषित करते हुए राज्य सरकार एक नया विधेयक ला सकती है। राज्य सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसमें उसने पिछड़ा आयोग से कहा है कि वह मराठाओं के पिछड़ेपन को लेकर डेटा जुटाए। इस डेटा से सरकार को मराठाओं को पिछड़ा घोषित करने में मदद मिलेगी। इससे पहले गायकवाड़ कमिशन की रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने उस रिपोर्ट पर ही सवाल उठा दिए थे। ऐसे में इस बार डेटा पूरी मजबूती के साथ रखने की तैयारी है। मंत्री ने कहा कि साल 2018 में मराठाओं को सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़े के तौर पर जो आरक्षण दिया गया था, उसे सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए खारिज किया था कि इसमें पिछड़ेपन के आधार सही से नहीं दिए गए। ऐसे में सरकार ने अब नया आयोग बनाया है और उसके डेटा के आधार पर ही फैसला होगा। उन्होंने कहा कि एक बार रिपोर्ट में यह बात आ जाए कि किन परिस्थितियों में मराठाओं को पिछड़ा माना जा रहा है तो नया विधेयक पेश कर दिया जाए। इससे पहले साल 2018 में हम जो कानून लाए थे, उसे सुप्रीम कोर्ट ने कमियां गिनाकर खारिज कर दिया था। गायकवाड़ कमिशन पर भी सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाए थे। एकनाथ शिंदे कैबिनेट के सदस्य ने कहा कि 127वां संविधान संशोधन 2021 में पारित हुआ था। उसके आधार पर राज्य के पास अधिकार है कि वह आरक्षण की सीमा को 50 फीसदी से अधिक जरूरत पड़ने पर कर सके। अब यदि मराठा आरक्षण को लेकर आई रिपोर्ट सपोर्ट करती है तो हम लागू कर देंगे। माना जा रहा है कि जनवरी में पिछड़ा वर्ग आयोग अपनी रिपोर्ट पेश कर सकता है। इसके बाद लोकसभा चुनाव से ठीक पहले विधानसभा में बिल लाया जा सकता है।


# दिल्ली में यमुना नदी पर झाग की मोटी चादर, छठ व्रती चिंतित



**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यमुना नदी झाग की मोटी चादर की आगोश में है। यह चादर छठ पर्व के व्रतियों के धैर्य की परीक्षा लेती नजर आ रही है। हाल यह है कि ओखला बैराज के बाद यमुना का पानी दिखना ही बंद हो जाता है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की रिपोर्ट के मुताबिक, यमुना नदी की लंबाई करीब 1,370 किलोमीटर है। इसमें से पल्ला से कालिंदी कुंज की लंबाई 54 किलोमीटर है। वजीराबाद से कालिंदी कुंज का हिस्सा 22 किलोमीटर है। यह यमुना की पूरी लंबाई का सिर्फ दो फीसदी है। महत्वपूर्ण यह है कि यमुना में करीब 76 फीसदी प्रदूषण इसी हिस्से में होता है। मानसून के अलावा वर्ष के बाकी नौ महीनों में नदी में ताजा पानी नहीं रहता। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी का कहना है कि रसायनों की मदद से यमुना नदी पर झाग साफ करने का काम चल रहा है। इसका छिड़काव गुरुवार को किया गया। इससे एक-दो दिन में पानी साफ हो जाएगा।

# शिवराज ने मतदान से पहले किया नर्मदा पूजन, कमलनाथ भी पहुंचे मंदिर









**भोपाल, (हि.स.)।** मध्यप्रदेश में शुक्रवार को सुबह 7 बजे से विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई। शाम को 6 बजे तक मतदान चलेगा। आम मतदाताओं के साथ ही भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवार भी केंद्रों पर मतदान करने पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सपरिवार सीहोर के जैत में मतदान करने पहुंचे। उन्होंने सीहोर जिले के आदर्श मतदान केंद्र जैत के शासकीय माध्यमिक शाला भवन में मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने से पहले शिवराज ने मां नर्मदा का पूजन किया और जैत गांव के मंदिर में पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद लिया। उनकी पत्नी साधना सिंह भी साथ थीं। मंदिर के बाहर महिलाओं ने मुख्यमंत्री को रोक कर उनका तिलक किया। मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों को गले लगाकर आभार जताया।

**पूर्व सीएम कमलनाथ ने डाला वोट** - मध्यप्रदेश कांग्रेस के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बेटे नकुलनाथ और बहू प्रिया नाथ के साथ शिकारपुर में मतदान किया। कमलनाथ ने मतदान से पूर्व शिकारपुर स्थित मंदिर में पूजन भी किया। इसके बाद वे सौंसर विधानसभा के ग्राम शिकारपुर में मतदान करने के लिए पहुंचे।

**गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने दतिया में डाला वोट** - प्रदेश के गृहमंत्री और भाजपा उम्मीदवार डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने दतिया में मतदान किया। इससे पहले वे पीतांबरा पीठ पहुंचे और मां पीतांबरा और वनखंडेश्वर महादेव के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मिश्रा ने लाइन में खड़े होकर धूमावती माई के भी दर्शन किए।

**खेल मंत्री ने शिवपुरी में डाला वोट** - राज्य खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने शिवपुरी पहुंचकर मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने मीडिया के पिछली बार जैसा प्रचंड बहुमत मिलने के सवाल पर यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि मैं इस बार अपनी तबीयत खराब होने के कारण घूम नहीं पाई, इसलिए इस पर टिप्पणी कैसे करूं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बहुत मेहनत की है, उनकी मेहनत रंग लाए यही कामना है। इस बार शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र से खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया चुनाव नहीं लड़ रही हैं। उन्होंने स्वास्थ्य लेकर इस बार चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था।

# दिल्ली-एनसीआर की हवा में कोई सुधार नहीं, सांसों पर संकट बरकरार



**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के महानगरों में धुआं और कोहरे के कारण वातावरण में प्रदूषक तत्वों की चादर लगातार मोटी हो रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार सुबह समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर 500 अंक के पार चला गया। आनंद विहार में एक्यूआई 447, आरकेपुरम में 469, पंजाबी बाग में 484 और आईटीओ में 445 रहा। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि आगामी कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के साथ साथ कोहरा भी छाने लगेगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार 24 घंटे पहले गुरुवार को मुंडका, नेहरू नगर, पंजाबी बाग, जहांगीरपुरी, वजीरपुर और द्वारका सेक्टर में एक्यूआई 450 से अधिक पहुंच गया। इससे इन छह जगहों पर हवा की गुणवत्ता खतरनाक श्रेणी में रही। बोर्ड के अनुसार गुरुवार को दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक 419 रहा। यह गंभीर श्रेणी है। एक दिन पहले यह 401 रहा था। फरीदाबाद में यह 424, गाजियाबाद में 376, ग्रेटर नोएडा में 340, गुरुग्राम में 363 और नोएडा में 355 था। बोर्ड के अनुसार नवंबर के 16 दिनों में दिल्ली में अब तक तीन दिन हवा की गुणवत्ता खराब, पांच दिन बहुत खराब, छह दिन गंभीर और दो दिन खतरनाक श्रेणी में रही है।

# पार्टी का टिकट यदि लाहौर से मिले तो वहां भी कमल खिलाऊंगा : शाहनवाज हुसैन



**किशनगंज (ईएमएस)।** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि यदि उनकी पार्टी उन्हें लाहौर से भी टिकट देगी तो वह वहां कमल खिलाकर दिखा देंगे। शाहनवाज हुसैन ने यहां एमजीएम मेडिकल कॉलेज में मीडिया से लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर पूछे एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि पार्टी यदि मुझे लाहौर से भी टिकट देगी तो कमल खिलाकर दिखाऊंगा। उन्होंने विपक्ष के इंडी गठबंधन को भिंडी गठबंधन बताया। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि लोकसभा चुनाव के तैयारी में भाजपा जुट गई है। यहां किशनगंज में घर का बेटा बोलकर वोट बटोर लेते हैं लेकिन यहां के युवाओं के रोजगार का कोई कदम नही उठाते हैं। यहां से जो सांसद जीतते हैं वह दिल्ली चले जाते हैं। यहां की जनता उनके पीछे-पीछे दिल्ली मजदूरी के लिए चली जाती है।

# राहुल गांधी ने जताया भरोसा, बोले-मप्र छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को मिलेगा पूरा बहुमत



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्हे भरोसा है कि दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। यहां कांग्रेस पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलेगा। गांधी ने दावा करते हुए कहा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ (दूसरे चरण) में मतदान के साथ, पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि सबसे पुरानी पार्टी दोनों राज्यों में भारी बहुमत के साथ आगे बढ़ रही है और उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया कि अपने मताधिकार का प्रयोग करें। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस प्रचंड बहुमत के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि अपने घरों से बाहर निकलें, आज भारी संख्या में मतदान करें और ऐसी कांग्रेस सरकार चुनें जिस पर गरीब, किसान, महिलाएं और युवा भरोसा करें। उन्होंने छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस के वादों पर एक मिनट का वीडियो भी शेयर की। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज चुनाव है और मुझे पूरा विश्वास है कि मध्य प्रदेश की जनता घोटालों, झूठ, लोगों को आपस में लड़ाने की साजिशों और कुर्सी को जागीर समझने की मानसिकता को कड़ा सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा, लोग हमें बेहद प्यार और समर्थन दे रहे हैं। मुझे राहत है कि अठारह साल का कुशासन खत्म होने वाला है और मध्य प्रदेश में सच बोलने वाली, जनता की बात सुनने वाली, प्रेम और शांति के रास्ते पर चलने वाली कांग्रेस सरकार आने वाली है। उन्होंने कहा, लेकिन आपके प्यार का आकलन साधारण बहुमत से नहीं होगा। हमारी सरकार को एक विशाल और व्यापक जनादेश की आवश्यकता है, जिसकी प्रतिध्वनि आपके प्यार और उत्साह से ही हो रही है। आज अपने मन के तूफान को वोट में बदल दीजिये। हमें इतनी सीटें जिताकर विधानसभा में भेजें कि कोई हमारी सरकार चुराने या हाईजैक करने का सपने में भी न सोच सके। मैं जानता हूंः आपके पास यह शक्ति है। 230 सदस्यीय मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए मतदान और छत्तीसगढ़ में 70 विधानसभा सीटों के लिए दूसरे चरण का मतदान इस समय चल रहा है।

# आईएनएस विक्रांत को मिला परिचालन का दर्जा, अब युद्ध मोड में तैनाती के लिए तैयार

- हिंद महासागर क्षेत्र में इस स्वदेशी युद्धपोत की तैनाती भारत की समुद्री ताकत बढ़ाएगी
- नौसेना ने दूसरे स्वदेशी विमानवाहक पोत के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा है प्रस्ताव



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय नौसेना का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत ने पूर्ण परिचालन क्षमता हासिल कर ली है। अब युद्ध मोड में तैनात होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। भारतीय नौसेना इस जहाज को संचालन के लिए हिंद महासागर क्षेत्र और उससे आगे कहीं भी तैनात कर सकती है। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती उपस्थिति के बीच इस युद्धपोत की तैनाती भारत की ताकत बढ़ाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल 02 सितम्बर को भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत विक्रांत राष्ट्र को सौंपा था, जिसे समुद्री जंग के लिहाज से तैयार किया जा रहा था। एडमिरल आर हरि कुमार ने हाल ही में कहा था कि आईएनएस विक्रांत को इसी साल नवंबर तक पूरी तरह से चालू करने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। तमाम तरह के परीक्षणों के दौर से गुजरने के बाद आखिरकार आईएनएस विक्रांत को पूर्ण परिचालन का दर्जा मिल गया है। फिलहाल पोत पर 30 विमानों के बेड़े में 18 मिग-29 और 12 कामोव हेलीकॉप्टर होंगे। अमेरिका से खरीदे गए एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर भी शक्तिशाली पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं के साथ बोर्ड पर होंगे। भारतीय नौसेना को आईएनएस विक्रांत के लिए 26 नए राफेल लड़ाकू विमान खरीदने पर विचार कर रही है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा था कि विक्रांत का संचालन शुरू होने के बाद ही 2023 में नए विमानवाहक पोत पर निर्णय लिया जाएगा। इसी के मद्देनजर नौसेना ने आखिरकार अपने दूसरे स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएसी-2 की मेगा डील को मंजूरी देने के लिए केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव भेज दिया है। भारत के लिए इस तरह के तीन विमानवाहक पोतों की जरूरत बताई जा रही है, ताकि भारतीय नौसेना हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तैनात सभी नौसेनाओं के साथ तालमेल बनाया जा सके। दूसरे स्वदेशी विमानवाहक पोत को आईएसी-2 के नाम से जाना जाएगा। सरकार से आईएसी-2 की मंजूरी मिलने के बाद यह कार्यक्रम केरल में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के माध्यम से कई हजार प्रत्यक्ष और कई गुना अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगा।

# वर्ल्ड कप फाइनल वाले दिन दिल्ली में शराब की दुकानें रहेंगी बंद





**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने 19 नवंबर यानी रविवार को दिल्ली में ड्राई डे की घोषणा की है। इस दिन दिल्ली में सभी शराब की दुकानें बंद रहेंगी। आपको बता दें कि इस दिन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड कप का फाइनल मैच भी अहमदाबाद में खेला जाएगा। दिल्ली सरकार ने छठ पर्व को लेकर यह बड़ा फैसला लिया है। दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने छठ पर्व के चलते दिल्ली में ड्राई डे घोषित किया है। दिल्ली सरकार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक दिल्ली एक्साइज रूल 2010 52 रूल के अनुसार, रविवार को दिल्ली के सभी लोकेशन पर स्थित एल-1,एल1 एफ,एल-2,एल-3,एल-4,एल-5,एल-6,एल-6एफजी,एल-6एफई,एल-8,एल-9, एल-10,एल-11,एल-14,एल-18,एल-23,एल-23एफ,एल-25,एल-26,एल-31,एल-32,एल-33,एल-34 और एल-35 के लाइसेंस वाले सभी शॉप्स बंद रहेंगी। छठ पूजा के लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है और दिल्ली में भी श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। छठ पर्व नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ और घाटों पर तैयारियां जारी, पूजा के लिए श्रद्धालु ने जगह चिन्हित करने पहुंचे। तमाम श्रद्धालुओं ने यमुना में भी डुबकी लगाई और आराधना की. दिल्ली में करीब एक हजार स्थाई और अस्थाई घाटों पर छठ की पूजा होगी. घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था भी अलर्ट है और संस्कृतिक कार्यक्रम शाम को होंगे। वहीं स्टेशनों पर भीड़ और टिकट की समस्या के चलते कई श्रद्धालु अपने घर नहीं पहुंच सके और दिल्ली में रहकर ही पर्व मना रहे हैं। दिल्ली में कई जगहों पर रूट को ट्रैफिक के चलते डायवर्ट किया गया है। ऐसा ही कुछ हाल एनसीआर में भी है। हिंडन नदी पर बने घाटों पर पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिस ने रूट डायवर्जन का प्लान जारी किया है। छठ पूजा के लिए यातायात पुलिस ने लोगों से वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की अपील की है। गाजियाबाद के यातायात पुलिस द्वारा जारी डायवर्जन प्लान के मुताबिक 19 नवंबर की दोपहर 2 बजे से भारी वाहन और शाम 4 बजे से हल्के वाहन हिंडन पुल की ओर नहीं जा सकेंगे। रूट डायवर्जन 20 नवंबर को कार्यक्रम समाप्ति तक रहेगा।

# तेलंगाना चुनावः कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने घोषणापत्र जारी किया

**हैदराबाद (ईएमएस)।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र आज जारी किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गांधी भवन में घोषणापत्र जारी करते हुए वादा किया कि यदि कांग्रेस सरकार बनती है तो महिलाओं को हर माह ढाई हजार रुपये, 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर और खेतिहर मजदूरों को 12 हजार रुपये प्रति वर्ष दिये जाएंगे। घोषणा पत्र जारी करते समय तेलंगाना के कांग्रेस प्रभारी माणिकराव ठाकरे, टीपीसीसी अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी, सीएलपी नेता भट्टी विक्रमार्क और घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष डी श्रीधर बाबू मौजूद थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। कर्नाटक की महिलाएं राज्य में आज कहीं भी जा सकती हैं। हम तेलंगाना को दी गई सभी छह गारंटी को लागू करेंगे। कांग्रेस के घोषणा पत्र जारी करते हुए पहले घोषित छह वादों पर खासा जोर दिया है। कांग्रेस ने जो छह वादे किये हैं उनमें महालक्ष्मी योजना प्रमुख है। इसके मुताबिक महिलाओं को हर महीने 2,500, 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर और आरटीसी बसों में मुफ्त बस यात्रा करवाए जाने की बात है। इसके बाद रायथु भरोसा योजना का जिक्र है। इस योजना में किसानों और पट्टा धारकों को 15,000 रुपये प्रतिवर्ष दिये जाने जबकि खेतिहर मजदूरों को 12 हजार रुपये प्रति वर्ष देने की बात कही गई है। इसके अलावा धान पर 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने का वादा भी किया गया है। इसके बाद गृह ज्योति योजना अंतर्गत 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा कांग्रेस करती है। इंदिरा अम्मा इंदलू योजना के तहत मकान बनाने के लिए मुफ्त जमीन और 5 लाख रुपये की सहायता देने का जिक्र भी इस घोषणा पत्र में किया गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनेगा कुशीनगर का सीएचसी, 3.43 करोड़ अवमुक्त




**कुशीनगर,(हि.स.)** । अंतर्राष्ट्रीय महत्व की बौद्ध तीर्थस्थली कुशीनगर के कसया उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड किया जायेगा। अंतर्राज्यीय व राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित स्वास्थ्य केंद्रों को विकसित कर बहुउद्देशीय हब बनाए जाने की शासन की योजना के तहत स्वीकृत 15 करोड़ के सापेक्ष 3.43 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई है। योजना यहां पर आईसीयू (इंसेंटिव केयर यूनिट) सहित अनेक संसाधनों की स्थापना कर इलाज की उच्चस्तरीय व्यवस्था करने की है। ताकि मरीजों विशेषकर मार्ग दुर्घटना में घायलों को अन्यत्र रेफर ना करना पड़े। विधायक पी एन पाठक ने शक्रवार को कैंप कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में इसकी जानकारी दी। विधायक ने बताया कि स्वीकृति की गई राशि से सीएचसी का पूरी तरह कायाकल्प हो जायेगा। विधायक ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड करने और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए प्रथम चरण में कसया सीएचसी को शामिल किया गया है। विधायक ने बताया कि उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को कसया समेत साखोपार, कुबेरनाथ, सखवनिया, शिवपुर, सिधुवबागर, सपहा, पुरैनी आदि स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड करने की मांग का पत्र दिया गया था। इन सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर शासन में अनुमोदन व बजट स्वीकृति की कारवाई चल रही है। विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# लोक भवन की दीवार से होर्डिंग की सफाई, कार्रवाई की तैयारी



**लखनऊ, (हि.स.)**। लखनऊ में लोक भवन की दीवार से शुभकामनाओं की होर्डिंग को नगर निगम लखनऊ ने हटा दिया है। इसके साथ ही होर्डिंग लगाने वाले राजनीतिक दलों के लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। भाजपा के नेता डिम्पल राव और लोक शिकायत जांच संस्थान के गोपाल राय ने दीपावली से पहले लोक भवन की दीवार पर शुभकामनाओं वाली होर्डिंग लगा दी। होर्डिंगों के लगाये जाने के बाद लोक भवन के प्रशासनिक अधिकारी की ओर से आपत्ति जतायी गयी और इसके तुरंत बाद ही नगर निगम के अधिकारियों ने होर्डिंग को अतिक्रमण मानते हुए हटाया। लोक भवन की दीवार पर होर्डिंग लगाये जाने के बाद राजनीतिक गलियारे में भी चर्चा हुई। इसी दौरान पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने भी सोशल मीडिया पर अवैध रुप से लगी होर्डिंग की जानकारी साझा की। होर्डिंग पर नगर निगम की कार्रवाई को उचित बताते हुए उसे स्वयं का प्रयास तक बता डाला। वहीं नगर निगम के कर्मचारियों ने होर्डिंग हटायी तो कुछ कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने तत्काल ही होर्डिंग लगाने वाले नेताओं पर कार्रवाई की मांग कर दी। पदाधिकारी रामराज ने कहा कि प्रदेश की राजधानी में लोकभवन जैसे उच्च सुरक्षा वाले भवनों पर अवैध रुप से होर्डिंग लगाना भी बिल्कुल गलत है। इस पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

# ज्ञानवापी मामले में एएसआई ने सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 15 दिन का और समय मांगा

**वाराणसी, (हि.स.)**। ज्ञानवापी परिसर के वैज्ञानिक सर्वे की रिपोर्ट भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) टीम ने शुक्रवार को भी जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में नहीं दाखिल किया। एएसआई के अधिवक्ता ने सर्वे रिपोर्ट तैयार न होने पर न्यायालय से 15 दिन का अतिरिक्त समय मांगा है। केंद्र सरकार के स्पेशल गवर्निंग काउंसिल अमित श्रीवास्तव ने अतिरिक्त समय के लिए लेयर अर्जी दाखिल की है। वादी हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव के अनुसार ज्ञानवापी परिसर में 4 अगस्त से 3 नवम्बर तक किये गये वैज्ञानिक कार्यवाही की आख्या अभी तक न आने की वजह से एएसआई के अधिवक्ता ने 15 दिन का न्यायालय से और समय मांगा है। माना जा रहा है कि त्योहारों पर लगातार अवकाश के चलते सर्वे रिपोर्ट पूरी तरह से तैयार नहीं हो सकी है। जिला जज अर्जी पर अपराह्न दो बजे के बाद निर्णय देंगे। उल्लेखनीय है कि ज्ञानवापी की वैज्ञानिक सर्वे रिपोर्ट जमा करने के लिए एएसआई की टीम को पहले चार सितम्बर तक का अदालत ने अतिरिक्त समय दिया था। चार सितम्बर तक रिपोर्ट तैयार न होने पर एएसआई ने फिर अदालत से और समय मांगा। न्यायालय ने 06 सितम्बर को अतिरिक्त समय देते हुए सर्वे रिपोर्ट 17 नवम्बर को दाखिल करने का आदेश दिया था। ज्ञानवापी परिसर में सौ दिन से अधिक समय तक चले सर्वे में मिले 250 अवशेष को जिलाधिकारी की निगरानी में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कोषागार के लॉकर में जमा करा दिया गया है।

# कल्याण गुरुकुल खूंटी के छात्रों को दुबई में मिली नौकरी, डीसी ने दिया नियुक्ति पत्र



**खूंटी, (हि.स.)**। उपायुक्त लोकेश मिश्र ने शुक्रवार को कल्याण गुरुकुल, खूंटी के अंतरराष्ट्रीय बैच के चयनित छात्रों के बीच रोजगार संबंधित नियुक्ति पत्र कावितरण किया। झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की एसपीवी के तौर पर कार्य कर रही प्रेझा फाउंडेशन की ओर से संचालित कल्याण गुरुकुल, खूंटी में स्टील बार बेंडर ट्रेड में अंतरराष्ट्रीय स्तर के दो माह के सफल प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को उपायुक्त ने नियुक्ति प्रमाण पत्र का वितरण किया। उपायुक्त ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रेझा फाउंडेशन द्वारा बताया गया कि सभी छात्रों की नियुक्ति दुबई स्थित रेडीफिक्स मीडिल ईस्ट एलएलसी में हुआ है। सभी प्रशिक्षु 18 नवंबर को दुबई-अबूधाबी के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रेझा फाउंडेशन द्वारा बताया गया कि पैन आइआइटी एलुमनी फाउंडेशन, झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की एसपीवी के रूप में 28 कल्याण गुरुकुल, आठ नर्सिंग कौशल कॉलेज तथा एक आइटीआइ कौशल कॉलेज का संचालन करती है। बताया गया कि झारखंड राज्य के युवक-युवतियों को कौशल विकास के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने एवं उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में मजबूती प्रदान करने में लगातार पहल की जा रही है। बताया गया कि झारखंड राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के परिवारों को रोजगार के दृष्टिकोण से कल्याण गुरुकुल परियोजना में अनेक संभावनाएं हैं।

# घर से जेल तक गूंजे गीत, नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया लोक आस्था का महापर्व




**बेगूसराय, (हि.स.)**। आस्था, सुचिता एवं सूर्योपासना का महापर्व छठ शक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। चार दिवसीय महापर्व के पहले दिन शुक्रवार को व्रतियों ने स्नान कर परिवार के साथ सात्विक भोजन कर नहाय खाय किया। स्नान और पूजा के बाद सबसे पहले छठ में प्रसाद बनाने के लिए गेहूं एवं चावल धोकर ओखली में कूटकर सुखाया। इसके बाद अरवा चावल, चना का दाल एवं कद्दू की सब्जी ग्रहण किया। छठ को लेकर गांव से लेकर जेल के अंदर तक हर ओर लोकगीतों की धूम मची हुई है। गांव से शहर तक का हर घर तैयारी के साथ वातावरण भक्ति में लीन है। इस बार के छठ में बेगूसराय में सामाजिक समरसता का शानदार उदाहरण देखने को मिल रहा है। हिंदू धर्मावलंबियों के इस महापर्व में मुस्लिम समुदाय के लोग विभिन्न सामग्री बेचते रहे हैं। लेकिन इस बार सबसे बड़ी बात है कि बेगूसराय में कई मुस्लिम महिला सूर्य देव और छठी मैया के अपना आराध्य मानते हुए छठ व्रत कर रही है। जेल में भी छठ गीतों के धूम के साथ व्रत की तैयारी चल रही है। सभी व्रती द्वारा गाए जा रहे लोकगीत से जेल का वातावरण भक्तिमय हो गया है। जेल सुपरिटेंडेंट ने बताया कि जेल में 15 महिला एवं 24 पुरुष कैदी छठ कर रहे हैं। सभी 39 व्रतियों को नया कपड़ा एवं पूजा सामग्री मुहैया कराया गया है। इनके साथ रह रहे बच्चों को भी नया कपड़ा उपलब्ध कराया गया है। अर्घ्य देने के लिए तालाब और सुचिता के विशेष बंदोबस्त किए गए हैं। लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार को सभी व्रती दिन भर निराहार रहकर देर शाम में खरना करेंगे। रविवार को सूर्यास्त के समय अस्ताचलगामी सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाएगा तथा सोमवार को सूर्योदय के समय उदयाचल गामी सूर्य को अर्घ्य देकर महापर्व का समापन होगा। केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने महापर्व को लेकर बधाई देते हुए देश के उन्नति की कामना किया है। उन्होंने कहा है कि आज नहाय-खाय के साथ महापर्व छठ शुरू हो गया है। सभी श्रद्धालुओं को प्रणाम एवं शुभकामनाएं, जय छठी मैया। इधर, नहाय-खाय को लेकर बेगूसराय के तमाम गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है, जबकि बाजारों में भारी भीड़ लग गई है। दुकानदारों ने भी पर्व की सुचिता को लेकर विशेष बंदोबस्त किए हैं।

# पांच साल में सड़क खराब हुई तो निर्माता एजेंसी ही करे पुनर्निर्माण : मुख्यमंत्री



**लखनऊ, (हि.स.)**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहित से जुड़ी निर्माण परियोजनाओं को पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग की चालू, लंबित तथा भावी कार्ययोजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि नई बनने वाली हर सड़क की 05 साल की गारंटी हो। सड़क खराब हुई तो निमार्ता एजेंसी को ही पुनर्निर्माण करना होगा। अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को ठेके से दूर रखा जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जनहित की परियोजनाओं में देरी से न केवल लागत में बढ़ोतरी होती है, बल्कि आमजन को सेवाओं का लाभ समय से नहीं मिल पाता और असुविधा भी होती है। ऐसे में हमें समयबद्धता पर जोर देना होगा। लोक निर्माण विभाग मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय सहित अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निर्माण कर रहा है। यह सुनिश्चित हो कि हर कार्य पूरी गुणवत्ता से हो और समय पर पूरा हो। पेंडिंग कार्यों की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय मंत्री परियोजनाओं की नियमित अंतराल पर समीक्षा करें। फील्ड विजिट करें और कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं। कार्य को मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज्ड किया जाना चाहिए। आईआईटी, एकेटीयू, एमएमएमयूटी जैसे संस्थानों से सहयोग लें। सड़क निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश की एफडीआर तकनीक को भारत सरकार ने सराहा है। इसे लोक निर्माण विभाग में भी प्रभावी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहीं भी मैनपावर की कमी न रहे। हमें नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी होने तक आउटसोर्सिंग के माध्यम से योग्य युवाओं को जोड़ना चाहिए। गेट जैसे राष्ट्रीय परीक्षा को आधार मानकर उनकी योग्यता का प्रारंभिक आंकलन किया जा सकता है। ऐसे युवाओं को नियमित सेवा में वेटेज दिया जाए। इस संबंध में नीति तैयार कर प्रस्तुत करें। यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी लोकहित से जुड़ी किसी परियोजना में माफिया व अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को स्थान न मिले। उनके करीबी रिश्तेदारों और गैंग के गुर्गों को भी ठेके-पट्टे से दूर रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क बनाने वाली एजेंसी, ठेकेदार सड़क बनने के अगले 05 वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जाएं। ग्रामीण मार्गों का यातायात एवं अन्य बिंदुओं पर आधारित चौड़ीकरण किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में अधिकारी आवश्यक प्रस्ताव तैयार करें। निविदा प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाना चाहिए। योग्यता अनुभव, निष्ठा को वरीयता दें। योगी ने कहा कि भवन कार्यों हेतु केंद्रीय लोक निर्माण विभाग आधारित प्रदेशव्यापी एकल यूनिफाइड शेड्यूल रेट्स को अपनाया जाना चाहिए। इस पर विधिवत विचार किया जाए। ग्रामीण मार्गों से अन्य जिला मार्ग एवं अन्य जिला मार्गों से प्रमुख जिला मार्ग परिवर्तन हेतु नयी नीति तैयार करें। व्यापक जनहित में ऐसा किया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में रामपथ एवं भक्ति पथ के निर्माण में प्रदेश में प्रथम बार वाइट टॉपिंग व स्टैम्प्ड कंक्रीट तकनीक का प्रयोग कर नए उच्च स्तरीय मानकों के साथ मार्गों का निर्माण किया जा रहा है। ऐसे प्रयोग अन्य स्थानों पर किये जाने चाहिए। लोक निर्माण विभाग के सभी राज्य मार्गों, जिला मार्गों एवं अन्य जिला मार्ग सहित समस्त ग्रामीण मार्गों की भी जीआईएस मैपिंग कराई जाए। 01 किलोमीटर से अधिक पारस्परिक दूरी के गांवों को आपस में जोड़ने के लिए इंटर कनेक्टिविटी योजना को प्रभावी किया जाए। विभाग में ई-ऑफिस का सफलतापूर्वक पायलट किया जा चुका है। अब विभागाध्यक्ष कार्यालय और शासन माइल संचलन पूर्णतः डिजिटल माध्यम से किया जाए। इससे समयबद्धता और पारदर्शिता बढ़ेगी

# उप्र कांग्रेस ने पोस्टर जारी कर भाजपा से किया सवाल




**लखनऊ, (हि.स.)**। उत्तर प्रदेश कांग्रेस चुनावी मोड में आ गयी है। हर दिन बैठक, कार्यकताओं में उत्साह भरने के काम के साथ ही दूसरी पार्टियों के बड़े नेताओं को शामिल करने का सिलसिला चल रहा है। वहीं दूसरी तरफ भाजपा को घेरने के हर तरीके अपनाए जा रहे हैं। अभी शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पोस्टर जारी कर उप्र में गैस सिलेंडर के दाम कम करने की मांग की। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने सरकार बनने पर सिलेंडर के दाम कम करने का वादा किया है। इसको लेकर अजय राय ने घेरने की कोशिश की है। भाजपा ने राजस्थान में वादा किया है कि यदि उसकी सरकार बनी तो गैस सिलेंडर 450 रुपये में मिलेगा। वहीं छत्तीसगढ़ में भाजपा द्वारा वादा किया गया है कि वहां प्रदेश में सरकार बनने पर 500 रुपये में सिलेंडर दिया जाएगा। इसी मुद्दे को दशार्ते हुए यूपी कांग्रेस प्रदेश की भाजपा सरकार से पूछा है कि उप्र में यह कब होगा? 2024 में या 2027 में। इस संदर्भ में अजय राय का कहना है कि भाजपा सिर्फ वादा करना जानती है। उसको पूरा करना नहीं जानती। वह जनता को लाली पाप देती रहती है, जिसे जनता ने समझ लिया है और अब उसके भुलावे में नहीं आने वाली है।

# लातेहार पुलिस के समक्ष भाकपा माओवादी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण



**लातेहार, (हि.स.)**। भाकपा माओवादी के एरिया कमांडर जितेंद्र नगेसिया ने शुक्रवार को लातेहार पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीसी हिमांशु मोहन और एसपी अंजनी अंजन ने जितेंद्र नगेसिया को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मिली जानकारी के अनुसार गढ़वा जिले के भंडारिया का रहने वाला जितेंद्र नगेसिया पिछले पांच वर्षों से माओवादी संगठन से जुड़ा हुआ था। वह लातेहार जिले के बूढ़ा पहाड़ के एरिया में सक्रिय रहता था। इस पर लातेहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन नक्सली घटनाओं के मामले दर्ज हैं। आत्मसमर्पण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में जितेंद्र नगेसिया ने कहा कि वर्ष 2018 में नक्सलियों ने उनके गांव में आकर जबरदस्ती दबाव बनाकर संगठन में शामिल कर लिया था लेकिन सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर उसने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि बूढ़ा पहाड़ के इलाके को नक्सलियों से मुक्त करने के साथ पुलिस जनहित के कई कार्य भी लगातार कर रही है। इसी से प्रभावित होकर नक्सली जितेंद्र नगेसिया ने सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ लेते हुए पुलिस का समक्ष आत्मसमर्पण किया है।

उन्होंने क्षेत्र में सक्रिय अन्य नक्सलियों से भी अपील किया है कि सरकार के आत्मसमर्पण नीति का लाभ लेकर समाज के मुख्य धारा में जुड़े और अपना जीवन परिवार के साथ खुशहाल पूर्वक बिताएं। डीसी हिमांशु मोहन ने कहा कि कमाई के लिए अपराध का रास्ता अपने वाले कभी भी खुशहाल नहीं रहते। उन्होंने नक्सलियों से अपील किया कि समाज की मुख्य धारा से जुड़कर मेहनत करें। सही रास्ते पर चलकर मेहनत करने वालों को प्रशासन और पुलिस हर कदम पर मदद करने को तैयार है।

# नीतीश कभी अपने मौलिक सोच एवं विचारों से समझौता नहीं करते : विजय चौधरी




**पटना, (हि.स.)**। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के एक साक्षात्कार में नीतीश कुमार पर संगति का असर पड़ने वाली बात पर प्रतिक्रिया देते हुए शुक्रवार को संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सबसे अधिक भाजपा के नेता ही इस बात के साक्षी रहे हैं कि नीतीश कुमार चाहे किसी दल या गठबंधन में रहें, वे कभी अपने मौलिक सोच एवं विचारों से समझौता नहीं करते। विजय चौधरी ने कहा कि यही कारण है कि गठबंधन बदल जाने पर भी बिहार के प्रगति की रफ्तार बाधित नहीं होती। चौधरी ने कहा कि दरअसल, जातीय गणना का चुनौती भरा कार्य देश में पहली बार सफलतापूर्वक सम्पन्न करने एवं इनके आंकड़े के आधार पर दलितों, पिछड़े एवं अति-पिछड़ों के लिए आरक्षण सीमा बढ़ाने के साथ सभी जाति के गरीबों की पहचान कर उनके आर्थिक विकास की योजना बनाने के निर्णय से भाजपा बेचैनी महसूस कर रही है। अभी तो बिहार से सीख लेकर पूरे देश में जातीय जनगणना कराकर दलितों, पिछड़ों-अति पिछड़ों के साथ सभी जाति के गरीबों के साथ न्याय कराना ही राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा है। मंत्री चौधरी ने कहा जान-बूझकर गरीबों की हकमारी करने के लिए ही भाजपा राष्ट्रीय विमर्श के मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाना चाहती है।

# कुशीनगर-दिल्ली उड़ान सेवा बंद, यात्रियों की सांसत

**कुशीनगर, (हि.स.)**। कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए उड़ान भर रही विमानन कम्पनी स्पाइस जेट ने दीपावली व छठ पर्व में जहाज से घर आने जाने के सपना संजोए हजारों लोगों को आहत कर दिया है। कम्पनी ने 5 नवंबर से उड़ान बंद कर रखी है। विगत 13 दिनों से सेवा ठप है। कम्पनी ने 30 नवंबर तक सेवा बंद रखने की बात कही है। ऐसे में इस सेवा का लाभ उठा रहे पूर्वी यूपी और प. बिहार के हजारों यात्री फेस्टिवल सीजन में मायूस हुए है और 600 करोड़ की लागत से बने एयरपोर्ट के औचित्य पर सवाल उठा रहे हैं। कम्पनी के अधिकारी उड़ान बंद करने के लिए फॉग का हवाला दे रहे हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों का कहना है कि उड़ान के लिए कोई दिक्कत नहीं है, मौसम अनुकूल है। इस एयरपोर्ट से कुशीनगर, महाराजगंज, देवरिया, गोपालगंज,सिवान, बेतिया, बगहा के यात्री दिल्ली आने जाने की सेवा का लाभ लेते है। फेस्टीव सीजन में कंपनी से 5 नवंबर से बुकिंग बंद कर दी। जिससे यात्रियों को निराशा हाथ लगी है। एयरपोर्ट निदेशक राजेंद्र प्रसाद लंका ने बताया कि एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से कोई दिक्कत नहीं है। उड़ान बंद करने का फैसला विमानन कम्पनी का है। मुख्यालय को अवगत करा दिया गया। उड़ान के लिए अनुकूल मौसम है।

# रोजगार खो चुके लोगों को फिर अवसर उपलब्ध कराना है : स्मृति ईरानी




**रायबरेली, (हि.स.)**। केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने कहा कि स्वनिधि योजना का उद्देश्य कोरोना काल में अपने रोजगार खो चुके लोगों को पुनः रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि पटरी दुकानदार लोगों को घर के दरवाजे तक जरूरी वस्तुएं उपलब्ध कराते हैं। साथ ही ग्रामीण तथा शहरी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। केंद्रीय मंत्री शुक्रवार को सालोन तहसील परिसर में स्वनिधि योजना के तहत ऋण वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने इस अवसर पर 1518 लोगों को ऋण चेक वितरित किये। इनमें से 1475 लोगों को दस हजार, 68 लोगों को बीस हजार और 80 से ज्यादा लोगों को पचास हजार का चेक वितरित किया। सांसद ने इस दौरान रेहड़ी पटरी दुकानदारों को धूप से बचाव के लिए छतरी भी वितरित किया। साथ ही उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र की रायबरेली जिले में पड़ने वाली सलोन विधानसभा में विशेष ऋण कैंप लगाने का जिलाधिकारी से अनुरोध भी किया। इस अवसर पर सलोन विधायक अशोक कोरी, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी उपस्थित रहे।

# झारखंड पवेलियन में खूब पसंद किए जा रहे राज्य के पारम्परिक परिधान



**रांची/दिल्ली, (हि.स.)**। हर साल की तरह प्रगति मैदान का भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला अपने शीर्ष पर है। मेले में आने वाले लोग प्रदर्शनी देखने के साथ खरीदारी का भी खूब लुत्फ उठा रहे हैं। झारखंड पवेलियन में लगे ट्राइबल परिधान लोगो को खूब पसंद आ रहे हैं। झारखंड में तसर सिल्क बहुत मात्रा में उत्पादित किया जाता है। ऐसे में पवेलियन में सिल्क की साड़ियां और सूट के स्टाल पर खासी भीड़ दिखी। ट्राइबल लोगों की अपनी अलग ही संस्कृति होती है, जिसकी झलक उनके कपड़ों पर देखी जाती है। यहां मिलने वाली साड़ियों पर ट्राइबल आर्ट का ही प्रिंट देखा जा रहा है। ट्राइबल परिधान की बिक्री कर रहे दामु बोदरा ने कहा कि उनके स्टाल पर सिल्क और कॉटन की पारम्परिक साड़ियां है, जिसकी कीमत 1000 से 3500 है। उन्होंने कहा कि हम अपने कपड़ो पर प्राकृतिक रंगो द्वारा अपने ही कारीगरों द्वारा पेंटिंग या कढ़ाई करवाते है, जिससे की पहनने वाले को उसके नेचुरल लुक का आभास होता है। साथ ही हमारी कोशिश है कि हम अपनी लोक संस्कृति को अपने काम के माध्यम से लोगों तक पहुचाएं, जिसमें ट्राइबल डांस, इंस्ट्रूमेंट, प्रकृति की झलक मिलती है। ट्राइबल महिलाएं शादी के पहले हरे रंग की साड़ी और शादी के बाद लाल रंग की साड़ी पहनती है, जिसकी बिक्री यहां की जा रही है।

जोहार ग्राम के नाम से झारखंड के पारम्परिक परिधानों को बेचने वाले आशीष सत्यव्रत साहू ने कहा कि उनके द्वारा बेचे जा रहे कपड़े पारम्परिक और ऑर्गेनिक हैं। ये कपड़े झारखंड के आदिवासी समुदाय जैसे खड़िया, मुड़ा, उरांव आदि उपयोग करते हैं। पवेलियन में झारखंड की पिनदना साड़ी, वीरू गमछा और कुखना शाल और आधुनिक परिधान की बिक्री कर रहे हैं। इसके अलावा उनके पास जैकेट, ओवरकोट, शर्ट, टोपी, मास्क और बेतरा लुगा उपलब्ध है।

उनकी पैकिंग भी झारखंड के स्टेट ट्री सखुआ के पत्तों के साथ किया जाता है। उन्होंने इसकी शुरूआत मार्च 2019 में जिला उद्योग केंद्र के प्रोजेक्ट पास होने के बाद शुरू की थी, जिसमें बाद उन्हें सरकार की तरफ से 15 प्रतिशत की सब्सिडी भी मुहैया कराई गई थी। वर्तमान में वे सभी कपड़े स्थानीय बुनकरों से खरीदते हैं, जिससे उनके संस्थान के साथ लगभग 30 बुनकर परिवारों को भी रोजगार मिलता है।

# सांसद चंदन सिंह ने किया छठ घाट का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए कई निर्देश



**नवादा, (हि.स.)**। नवादा के सांसद चंदन सिंह शुक्रवार को नवादा नगर के सूरज मंदिर सूर्यघाट, नारदीगंज प्रखंड के हडीया सूर्य मंदिर घाट सहित कई घाटों का निरीक्षण कर अधिकारियों को सुरक्षात्मक निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि इन छठ घाटों पर बड़ी संख्या में छठवर्ती शामिल होते हैं। जिस कारण असीमित भीड़ हो जाती है इसके नियंत्रण के लिए योजना बद्ध तरीके से काम करना जरूरी है। उन्होंने नवादा के जिलाधिकारी को फोन कर जिले के सभी छठ घाटों पर सुरक्षा के बेहतर इंतजाम करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि नवादा के नागरिक भी सजग तथा शांत भाव से पवित्रम छठ पर्व के लिए तैयारी करें। भाईचारे तथा पवित्र भावना के साथ छठ व्रतियों की सेवा में जुट जाएं। उन्होंने समाजसेवी संगठनों से भी आह्वान किया है कि हर छठ घाट पर सेवा शिविर स्थापित करें। जिसमें छठवर्तियों के साथ ही श्रद्धालुओं की बेहतर सेवा मुहैया की जा सके। सांसद ने कहा की प्रसिद्ध हडीयां छठ घाट पर राज्य के विभिन्न कोणों से छठवर्ती आते हैं। इसके लिए वहां का इंतजाम बेहतर करना जरूरी है। ताकि छठ व्रतियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने हर सामाजिक तथा राजनीतिक संगठनों से छठ वतीती की सेवा में तत्पर रहकर शांतिपूर्ण तरीके से पवित्रम छठ व्रत का समापन करने की बात कही है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि शशि भूषण सिंह बबलू, रवि गुप्ता, पवन गुप्ता, अभिमन्यु कुमार सिंह, राजा बाबू सहित बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता भी मौजूद थे। छठ घाट पर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार तथा उपाध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी ने संसद का अगवानी कर छठ घाटों का निरीक्षण कराया । इस अवसर पर जिले के प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

## संपादकीय

# क्यों हारे हिमाचली कलाकार

**बहुत** पहले कुल्लू दशहरा के सांस्कृतिक मंच से बेदखल होने पर नाटी किंग ठाकुर दास राठी के आंसू छलके थे और इस बार रामपुर की लवी ने हिमाचली गायक एसी भारद्वाज को परास्त कर दिया। लोक गायक का गुस्सा फूटना स्वाभाविक है और जिस तरह सोशल मीडिया पर हिमाचल की सांस्कृतिक नौटंकी का पर्दाफाश हो रहा है, उसे सामान्य नहीं माना जा सकता। कुछ तो रही होगी तेरी बेरुखी, वरना हम तेरी ही गलियों में क्यों चीखते। उम्मीद है एसी भारद्वाज जैसे लोकगायक का क्रंदन सरकार के गलियारों में सुना जाएगा। आश्चर्य यह कि जब दशहरा की सात सांस्कृतिक संध्याओं में से छह लूट कर बाहरी कलाकारों में बांट दी गई थी, तो भी खूब हल्ला हुआ था, लेकिन संस्कृति के हिमाचली कान अब सियासी हैं या फरेबी हैं जो कुछ सुनना नहीं चाहते। अब यही आरोप रामपुर की लवी की हकीकत में, स्थानीय कलाकारों की प्रताडऩा के सबूत दे रहा है। बाकी सांस्कृतिक समारोह भी इसी परंपरा के गवाह बन रहे हैं यानी जिस हिमाचली संस्कृति के उत्थान के नाम पर समारोह हो रहे हैं, वहां स्थानीय कलाकार ही हर बार हार रहा है। बेशक इन सांस्कृतिक समारोहों की संख्या लगातार बढ़ रही है और बढ़ रहा है भारी बजट का जलवा, लेकिन सारे तामझाम के नीचे न हिमाचल की संस्कृति का संवद्र्धन और न ही स्थानीय कलाकार को मिल रही इज्जत। सांस्कृतिक समारोहों के आय-व्यय का हिसाब पहले पारदर्शिता के अभाव में एक ऐसा दस्तूर बन गया है, जहां ये स्थानीय विधायक या मंत्री की अपनी शानो शौकत में प्रशासनिक मजदूरी करवा रहा है। मंच पर न कला-संस्कृति विभाग की कोई ईमानदार कोशिश और न ही प्रशासन की कोई जवाबदेही। बस एक प्रदर्शन है थोड़ा सा हल्ला गुल्ला और मनपसंद के बाहरी कलाकारों को रसगुल्ला। यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि सांस्कृतिक समारोह बिना किसी नियमन, उद्देश्य-प्रक्रिया प्रणाली और पारदर्शिता के सिर्फ राजनीतिक पगडिय़ों का सवाल हो गए हैं। ऐसे-ऐसे समारोह राज्य स्तरीय हो गए या ऐसे आयोजन स्थल चुन लिए गए, जो कला संरक्षण के बजाय सियासी चाटुकारिता के पर्याय बन गए। प्रदेश की किसी भी सरकार ने आज तक मंदिरों की आय, वार्षिक मेलों व सांस्कृतिक समारोहों के आय-व्यय को एक लड़ी में पिरोकर नहीं देखा, वरना ये सारे आयोजन केवल तमाशा न बनते। होना यह चाहिए कि प्रदेश के कला, संस्कृति एवं भाषा, पर्यटन तथा सूचना एवं जनसंपर्क जैसे विभागों को मिला कर एक सशक्त विभाग की परिकल्पना करनी चाहिए और जिसके तहत एक मेला विकास प्राधिकरण, एक मंदिर विकास प्राधिकरण तथा कला एवं संस्कृति की एक स्वतंत्र अकादमी होनी चाहिए, जबकि भाषा विभाग को शिक्षा विभाग के सुपुर्द कर देना चाहिए या इसके लिए अलग से अकादमी होनी चाहिए। प्रदेश में सौ के करीब बड़े-छोटे वार्षिक मेले, करीब दर्जन भर सांस्कृतिक समारोह तथा तरह-तरह के धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं, जिनके तहत लोक कलाओं, कलाकारों, व्यापारियों और भजन मंडलियों का संरक्षण हो सकता है। अगर हम इन तमाम आयोजनों के तहत अब तक करीब दो सौ करोड़ भी खर्च कर रहे हैं, तो यह आय अपना उद्देश्य पूरा नहीं कर रही। आश्चर्य यह कि हिमाचल में कोई ऐसा कला केंद्र नहीं जहां नियमित कलाकारों को अवसर मिलें। ऐसे में प्रदेश के लगभग छह से आठ मंदिर परिसरों को कला केंद्र मान कर इनके साथ सभागार व प्रदर्शनी स्थल विकसित करने होंगे ताकि श्रद्धालुओं को हर सायं सांस्कृतिक संध्याएं देखने सुनने को मिल सकें। वार्षिक मेलों व सांस्कृतिक समारोहों के आयोजन अगर मेला प्राधिकरण के तहत होते हैं, तो हिमाचल का एक ऐसा कैलेंडर सामने आएगा जो हर लोक कलाकार को उसके कद के मुताबिक अवसर प्रदान करेगा। तमाम कलाकारों की रैंकिंग करके प्राधिकरण इन्हें वार्षिक अनुबंध के आधार पर मेले, सांस्कृतिक या धार्मिक आयोजन आबंटित कर पाएगा। इससे न बंदरबांट रहेगी और न ही कलाकारों की उपेक्षा होगी। इतना ही नहीं पर्यटक सीजन और विभिन्न पर्यटन के अवसरों के दौरान सांस्कृतिक आयोजनों की कई नई श्रृंखलाएं जोड़ी जा सकती हैं, जबकि प्रदेश के प्रमुख शहरों में संगीत सम्मेलन, लोक कलाकार, महोत्सव व रेडियो-टीवी कलाकार सम्मेलन भी करवाए जा सकते हैं। दरअसल मेलों, सांस्कृतिक व धार्मिक समारोहों के वर्तमान आयोजन केवल सियासी झंडियां हैं, जहां बाहरी कलाकारों को दलालों द्वारा बुला कर समय, धन और औचित्य को बर्बाद किया जा रहा है।

सांस्कृतिक समारोहों के आय-व्यय का हिसाब पहले पारदर्शिता के अभाव में एक ऐसा दस्तूर बन गया है, जहां ये स्थानीय विधायक या मंत्री की अपनी शानो शौकत में प्रशासनिक मजदूरी करवा रहा है। मंच पर न कला-संस्कृति विभाग की कोई ईमानदार कोशिश और न ही प्रशासन की कोई जवाबदेही। बस एक प्रदर्शन है थोड़ा सा हल्ला गुल्ला और मनपसंद के बाहरी कलाकारों को रसगुल्ला। यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि सांस्कृतिक समारोह बिना किसी नियमन, उद्देश्य-प्रक्रिया प्रणाली और पारदर्शिता के सिर्फ राजनीतिक पगडिय़ों का सवाल हो गए हैं। ऐसे-ऐसे समारोह राज्य स्तरीय हो गए या ऐसे आयोजन स्थल चुन लिए गए, जो कला संरक्षण के बजाय सियासी चाटुकारिता के पर्याय बन गए। प्रदेश की किसी भी सरकार ने आज तक मंदिरों की आय, वार्षिक मेलों व सांस्कृतिक समारोहों के आय-व्यय को एक लड़ी में पिरोकर नहीं देखा, वरना ये सारे आयोजन केवल तमाशा न बनते। होना यह चाहिए कि प्रदेश के कला, संस्कृति एवं भाषा, पर्यटन तथा सूचना एवं जनसंपर्क जैसे विभागों को मिला कर एक सशक्त विभाग की परिकल्पना करनी चाहिए और जिसके तहत एक मेला विकास प्राधिकरण, एक मंदिर विकास प्राधिकरण तथा कला एवं संस्कृति की एक स्वतंत्र अकादमी होनी चाहिए, जबकि भाषा विभाग को शिक्षा विभाग के सुपुर्द कर देना चाहिए या इसके लिए अलग से अकादमी होनी चाहिए।

## कुछ अलग

# विराट-शमी का फाइनल

**वाह** क्या सेमीफाइनल मैच था!! विराट कोहली और मुहम्मद शमी के लिए तो यह फाइनल मैच था। विराट ने ऐतिहासिक 50वां एकदिनी शतक लगा कर महान सचिन तेंदुलकर का कीर्तिमान पार किया, तो शमी की सटीक और तूफानी गेंदों ने 57 रन देकर 7 विकेट उखाड़ दिए। अभूतपूर्व, अविश्वसनीय क्रिकेट थी यह! शमी पहले भारतीय और अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज हैं, जिन्होंने विश्व कप के सेमीफाइनल में ऐसा सशक्त और विविधतापूर्ण प्रदर्शन किया। शमी ने सभी विश्व कप मैचों में कुल 54 विकेट हासिल कर नया कीर्तिमान रचा है। अब भविष्य की कहानियां उन्हीं से शुरू होंगी और क्रिकेट की पीढिय़ां उनकी गेंदबाजी का अध्ययन करेंगी। शमी पहले भारतीय गेंदबाज हैं, जिन्होंने न्यूजीलैंड के बोल्ट और ऑस्ट्रेलिया के स्टार्क सरीखे गेंदबाजों के रिकॉर्ड पुराने कर दिए हैं। और नए मील-पत्थर अपने और भारत के नाम दर्ज कराए हैं। शमी ने विश्व कप मैचों में कुल 8 बार 4 या उससे अधिक विकेट उखाड़े हैं और मौजूदा टूर्नामेंट में 4 बार 5 या उससे अधिक विकेट हासिल किए हैं। ये सभी कीर्तिमानी प्रदर्शन हैं, जो विश्व कप के 'सर्वश्रेष्ठ प्लेयर' की जमात में उन्हें शामिल कर रहे हैं। शमी अभी तक सर्वाधिक 23 विकेट ले चुके हैं और औपचारिक फाइनल मैच अभी शेष है। ईमानदारी और आत्मा से विश्लेषण करें, तो सेमीफाइनल मैच शमी की गेंदबाजी ने ही जिताया है। बेशक विराट के 117 रन, श्रेयस अय्यर के ताबड़तोड़ 105 रन और कप्तान रोहित शर्मा की छक्केदार बल्लेबाजी के साथ शुभमन गिल के नाबाद 80 रनों की बदौलत ही टीम इंडिया 397 रनों का 'हिमालय' खड़ा करने में सफल रही, लेकिन शमी एक के बाद एक विकेट नहीं उखाड़ते, तो न्यूजीलैंड वह लक्ष्य भी पार कर सकता था। जब तक मिचेल और विलियम्सन मैदान पर थे, तब तक रनों की मूसलाधार बारिश हो रही थी, जिसे फिलिप्स ने और भयंकर बना दिया था। शमी ने उनकी निरंतरता को बार-बार तोड़ा, नतीजतन टीम इंडिया 70 रनों से जीत कर चौथी बार फाइनल में पहुंची है। बेशक बुमराह, कुलदीप यादव, सिराज ने 1-1 विकेट हासिल किए, लेकिन जडेजा इस बार खाली हाथ ही रहे। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज बेहद आक्रामक क्रिकेट खेल रहे थे। बहरहाल विश्व कप के सेमीफाइनल में 397 रनों की पारी का 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन' भी भारत के हिस्से दर्ज किया गया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 2015 के सेमीफाइनल में 338 रनों का सबसे बड़ा स्कोर बनाया था। वह कुल पांच बार विश्व चैम्पियन बना है। अब समीकरण और खेल के तेवर बदल चुके हैं। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया को लगातार पराजित करती आई है। बहरहाल यही मैच क्रिकेट के नए 'विराट' और 'करिश्माई गेंदबाज' शमी के लिए विश्व कप का फाइनल साबित हुआ है। विराट 711 रनों, तीन शतकों समेत, के साथ प्रथम स्थान पर हैं। इस संदर्भ में भी उन्होंने अपने 'आदर्श' और 'खेल की प्रेरणा' सचिन तेंदुलकर का 2003 के विश्व कप का 673 रनों का रिकॉर्ड तोड़ा है। यदि क्रिकेट की दुनिया में कोई खिलाड़ी सचिन के कीर्तिमानों को छूकर पार जा सकता है, तो वह सिर्फ विराट कोहली ही हैं।


## मुगल मंगोलों के आक्रमण हुए तो उसको चुनौती देने वालों में से वाल्मीकि समाज अग्रणी भूमिका में था

# वाल्मीकि समाज का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

अयोध्या नरेश दशरथ, उनके सुपुत्र श्री रामचन्द्र जी, राम वनवास, राम-वरण विवाद, राम द्वारा सामान्य जन का संगठन खड़ा करना और उसी संगठन के बलबूते महाशक्तिशाली रावण को पराजित करना, अयोध्या का शासन सम्भालना, सीता को लेकर लोकोपवाद, लोकतन्त्र लोकलाज से चलता है- सूत्र की घोषणा और सीता का त्याग, सीता जी का महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में आश्रय ग्रहण करना, वाल्मीकि द्वारा सीता के पुत्रों लव-कुश को एक साथ शस्त्र व शास्त्र की साधना में निपुण करना, इनमें से अनेक ऐतिहासिक प्रसंगों को उन्होंने लेखनीबद्ध किया और अनेक प्रसंग उनके आश्रम में ही घटित हुए।

**भारत** के वाल्मीकि समाज का यहां के सप्त सिन्धु समाज से घनिष्ठ संबंध है। महर्षि वाल्मीकि जी का आश्रम पंजाब में अमृतसर के समीप स्थित है। यह आश्रम यहां के तीर्थ स्थानों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इस आश्रम की प्रसिद्धि के दो मुख्य कारण हैं। यहां बैठ कर महर्षि वाल्मीकि ने श्री रामचन्द्र जी के इतिहास को लिपिबद्ध किया था। अयोध्या नरेश दशरथ, उनके सुपुत्र श्री रामचन्द्र जी, राम वनवास, राम-वरण विवाद, राम द्वारा सामान्य जन का संगठन खड़ा करना और उसी संगठन के बलबूते महाशक्तिशाली रावण को पराजित करना, अयोध्या का शासन सम्भालना, सीता को लेकर लोकोपवाद, लोकतन्त्र लोकलाज से चलता है- सूत्र की घोषणा और सीता का त्याग, सीता जी का महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में आश्रय ग्रहण करना, वाल्मीकि द्वारा सीता के पुत्रों लव-कुश को एक साथ शस्त्र व शास्त्र की साधना में निपुण करना, इनमें से अनेक ऐतिहासिक प्रसंगों को उन्होंने लेखनीबद्ध किया और अनेक प्रसंग उनके आश्रम में ही घटित हुए। यह ठीक है कि रामचन्द्र जी के अनेक प्रसंग छिटपुट रूप से अनेक ग्रन्थों में मिल जाते थे, लेकिन यह महर्षि वाल्मीकि जी ही थे जिन्होंने इस पूरे इतिहास को समग्र रूप से एक साथ लिपिबद्ध करके भारतीय इतिहास और राजनीति के इस प्रारंभिक इतिहास को सुरक्षित रखने में अवश्य ही कालजयी भूमिका निभाई। दरअसल रामचन्द्र जी के इतिहास से संबंधित अनेक पुरुष/स्त्री इसी सप्त सिन्धु क्षेत्र से ताल्लुक रखते थे। रामचन्द्र जी की माता कौशल्या जी पटियाला के समीप घड़ाम गांव से थीं। आजकल भी पटियाला के राजकीय चिकित्सालय का नाम माता कौशल्या के नाम पर ही है। कैकेयी भी कैकेय प्रदेश यानी गन्धार की थी। रामचन्द्र जी के बेटों लव-कुश ने पंजाब के दो प्रसिद्ध शहर लाहौर और कसूर की स्थापना की। वाल्मीकि जी के इस आश्रम की ख्याति चहुं ओर फैल रही थी। विश्वामित्र और वासिष्ठ जी के आश्रम भी चर्चित थे, लेकिन वाल्मीकि के आश्रम में भारत का इतिहास लिखा जा रहा था और दूसरी ओर भविष्य में सुरक्षा की सशक्त दीवार का निर्माण किया जा रहा था। लव-कुश के साथ ही हजारों युवा शस्त्रों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। यहां देश की सामाजिक व्यवस्था में भी एक नया प्रयोग कर रहा था। अभी



तक की सामाजिक व्यवस्था में जो ज्ञान अर्जित करने में रुचि रखता था, उसे शस्त्रों के प्रशिक्षण की जरूरत नहीं समझी जाती थी। जो शस्त्रों का प्रशिक्षण प्राप्त करते थे, उनका ज्ञान साधना से कोई ताल्लुक नहीं होता था। लेकिन महर्षि वाल्मीकि भविष्य द्रष्टा थे। वे देश के भविष्य को देख रहे थे। हजारों वर्षों दूर के भविष्य को। यही कारण था कि उनके आश्रम में लव-कुश के साथ देश के हर हिस्से, विशेषकर सप्त सिन्धु क्षेत्र के युवा एक साथ ही शस्त्र और शास्त्र की साधना कर रहे थे। राम के इतिहास का पूर्वाद्र्ध इन्हीं आश्रमों से जुड़ा हुआ था, लेकिन वाल्मीकि महाराज के आश्रम की महत्ता इसलिए थी कि वे राम की सन्तान को प्रशिक्षित करके इस यात्रा के सनातन प्रवाह को आगे बढ़ा रहे थे। लेकिन अब वाल्मीकि जी से शस्त्र व शास्त्र की शिक्षा केवल लव-कुश ही नहीं ले रहे थे बल्कि सप्त सिन्धु क्षेत्र के लाखों युवा इस आश्रम की ओर खिंचे चले आ रहे थे। महर्षि वाल्मीकि के लिए वे सभी लव और कुश का रूप ही हो गए थे। भारत के कोने कोने से लोग वाल्मीकि आश्रम की ओर खिंचे चले आ रहे थे। ये लोग सभी जातियों, सभी वर्णों के थे। आज जिनको जनजाति समुदाय भी कहा जाता है, उन समुदायों के लोग भी यहां थे। वाल्मीकि आश्रम सही अर्थों में, यदि आज की शब्दावली का प्रयोग करना हो तो सामाजिक समरसता का राष्ट्रीय मंच बन गया था। लेकिन यकीनन इसमें सप्त सिन्धु क्षेत्र के लोग सर्वाधिक थे। पश्तून, बलोच, जाट, बलती, दरद, सप्त सिन्धु क्षेत्र का ऐसा कौनसा समुदाय था जो महर्षि वाल्मीकि आश्रम की ओर खिंचा नहीं चला आ रहा था। लेकिन इन सभी समुदायों की अलग अलग पहचान समाप्त होकर एक नई पहचान उभर रही थी। महर्षि वाल्मीकि के शिष्य होने के नाते ये सभी भी वाल्मीकि हो गए। लेकिन आखिर महर्षि वाल्मीकि जी ने सारे देश में से अमृतसर को ही अपने आश्रम के लिए क्यों चुना? सप्त सिन्धु/पश्चिमोत्तर भारत ही उनके इस नए प्रयोग की साधना स्थली क्यों बना? वाल्मीकि त्रिकालदर्शी थे। वे भविष्य को पढ़ ही नहीं, स्पष्ट देख रहे थे। इसी सप्त सिन्धु के दर्रा खैबर से हिन्दुस्तान पर विदेशी आक्रमणों की एक लम्बी श्रृंखला शुरू होने वाली थी। उसके लिए ऐसी समाज रचना की जरूरत थी जो उसका मुकाबला कर सके। वाल्मीकि जी उसी काम में लगे थे। लेकिन साथ ही रामचन्द्र की शासन व्यवस्था का विश्लेषण भी कर रहे थे ताकि आने वाले शासकों के लिए यह शासन व्यवस्था रोल मॉडल बन सके। यही वाल्मीकि का राम राज्य था, जिसे तुलसीदास ने हजारों साल बाद भी जन भाषा में सूत्रबद्ध करते हुए लिखा- दैहिक दैविक भौतिक तापा, रामराज्य सपनेहुं न व्यापा। लेकिन महर्षि वाल्मीकि ने वाल्मीकि के नाम से यह जो सामाजिक समरसता के आसन पर नया समुदाय प्रशिक्षित किया था, क्या संकट काल आने पर उस कसौटी पर पूरा उतरा? इसमें कोई शक ही नहीं कि जब पश्चिमोत्तर द्वार से भारत पर अरबों, तुर्कों, मुगल मंगोलों के आक्रमण हुए तो उसको चुनौती देने वालों में से वाल्मीकि समाज अग्रणी भूमिका में था। लेकिन उससे पहले हजारों वर्षों तक इस समाज ने देश में ज्ञान की ज्योति भी प्रज्ज्वलित करने में अपनी भूमिका निभाई। लेकिन दुर्भाग्य से इतिहासकारों ने न तो इस दिशा में शोधकार्य किया, न ही वाल्मीकि समाज की संरचना और उसकी गोत्र प्रणाली को समझने की दिशा में कदम उठाया। ज्ञान और शौर्य के शिखर पर बैठा समुदाय धीरे धीरे अधोगति की ओर कैसा चल पड़ा? समाजशास्त्रियों को इन प्रश्नों के उत्तर तलाशने चाहिए थे, लेकिन वे एक रहस्यमय चुप्पी साधे रहे। यह ब्रिटिश चाल थी या स्वयं की निष्क्रियता थी, बाबा साहिब आम्बेडकर ने अपनी दो पुस्तकों 'शूद्र कौन थे' और 'अस्पृष्य कौन थे' के माध्यम से इन प्रश्नों के उत्तर तलाशने की कोशिश की थी लेकिन उनके देहान्त के बाद उनके इस काम को किसी ने नहीं पकड़ा। एक सहज अनुमान लगाया जा सकता है। तुर्कों व मुगल मंगोलों से टक्कर लेने में वाल्मीकि समाज अग्र पंक्तियों में था, लेकिन दुर्भाग्य से विदेशी हमलावर जीत गए थे।

# गोवा राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश का प्रदर्शन

पिछले वर्ष 2022 में गुजरात ने राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया। दो साल के अंतराल में होने वाले ये खेल कभी तो दस साल बाद भी आयोजित हुए हैं। इस बार भी ये खेल एक वर्ष बाद ही आयोजित हो गए। प्रदेश के खिलाडिय़ों ने भी राज्य ओलंपिक संघ के बैनर तले कुछ खेलों में अपना दम दिखाया और पदक जीत कर हिमाचल का नाम रोशन किया है। हिमाचल प्रदेश महिला कबड्डी टीम ने उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश की पदक तालिका को स्वर्ण पदक से सजाया है। पिछले दो दशकों से हिमाचल प्रदेश महिला कबड्डी का देश में दबदबा कायम है। जब राज्य में कबड्डी के लिए कोई भी छात्रावास नहीं था, तब 2000 में दयाराम चौधरी के प्रशिक्षण कार्यक्रम से निकली लड़कियों ने पुष्पलता के नेतृत्व में पहली बार राष्ट्रीय महिला खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

**भारत** के 2023 राष्ट्रीय खेल, जिसे भारत के 37वें राष्ट्रीय खेलों के रूप में भी जाना जा रहा है और भविष्य में गोवा राष्ट्रीय खेलों के नाम से भी जाना जाएगा। भारत के राष्ट्रीय खेलों का 37वां संस्करण गोवा में आयोजित हुआ। राष्ट्रीय खेलों में देश के विभिन्न राज्यों व सेना के लगभग 7000 एथलीटों ने 36 खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए अपना अपना दम दिखाया। पिछले वर्ष 2022 में गुजरात ने राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया। दो साल के अंतराल में होने वाले ये खेल कभी तो दस साल बाद भी आयोजित हुए हैं। इस बार भी ये खेल एक वर्ष बाद ही आयोजित हो गए। प्रदेश के खिलाडिय़ों ने भी राज्य ओलंपिक संघ के बैनर तले कुछ खेलों में अपना दम दिखाया और पदक जीत कर हिमाचल का नाम रोशन किया है। हिमाचल प्रदेश महिला कबड्डी टीम ने उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश की पदक तालिका को स्वर्ण पदक से सजाया है। पिछले दो दशकों से हिमाचल प्रदेश महिला कबड्डी का देश में दबदबा कायम है। जब राज्य में कबड्डी के लिए कोई भी छात्रावास नहीं था, तब 2000 में दयाराम चौधरी के प्रशिक्षण कार्यक्रम से निकली लड़कियों ने पुष्पलता के नेतृत्व में पहली बार राष्ट्रीय महिला खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। उसके बाद कबड्डी प्रशिक्षक मेहर चंद वर्मा साई धर्मशाला व स्वर्गीय कबड्डी प्रशिक्षक दौलतराम ठाकुर व रतन ठाकुर से राज्य खेल छात्रावास बिलासपुर में महिला कबड्डी खिलाडिय़ों को प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध हुईं और उत्कृष्ट प्रदर्शन भी सामने आते रहे हैं। एथलेटिक्स में हिमाचल प्रदेश की पदक तालिका को सुमन रावत ने तीन दशक पहले ही राष्ट्रीय खेलों में कई बार स्वर्ण पदकों से सजाया है। अमन सैनी ने भी स्वर्ण पदक सहित कई पदकों से हिमाचल प्रदेश की पदक तालिका को राष्ट्रीय खेलों में सजाया है। स्वर्ण पदक की परम्परा को जारी रखते हुए चंबा की सीमा ने दस हजार मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक व पांच हजार मीटर की दौड़ में भी अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकाल कर दूसरा स्वर्ण पदक जीता है। सीमा साई खेल छात्रावास धर्मशाला में एथलेटिक्स प्रशिक्षक केहर सिंह पटियाल के प्रशिक्षण कार्यक्रम से निकल कर आजकल भोपाल में विशेष व गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। अगले साल ओलंपिक खेलों में इस धाविका से काफी उम्मीद है। हिमाचल को महिला हैंडबाल में स्नेहलता की टीम ने इस बार भी अपना जलवा दिखाते हुए स्वर्ग पदक दिलाया है। हिमाचल प्रदेश के मुक्केबाज आशीष कुमार ने रजत व आशीष वनडोर ने कांस्य पदक जीत कर पदक तालिका में योगदान दिया है। वुशू में हिमाचल प्रदेश को प्रशांत व अशीम मोहम्मद ने अपने अपने वजन में कांस्य पदक जीत कर मान बढ़ाया है। पिछल कई वर्षों से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाडिय़ों को उनके द्वारा जीते गए पदकों के लिए ईनाम बांट समारोह आयोजित नहीं हुआ है। अब तो प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह जल्दी ही अपने पदक विजेता खिलाडिय़ों के लिए ईनाम बांट समारोह आयोजित कर हिमाचल को गौरव दिलाने वालों को सम्मान दे। इसके अलावा अगर हम हिमाचल में खेल की मूलभूत सुविधाओं की चर्चा करें, तो खेल ढांचे को और सुदृढ़ करने की जरूरत है।



आजकल खेलों में प्रतिस्पर्धा बहुत बढ़ गई है। अतः खास सुविधाएं पाने वाले खिलाड़ी ही खेलों में अपना नाम ऊंचा कर पाते हैं। खेल सुविधाओं के बल पर कभी पंजाब खेलों में बहुत आगे था। अब हरियाणा भी खेलों में बहुत उन्नति कर रहा है। वहां खिलाडिय़ों को अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय मुकाबले जीतने पर बड़े-बड़े इनाम दिए जाते हैं। हिमाचल में विजेता खिलाडिय़ों को सरकार की ओर से नाममात्र के पुरस्कार दिए जाते हैं। इसके कारण हिमाचल में खिलाड़ी खेलने के लिए प्रेरित नहीं हो पाते हैं। जरूरत इस बात की है कि हिमाचल में भी माकूल खेल वातावरण तैयार किया जाए। यहां पर खेल प्रशिक्षण की पर्याप्त सुविधाएं भी नहीं हैं। इसके कारण प्रतिभाशाली खिलाड़ी अन्य राज्यों को पलायन कर जाते हैं। शेष खिलाड़ी अपना खेल कैरियर बीच में ही खत्म कर देते हैं। इस तरह हिमाचल खेल प्रतिभाओं से वंचित है। यहां पर खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए निजी तौर पर कुछ लोग आगे आए हैं। वे खिलाडिय़ों को बिना किसी शुल्क के प्रशिक्षित कर रहे हैं। सरकार को भी चाहिए कि निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे इन लोगों की आर्थिक मदद करे। हिमाचल में कुछ हद तक खेल ढांचा तैयार है, किंतु उसका सही उपयोग नहीं हो पा रहा है। खेल के मैदानों में लोग सुबह की सैर कर रहे होते हैं। होना यह चाहिए कि खेल के मैदानों को खेलों के लिए ही उपयोग किया जाए। बहरहाल, राष्ट्रीय खेलों में जिन खिलाडिय़ों ने बेहतर प्रदर्शन किया है, उन्हें सरकार को जल्द सम्मानित करना चाहिए। खिलाडिय़ों को प्रेरित करना होगा।

## देश दुनीया से

# सेमीफाइनल की गलतियों को फाइनल में न दोहराएं भारतीय गेंदबाज

**क्रिकेट** वर्ल्ड कप 2023 भारत की गेंदबाजी के लिए जाना जा रहा है, लेकिन जिस तरह से सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने 327 रन बनाए, उससे भारतीय गेंदबाजी कैंप में थोड़ी चिंता जरूर महसूस हुई है, क्योंकि अब तक कोई भी टीम भारत के खिलाफ 300 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सकी थी। भारतीय गेंदबाजों ने जिस तरह से अपना लोहा मनवाया है, उससे दुनिया भर के बल्लेबाज हैरान-परेशान जरूर हैं। अहमदाबाद में फाइनल से पहले निश्चित रूप से कोच राहुल द्रविड़ अपने गेंदबाजों को पुराने फॉर्म में लाने की मशक्कत करेंगे। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पहले सेमीफाइनल में भारतीय बल्लेबाजों ने अपना बखूबी काम किया। कप्तान रोहित शर्मा ने तेज शुरुआत दी और शुभमन गिल ने कप्तान का बखूबी साथ दिया। हालांकि, रोहित अपना अर्द्धशतक पूरा नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने जो फाउंडेशन डाली, उसी के कारण भारत 397 रन तक पहुंच सका। शुभमन गिल के 80 रन, विराट कोहली के 117 रन और श्रेयस अय्यर के 105 रनों के अलावा के.एल. राहुल ने अंत में 20 गेंदों पर 39 रनों की शानदार पारी खेली। उम्मीद यही थी कि भारत न्यूजीलैंड को सस्ते में निपटा देगा और भारत एक बड़ी जीत दर्ज करेगा, लेकिन यहां तारीफ करनी होगी न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन और डेरिल मिशेल की, जिन्होंने तीसरे विकेट की साझेदारी में 181 रन जोड़े। जिस समय दोनों खिलाड़ी खेल रहे थे तो लग रहा था कि मैच भारत के हाथ से निकल गया है, लेकिन मोहम्मद शमी ने वापसी कराते हुए केन विलियम्सन को आउट किया और उसके बाद टॉम लाथम को शून्य पर पवेलियन भेजा। उसके बाद तो न्यूजीलैंड की टीम लड़खड़ा गई और ताश को पत्तों की तरह बिखर गई, लेकिन न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल और केन विलियम्सन ने भारतीय गेंदबाजों की पोल जरूर खोल दी। जसप्रीत बुमराह 10 ओवर में 64 रन देकर एक ही विकेट ले सके। मोहम्मद सिराज भी महंगे साबित हुए। सिराज ने नौ ओवर में 78 रन देकर एक विकेट ही लिया। रविंद्र जडेजा ने 10 ओवर में 63 दिए और उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। कुलदीप यादव ने 10 ओवर में 56 रन दिए और उन्हें एक ही विकेट मिला। मैन ऑफ द मैच मोहम्मद शामी सबसे सफल रहे और उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 57 रन देकर 7 विकेट लिए। वानखेड़े स्टेडियम में भारत को उम्मीद थी कि दोनों स्पिनर कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा चलेंगे, लेकिन दोनों ही विकेटों के लिए तरसते रहे, जो इससे पहले वर्ल्ड कप में नहीं हुआ था। भारतीय गेंदबाजों ने वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल से पहले खेल गए मैचों में ऑस्ट्रेलिया को 199 रन, अफगानिस्तान को 272 रन, पाकिस्तान को 191 रन, बांग्लादेश को 256 रन, न्यूजीलैंड को 273 रन, इंग्लैंड को 129 रन, श्रीलंका को 55 रन, साउथ अफ्रीका को 83 रन और नीदरलैंड को 250 रनों पर समेट दिया था। अहमदाबाद में फाइनल में भारत को अपनी बैटिंग के साथ बॉलिंग पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। मोहम्मद शमी के अलावा बाकी गेंदबाजों को भी अपना 100 प्रतिशत परफॉर्मेंस देना होगा। वैसे तो कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा अच्छा खेल रहे हैं, लेकिन फाइनल में रविचंद्रन अश्विन को भी भारत अंतिम 11 में शामिल कर सकता है। अहमदाबाद में भारत ने अपना पिछला मैच पाकिस्तान के खिलाफ खेला था और 7 विकेट से जीता था। अहमदाबाद में टॉस जीतकर भारत पहले गेंदबाजी करता है तो उसे एक मनोवैज्ञानिक लाभ जरूर मिलेगा। भारत अपने वर्ल्ड कप के तीसरे टाइटल से मात्र एक जीत पीछे है और 19 नवंबर को होने वाले मैच में निश्चित रूप से भारतीय खिलाड़ी कप लाने में जी-जान लगा देंगे।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पहले सेमीफाइनल में भारतीय बल्लेबाजों ने अपना बखूबी काम किया। कप्तान रोहित शर्मा ने तेज शुरुआत दी और शुभमन गिल ने कप्तान का बखूबी साथ दिया। हालांकि, रोहित अपना अर्द्धशतक पूरा नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने जो फाउंडेशन डाली, उसी के कारण भारत 397 रन तक पहुंच सका। शुभमन गिल के 80 रन, विराट कोहली के 117 रन और श्रेयस अय्यर के 105 रनों के अलावा के.एल. राहुल ने अंत में 20 गेंदों पर 39 रनों की शानदार पारी खेली। उम्मीद यही थी कि भारत न्यूजीलैंड को सस्ते में निपटा देगा और भारत एक बड़ी जीत दर्ज करेगा, लेकिन यहां तारीफ करनी होगी न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन और डेरिल मिशेल की, जिन्होंने तीसरे विकेट की साझेदारी में 181 रन जोड़े।

## दृष्टिकोण

# हार गए तो हार गए

**मैंने** कहा-'अमां यार परेशान क्यों होते हो, हार गये तो हार गये।' वे बोले-'यह बात नहीं है।' मैंने पूछा-'तो क्या बात है?' बोले-'वे जीत गये न।' 'तो क्या हुआ, चुनाव में एक जीतता है दूसरा हारता है।' 'आप नहीं समझेंगे भाईजी यह रहस्य?' 'इसमें रहस्य की बात क्या है? आप परेशान मत होइये, अभी चंद दिनों में सारी पोलें खुल जायेंगी और असलियत सामने आ जायेगी।' मेरे दिलासे से वे ज्यादा अधीर होकर बोले-'भाई जी आप ठहरे भावुक आदमी, यथार्थ के कठोर धरातल की सख्ती का आपको पता नहीं है। वे जीते हैं और मेरे सीने के नाग किस तरह फुंफकार रहे हैं आपको अंदाजा नहीं है।' मैंने कहा-'आप राजनेता हैं, सारे सदमे बर्दाश्त करते रहे हो, अब यह भी करो, हार गये तो हार गये।' 'आपको लगता है कि वे सरकार बना लेंगे।' 'मैं भी तो आपसे यही कह रहा था कि वे सरकार नहीं बना पायेंगे, मेंढक भी तुलते देखें है आपने कभी?' मैंने कहा-'आप सही फरमाते हैं, लेकिन मेरी तो एक बात समझ नहीं आई कि जब से आप हारे हैं और वे जीते हैं, पूरे शहर में दंगे हो रहे हैं, यह कौनसी पालिटिक्स है?' वे घुटे हुये थे, बोले-'जब तक नये चुनाव नहीं हो जाते तब तक शहर में यों ही आगजनी और लूटपाट होती रहेगी।' 'क्या मतलब?' 'मतलब साफ है, कुछ लोगों में वैचारिक मतभेद फैलाकर और कुछ में दहशत पैदा करने से हमारा वोट बैंक मजबूत होता है।' 'लेकिन हम तो धर्मनिरपेक्ष जो ठहरे। इस बात को तो मानते ही नहीं, सब समान हैं।' मैंने तर्क दिया तो उन्होंने बत्तीसी निकाल कर कहा-'यह सब बातें आपके लिये हैं, हमारे लिये सत्ता सुख से बड़ी और कोई बात नहीं है।' 'यह तो सोसाइटी के लिए बड़ी घातक स्थिति है।' मैंने कहा। वे बोले-'सोसाइटी का भला करने से कुछ नहीं मिलता भाई जी। बुरा करो तो वह सुरक्षा के लिए आसरा-तलाशती है, यह आसरा और कहीं नहीं, राजनेताओं की विशाल तोंदों के नीचे ही मिलता है।' 'लेकिन अब माफ कर दीजिए इन निरपराध भोले निरीह लोगों को, वे नहीं जानते, वे क्या कर रहे हैं। आप हार गये तो हार गये, कल जीत भी जायेंगे।' मैंने कहा। नेताजी ने टोपी को दोनों हाथों से ठीक किया और बोले-'भाई जी जब तक चुनाव दुबारा नहीं हों और मैं जीत नहीं जाऊं, तब तक मेरे पंजों की खुजली यों ही नहीं मिट जाने वाली।' 'आप जरा राष्ट्र की तो कद्र कीजिए।' 'जब राष्ट्र को मेरी परवाह नहीं तो मैं क्यों चिंता करूं?' 'तो अब क्या इरादा है?' 'मैं बिना कुर्सी के जी नहीं सकता।' 'तो मत जीवित रहिये।' 'जितने सहज रूप से आपने यह वाक्य बोल दिया, उतनी सहज स्थिति नहीं है भाई जी।' 'देखिये गुस्सा थूक दीजिए, हार गये तो हार गये, इतना बिगडऩे की क्या जरूरत है?' 'दरअसल आपको समझाये कौन? सत्ता के लिए कैसे-कैसे तालमेल हो रहे हैं। सिद्धान्तहीन रजनीति को जन्म देकर लोग सत्तारूढ़ हो रहे हैं। मैं मूल्यों की राजनीति करूं भी तो इससे क्या फर्क पडऩे वाला है।' वे बोले। मैंने कहा-'ऐसा करिये, थोड़े दिन इन थोथे चनों को भी देख लीजिए, व्यवस्था ज्यादा दिन चलेगी नहीं। अंत में सरकार मैं और आप दोनों मिलाकर बना लेंगे।'



# रूस के खिलाफ अमेरिका का एक्शन, सीमा शुल्क का उल्लंघन कर रूसी तेल ले जाने वाली कंपनियों-जहाजों पर रोक

**वाशिंगटन। रूस और अमेरिका के बीच खींचतान लगातार जारी है। इस बीच अमेरिका ने उन फर्मों और जहाजों पर रोक लगा दी, जो बहुराष्ट्रीय मूल्य सीमा का उल्लंघन करके रूसी कच्चा तेल ले जाने के लिए अमेरिका सेवा प्रदाताओं का इस्तेमाल करते थे।**

इसके अलावा, अमेरिका ने क्रेमलिन के प्रभाव से जुड़े बाल्कन लोगों और फर्मों पर भी प्रतिबंध लगाया है। माल परिवहन करने से ब्लैकलिस्ट किया मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के ट्रेजरी विभाग के विदेश संपत्ति नियंत्रण कार्यालय यूएई स्थित तीन फर्मों और जहाजों को प्रतिबंधित किया है। यह फर्म और जहाज 60 अमेरिकी डॉलर मूल्य सीमा के ऊपर रूसी कच्चे तेल को ले जाने के लिए अमेरिकी सेवा प्रदाताओं का इस्तेमाल करते थे। जहाजों पर कार्रवाई के कारण अमेरिकी सेवा प्रदाताओं के साथ माल परिवहन करने से ब्लैकलिस्ट कर दिया है।

### पिछले साल की कार्रवाई

बता दें, अमेरिका ने यूरोपियन यूनियन, जी-7 सदस्य देशों और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर मिलकर पिछले साल रूस द्वारा अपने तेल के लिए वसूले जाने वाले शुल्क पर 60 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल की सीमा लगा दी थी। यह कार्रवाई यूक्रेन के साथ युद्ध में रूस की कमर तोड़ने के लिए की गई थी। इस वजह से रूस की पुतिन सरकार को या तो अपना तेल छूट पर बेचने या एक महंगा वैकल्पिक शिपिंग नेटवर्क खोजने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### मुनाफे की कटौती के लिए तत्पर

अमेरिकी राजक वैली एडेइमो ने कहा कि यूक्रेन के खिलाफ रूस की आक्रमक नीतियों के बाद भी बाजार में स्थिरता बनाए रखने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं लेकिन साथ ही साथ हम रूस के मुनाफे की कटौती करने के लिए भी तत्पर हैं। ट्रेजरी के एक अन्य अधिकारी ब्रायन नेल्सन ने बताया कि रूस ने अंतरराष्ट्रीय संस्थानों और संगठनों में एकीकरण बाधित करने के लिए पश्चिमी बाल्कन में अपने प्रभाव का उपयोग करना जारी रखा है।

## न्यूज ब्रीफ

### मास्टरशेफ ऑस्ट्रेलिया के प्रतियोगी पॉल डगलस को 24 साल की जेल, 11 बच्चों का किया यौन उत्पीड़न

सिडनी। मशहूर कुकिंग शो मास्टरशेफ ऑस्ट्रेलिया के प्रतियोगी पॉल डगलस को बच्चों के यौन उत्पीड़न का



दोषी पाया गया है। अदालत ने पॉल डगलस को 24 साल जेल की सजा सुनायी है। पॉल पर आरोप है कि उन्होंने 10 साल से भी ज्यादा समय तक 11 बच्चों के साथ 43 बार यौन उत्पीड़न किया। सिडनी डाउनिंग सेंटर डिस्ट्रिक्ट की जज साराह हगेट ने गुरुवार को पॉल को सजा सुनायी। पॉल को साल 2019 में गिरफ्तार किया गया था और गिरफ्तारी के बाद चार साल तक मुकदमे की सुनवाई चली। पॉल पर आरोप है कि सिडनी साउथवेस्ट में स्विमिंग कोच रहते हुए पॉल ने यह अपराध किए। जांच में पता चला कि पॉल ने 1996 से लेकर 2009 तक बच्चों का यौन उत्पीड़न किया। सजा सुनाते हुए जज ने कहा कि आरोपी ने स्वीमिंग कोच रहते हुए बच्चों के बीच ऐसा माहौल बनाया, जिसमें वह बच्चों से खुलकर यौन संबंधी बातें और मजाक करता था। साथ ही उसने बच्चों के माता-पिता को भी अपनी बातों से ऐसे फंसाया कि 10 साल से ज्यादा समय तक उसका अपराध छिपा रहा। पॉल पर 10 साल तक के बच्चों के यौन उत्पीड़न का आरोप साबित हुआ है। बता दें कि पॉल डगलस मास्टरशेफ ऑस्ट्रेलिया में भी शिरकत कर चुका है और शो के अंतिम चरण तक पहुंचा था। 48 वर्षीय डगलस को आरोप लगने के बाद साल 2019 में उसके सिलवेनिया स्थित घर से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी से उसकी नौकरी चली गई। पॉल को अब जून 2047 तक जेल में रहना पड़ेगा और उसके बाद ही पॉल को जमानत मिल सकेगी।

### केरल के श्रीजू की दुबई में लगी 45 करोड़ की लॉटरी, जुड़वा बच्चों के पिता है 39 साल के विजेता

दुबई। यूएई में कई भारतीयों के लिए नवंबर धन वर्षा लेकर आया। इनमें से केरल के रहने वाले 39 साल



के श्रीजू को लॉटरी में 2 करोड़ यूएई दिरहम (45 करोड़ रुपए) का प्रथम पुरस्कार मिला। इसी तरह कई अन्य भारतीयों को भी लाखों-करोड़ों के पुरस्कार लॉटरी में मिले। इनमें से अधिकतर गरीब व निम्न मध्यम वर्ग से हैं। दुबई में भारतीयों को सबसे ज्यादा लॉटरी खरीदने के लिए भी जाना जाता है। दुबई में 11 साल से काम कर रहे कंट्रोल रूम ऑपरेटर श्रीजू ने माहजूज सैटरडे मिलियंस लॉटरी का 154वां ड्रॉ जीता। इसकी घोषणा बुधवार को हुई थी। श्रीजू के 6 साल के जुड़वां बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि इस पैसे से वे भारत में एक अच्छा घर खरीदेंगे। वहीं, माहजूज ने कहा, साप्ताहिक ड्रॉ के जरिए अब तक 64 लोग करोड़पति बने हैं। केरल के 36 वर्षीय शरत शिवादासन ने अमीरात ड्रॉ फास्ट में शनिवार को 11 लाख की लॉटरी जीती। वे दुबई में काम करते हैं। 9 नवंबर को मुंबई के मनोज भावसार ने भी इसी ड्रॉ में 16 लाख रुपए जीते। वे 16 साल से अबू धाबी में काम कर रहे हैं। 8 नवंबर को 60 साल के शिपिंग प्रबंधन अनिल ज्ञानचंदानी ने दुबई ड्यूटी फ्री मिलेनियम मिलिनेयर प्रमोशन लॉटरी में 10 लाख डॉलर (8.32 करोड़ रुपए) जीते। 8 नवंबर को ही दो भारतीयों ने माहजूज लॉटरी में 22-22 लाख रुपए जीते। इनमें शामिल 50 साल के शेरिन 20 साल से दुबई में रह रहे हैं।

### भारत के साथ व्यापार वार्ता नहीं, निज्जर मामले में जांच प्राथमिकता, कनाडा की मंत्री ने किया स्पष्ट

टोरंटो। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा-भारत के रिश्तों में आई खटास कम नहीं हो रही है। हाल ही में लग रहा था कि व्यापार को लेकर दोनों देशों के बीच के हालात सही हो रहे हैं, लेकिन कनाडा की एक वरिष्ठ मंत्री ने संकेत दिया है कि कनाडा सरकार व्यापार वार्ता बहाल करने की बजाय खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच में भारत से सहयोग कराने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सैन फ्रांसिस्को में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग बैठक के इतर पत्रकारों से बात करते हुए कनाडा की निर्यात संवर्धन, अंतरराष्टीय व्यापार और आर्थिक विकास मंत्री मैरी एनजी ने कहा कि अभी कनाडा का पूरा ध्यान जांच को आगे बढ़ाने पर है। एनजी के नेतृत्व में अक्तूबर में भारत में होने वाले टीम कनाडा व्यापार मिशन को भी रद्द कर दिया गया था। एनजी से जब पूछा गया कि क्या व्यापार वार्ता फिर से शुरू हो सकती है, इस पर उन्होंने कहा, कनाडा की धरती पर एक कनाडाई को खुलेआम मार दिया जाता है। इसलिए, आपने मुझे और सरकार को कहते सुना होगा कि जांच करना बहुत महत्वपूर्ण है। हम ऐसा होने देंगे। हालांकि उन्होंने जांच और बातचीत में सहयोग को सीधे तौर पर नहीं जोड़ा, लेकिन कहा, हमारा ध्यान निश्चित रूप से इस जांच पर है। कनाडाई प्रधानमंत्री ने निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्ता का आरोप लगाया था।

# हमें अभी और काम करना है, हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचे पर बोले अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन

वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग समूह की बैठक चल रही है। 11 से 17 नवंबर तक चलने वाली बैठक इकोनॉमिक लीडर्स रिट्रीट के साथ पूरी होगी। इसमें भाग लेने के लिए कई देशों के नेता अमेरिका पहुंचे हैं। इस दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचे (आईपीईएफ) में होने वाले महत्वपूर्ण घटनाक्रम पर बात की। उन्होंने अमेरिका द्वारा प्रस्तावित और 13 एपीईसी भागीदारों द्वारा समर्थित महत्वपूर्ण पहल में प्रगति की घोषणा की। बाइडन के संबोधन के दौरान भारत के प्रतिनिधि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी मंच पर मौजूद थे।



### आईपीईएफ में यह देश शामिल

हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचे पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, आज हम उस महत्वपूर्ण पहल पर प्रगति की घोषणा कर रहे हैं, जिसे हमने यहां अपने 13 सहयोगियों के साथ शुरू किया। यह सहयोगी ऑस्ट्रेलिया, फिजी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम और अमेरिका है।

### पिछले साल मई में शुरू हुआ था

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि इस ढांचे पर वार्ता पिछले साल मई में टोक्यो में शुरू की गई थी, जिसमें पर्याप्त प्रगति हुई थी। हालांकि, हमें अभी और काम करना है। उन्होंने सभी 21 एपीईसी अर्थव्यवस्थाओं के साथ तीन घंटे की बैठक पर भी प्रकाश डाला, जिसमें क्षेत्र में विकास और अवसर पैदा करने, विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने पर चर्चा पर जोर दिया गया।

इससे पहले, बाइडन ने भारत सहित प्रमुख देशों के साथ सहयोगी प्रयासों पर विशेष जोर देने के साथ सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### मैंने एक बात देखी कि वे भारत...

हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचे (आईपीईएफ) की बैठक पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, विश्व के नेताओं के साथ अपनी सभी बातचीत में मैंने एक बात देखी कि वे भारत के साथ अधिक जुड़ाव को लेकर बहुत उत्सुक हैं। वे भारत को एक ऐसे राष्ट्र के रूप में बहुत सम्मान में रखते हैं, जिसकी आवाज मायने रखती है। मुझे जो सम्मान मिला, उससे साफ पता चलता है कि दुनिया के लगभग सभी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत पसंद करते हैं। वे उनका बहुत सम्मान करते थे। हर कोई उनके बारे में पूछताछ कर रहा था और मैं स्पष्ट रूप से देख सकता हूं कि विश्व स्तर पर भारत की स्थिति काफी बदल गई है। अब हमें एक बहुत शक्तिशाली आवाज और एक आम सहमति निर्माता, एक देश और एक नेतृत्व के रूप में पहचाना जा रहा है जिस पर आप भरोसा कर सकते हैं।

### शी जिनपिंग का बड़ा बयान, बोले- चीन ने किसी भी देश की एक इंच जमीन पर कभी भी कब्जा नहीं किया

वाशिंगटन। चीन के राष्टपति शी जिनपिंग ने अमेरिका में एक बड़ा बयान दे दिया है। जिनपिंग का कहना है कि चीन ने किसी भी देश की एक इंच जमीन पर कभी भी कब्जा नहीं किया और न ही हमने कभी कोई युद्ध शुरू किया। बता दें, शी जिनपिंग फिलहाल एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन में शामिल होने अमेरिका की यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने अमेरिका के राष्टपति जो बाइडन से भी मुलाकात की। गुरुवार को रात्रि भोज के दौरान शी जिनपिंग ने यह बयान दिया। अमेरिकी राष्टपति जो बाइडन और उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग ने करीब एक साल बाद मुलाकात की। एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं की यह मुलाकात सैन फ्रांसिस्को के फिलोली एस्टेट में हुई। दोनों नेताओं की यह मुलाकात ऐसे समय में हुई जबकि, अमेरिका और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंध सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। विश्व में आर्थिक मंदी छाई हुई है, पश्चिम एशिया और यूरोप में युद्ध छिड़े हैं और ताइवान को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के सीईओ मुकेश अघी ने कहा कि अमेरिका और चीन संबंध सामान्य करने के प्रयास कर रहे हैं। भारतीय दृष्टिकोण से इस मुलाकात को देखें, तो दो कमजोर नेता साथ आए हैं। जबकि, भारत के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में एक मजबूत नेता हैं। ऐसे में भारत की इस बैठक पर पैनी नजर है।

# नेतन्याहू का छलका दर्द, गाजा में लोगों की मौत को कम करने के प्रयास में सफल नहीं रहा इजराइल



यरुशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि गाजा में हमास के खिलाफ लड़ाई के दौरान उनका देश नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। यहां तक कि भागने की चेतावनी देने वाले पर्चे तक बंटवाए गए, लेकिन हताहतों की संख्या को कम करने के प्रयास सफल नहीं रहे।

### सात अक्तूबर को किए गए हमले का बदला

एक अमेरिकी न्यूज चैनल ने नेतन्याहू से पूछा था कि क्या गाजा के सत्तारूढ़ हमास आतंकवादियों द्वारा सात अक्तूबर को किए गए हमले का बदला लेने के लिए इजराइल द्वारा हजारों फलस्तीनियों की हत्या से नफरत की एक नई पीढ़ी को बढ़ावा मिलेगा।

### नागरिकों की मौत एक त्रासदी

नेतन्याहू ने कहा, किसी भी नागरिक की मौत एक त्रासदी है। हम नागरिकों को नुकसान के रास्ते से बाहर निकालने के लिए सब कुछ कर रहे हैं, जबकि हमास उन्हें नुकसान पहुंचाने के लिए सब कुछ कर रहा है। इसलिए हम पर्चे भेजते हैं, उनको फोन करके कहते है कि जगह छोड़ दो और कई सारे लोग चले भी गए।

### सैन्य अभियान का लक्ष्य हमास को नष्ट करना

इजराइल का लगातार कहना है कि उसके सैन्य अभियान का लक्ष्य हमास को नष्ट करना है। इसी संदर्भ में पीएम ने कहा, दूसरी बात जो मैं कह सकता हूं वह यह है कि हम कम से कम नागरिक को नुकसान पहुंचाकर काम को पूरा करने की कोशिश करेंगे। हम कम से कम नागरिकों को हताहत करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, हम सफल नहीं हुए हैं।

### हमास की गलती लोगों पर भारी

हमास के हमले के जवाब में इजराइल के हफ्तों लंबे सैन्य अभियान का खामियाजा फलस्तीनी नागरिकों को भुगतना पड़ा है, जिसके बारे में इजराइल का कहना है कि इसमें 1,200 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर नागरिक थे।इजराइल के अनुसार हमास ने विभिन्न देशों के करीब 240 लोगों को बंधक बना लिया है।

# केंद्रीय मंत्री रिजिजू मालदीव पहुंचे, माले में राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में करेंगे शिरकत

**माले। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार को मालदीव पहुंचे। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू आज माले में एक समारोह में पद की शपथ लेंगे। रिजिजू के माले पहुंचने पर मालदीव के विदेश मंत्रालय और निर्वाचित राष्ट्रपति के कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।**



मालदीव के विदेश मंत्रालय ने एक पोस्ट में कहा कि किरेन रिजिजू राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए मालदीव पहुंचे। विदेश मंत्रालय और निर्वाचित राष्ट्रपति के कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए रिजिजू का मालदीव में स्वागत करते हुए उसे खुशी हो रही है।

### निवर्तमान राष्ट्रपति सोलिह से की मुलाकात

रिजिजू ने माले में मालदीव के निवर्तमान राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह से मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सोलिह के नेतृत्व में हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच संबंधों में हुई प्रगति और बहुआयामी साझेदारी पर चर्चा की। रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह से मुलाकात का सौभाग्य मिला। भारत-मालदीव की बहुआयामी साझेदारी पर चर्चा हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सोहिल के नेतृत्व में पिछले कुछ वर्षों में हुई जबरदस्त प्रगति भी शामिल थी।

# राष्ट्रपति हर्जोग बोले-भारत महान देश है, इजराइल की शांति-सुरक्षा के लिए आवाज उठा सकता है हिंदुस्तान

यरूशलम। इजराइल और हमास के बीच युद्ध जारी है, जिसमें 11 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच, इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने कहा कि भारत दुनिया का महत्वपूर्ण देश है। भारत पृथ्वी के सबसे महानतम देशों में से एक है। भारत शांति की वकालत करता है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि भारत निश्चित रूप से इजराइल की शांति के लिए आवाज उठा सकता है।



### भारत शांति की वकालत करता है

इजराइली राष्ट्रपति हर्जोग ने गुरुवार को एक साक्षात्कार में भारत की तारीफ की। उन्होंने कहा कि जुलाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इसके कुछ सप्ताह बाद ही मैंने भी संबोधन किया, जो मेरे लिए असल सम्मान है। भारत शुरू से ही शांति की वकालत करता है। भारत आज विश्व के सबसे प्रभावशाली देशों में से एक है। पृथ्वी के सबसे महान लोगों में भारतीय हैं। भारत निश्चित रूप से इजराइल की शांति और सुरक्षा के लिए आवाज उठा सकता है।

### गाजा के पुनर्निर्माम कैसे करें

हमास के साथ युद्ध के सवाल पर उन्होंने कहा कि आज युद्ध 41वें दिन में प्रवेश कर चुका है। भारत संघर्ष में मध्यस्थता में अहम भूमिका निभा सकता है। गाजा को विश्व का सबसे शांत क्षेत्र बनाना है। इजराइल और फलस्तीन के बीच बातचीत के लिए भारत महत्वपूर्ण योगदान कर सकता है। लोगों को यकीन नहीं होगा, लेकिन हम सोचते हैं कि कैसे गाजा का पुनर्निर्माण किया जाए। कैसे क्षेत्र में शांति स्थापित की जाए। इजराइली-फलस्तीनी कैसे आपस में सच्ची बातचीत करे, इस बारे में सोचना होगा। भारत इन सभी विचारों में अपना योगदान दे सकता है।

### आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं भारत-इजराइल

राष्ट्रपति ने आगे कहा कि भारत और इजराइल आतंकवाद से जूझ रहे हैं। मुंबई में आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें यहुदी समाज पर भी हमला किया गया। हम दोनों देश लंबे समय से आंतकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। हमें मुंबई का भयानक हमला याद है, जिसमें सैकड़ों यहूदी और गैर यहूदी लोगों की मौत हो गई थी। हमें इसका दुख है। आतंकवाद के साथ-साथ हम विज्ञान, प्रोद्योगिकी और चिकित्सा में भी अपना काम साझा करते हैं। उन्होंने भारत के लोगों और भारतीय नेतृत्व के प्रति स्नेह और मित्रता का संदेश व्यक्त किया। दो महान प्राचीन देशों के रूप में हम दुनिया में अहम योगदान दे सकते हैं।

# भारत हमेशा अंतरराष्ट्रीय संबंधों में सहयोग-समावेश का समर्थक, संयुक्त राष्ट्र में बोलीं रुचिरा कंबोज

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र की आम सभा के दौरान अपने संबोधन में कहा कि भारत हमेशा से सहयोग, समावेश और परामर्शात्मक दृष्टिकोण का समर्थक रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सदस्यों की संख्या बढ़ाने के मुद्दे पर कंबोज ने कहा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बहुपक्षीय सुधार की जरूरत है और भारत के इस रुख का बड़ी संख्या में अन्य देश भी समर्थन करते हैं।




### सुरक्षा परिषद में ग्लोबल साउथ की आवाज का प्रतिनिधित्व जरूरी

भारत की स्थायी प्रतिनिधि ने कहा कि अगर हम लंबे समय से लंबित इन मुद्दों को नहीं सुलझाएंगे तो यह हमारे समर्पण और सुरक्षा परिषद के प्रारूप के लिए यह बड़ी असफलता है। कंबोज ने इस पर भी हैरानी और नाराजगी जताई कि सुरक्षा परिषद में ग्लोबल साउथ की आवाज का प्रतिनिधित्व ही नहीं है! उन्होंने ये भी कहा कि इसमें देरी से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार में देरी होगी।

### अफ्रीकी यूनियन का किया जिक्र

भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई जी20 की बैठक में अफ्रीकी यूनियन को स्थायी सदस्य बनाने का जिक्र करते हुए रुचिरा कंबोज ने कहा कि यह भारत का राजनीतिक समर्पण है और बेशक यह एक बड़ी उपलब्धि है। कंबोज ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था में सुधारों की जरूरत है और 2005 के विश्व सम्मेलन के दौरान भी एकमत से वैश्विक नेताओं ने इस बात को स्वीकार किया था।

### अमेजन डिलीवरी ट्रक लुटता रहा, महिला ड्राइवर चुपचाप खड़े देखती रही, वीडियो हो रहा वायरल





वॉशिंगटन। अमेरिका को दुनिया की महाशक्ति माना जाता है लेकिन वहां भी ऐसी घटनाएं होती हैं, जो अमेरिका की छवि को शर्मसार कर देती है। ऐसी ही घटना अमेरिका अटलांटा में घटी, जब कुछ लोग अचानक से अमेजन के एक डिलीवरी ट्रक में घुसकर सामान लूटने लगे। वहीं डिलीवरी की महिला ड्राइवर खड़े होकर सामान को लुटते हुए देखती रही। अटलांटा में एक महिला ड्राइवर डिलीवरी ट्रक लेकर फेयरबर्न मेज इलाके में सामान की डिलीवरी करने गई थी। महिला जब पैकेज लेकर उसे ग्राहक के घर डिलीवर कर वापस अपने ट्रक की तरफ लौट रही थी तो उसने देखा कि चार युवक उसके ट्रक से सामान की लूट कर रहे हैं। महिला ड्राइवर ने भी उन चोरों को देखकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और चुपचार किनारे खड़े होकर चोरों को सामान लूटते हुए देखती रही। वहीं चोरों ने भी तसल्ली से सामान लूटा और लूटकर फरार हो गए। इस पूरी घटना को पड़ोस के एक घर में रह रहे लोगों ने रिकॉर्ड कर लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि ये पता नहीं चल सका है कि लूटा गया सामान क्या था। बता दें कि हाल के समय में अमेरिका में ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जहां लोगों ने डिलीवरी ट्रक को लूट लिया।

# राज विस चुनाव: राजस्थान में भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को हटाएगी जनता : प्रहलाद जोशी

**कोटा ( हिंस )।** केंद्रीय कोयला मंत्री एवं भाजपा के राजस्थान चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी ने शुक्रवार को एजुकेशन हब कोटा में पत्रकारों से कहा कि राजस्थान की जनता कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार को हटाने का मन बना चुकी है। प्रदेश में पार्टी के आंतरिक आंकलन के अनुसार, इस चुनाव में भाजपा को वर्ष 2013 के पूर्ण बहुमत से ज्यादा सीटें मिलेंगी। जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत जिस राजस्थान मॉडल की बात कर रहे हैं, वह भ्रष्टाचार, रेप, मर्डर और पेपर लीक का मॉडल है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक विज्ञापन में कांग्रेस ने 156 सीटें जीतने का दावा किया है, मेरी चुनौती है कि इस बार वे 56 सीटें भी जीतकर बता दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आरोप लगा रही है कि भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को कॉपी किया है। जो गहलोत सरकार 19 बार पेपर लीक करने वालों को नहीं पकड़ सकी, उनके पास कॉपी करने जैसा बचा ही क्या है। भाजपा का संकल्प पत्र देख कांग्रेस डर चुकी है। हम राजस्थान में भाजपा सरकार बनने पर प्रधानमंत्री किसान निधि की राशि 6 हजार से बढ़ाकर 12 हजार करेंगे। इससे प्रत्येक किसान परिवार को 1000 रुपए प्रतिमाह राशि मिलेगी। किसानों के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2700 रुपए प्रति क्विंटल किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि फ्री बिजली का लालच देकर गांवों व शहरों में बिजली कटौती की जा रही है। आम जनता को पावर फ्री कर दिया गया है। हम प्रदेश की जनता को 24 घंटे नियमित सस्ती बिजली उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाते हैं। जोशी ने कहा कि केंद्र में वाजपेयी सरकार से पहले देश में 3 करोड़ घरेलू गैस कनेक्शन थे, वाजपेयी सरकार आने के बाद ये कनेक्शन बढ़कर 8 करोड़ किए गए। आज मोदी सरकार के दौरान देश के 16 करोड़ घरों में उज्जवला योजना से गैस के चूल्हे जल रहे हैं। हम इन गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर 600 रुपए से घटाकर 450 रुपए में देंगे। उन्होंने कहा कि 2025 के अंत तक मोदी सरकार हर घर में नल से जल योजना को पूरा करके दिखाएगी। इसके लिये 30 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। गरीब परिवारों को राशन केंद्रों से 5 किलो अनाज जारी रहेगा। एक सवाल के जवाब में जोशी ने कहा कि राजस्थान में 19 बार पेपर लीक होने का रिकॉर्ड बना है, जिससे लाखों युवाओं के रोजगार के सपने टूट गये। इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाने में मुख्यमंत्री गहलोत भी फेल स्टूडेंट साबित हुए हैं। ऐसे पेपर लीक कराने वालों के घोषणा पत्र को कौन कॉपी करेगा। भाजपा सरकार पेपर लीक मामले की जांच किसी आयोग से नहीं, एसआईटी से करवाएगी, जिसमें दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज होगी। कांग्रेस जनता से वादा करके तोड़ती है, भाजपा जो वादा करती है उसे पूरा करके दिखाती है। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने भारत सरकार द्वारा पर्याप्त सहायता राशि देने के बावजूद प्रदेश की अर्थव्यवस्था डांवाडोल हो गई है। वर्ष 2013–14 तक केंद्र सरकार से राजस्थान को 18,744 करोड़ रुपए मिलते थे, आज 61,552 करोड़ की राशि दी जा रही है। राज्य सरकार को गारंटी मद में 8,744 करोड़ रुपए की राशि थी, जिसे बढ़ाकर 33,981 करोड़ रुपए कर दिया गया है। उसके बावजूद भ्रष्टाचार इतना फैला कि सरकार के पास समय पर वेतन देने के लिए पैसा नहीं है। आखिर जनता का यह पैसा कहां रख दिया। कांग्रेस कंपनी ने सरकारी खजाने को चारों ओर से लूटा है। कोटा में कृत्रिम विकास के नाम पर जो भी भ्रष्टाचार हुआ है, भाजपा इसकी निष्पक्ष जांच करवाएगी। हाड़ौती की जनता को यहां से कांग्रेस की सफाई करना है, हम जनता के विश्वास पर अवश्य खरा उतरेंगे। जोशी ने बताया कि कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम देने के मामले में केंद्र सरकार ने एक कमेटी गठित की है, उसकी रिपोर्ट को सभी राज्यों में लागू किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में भाजपा के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अब पचास रुपए के टिकट के साथ करतारपुर कॉरिडोर टर्मिनल में घूम सकेंगे पर्यटक



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** भारत सरकार ने श्री गुरु नानक देवजी के प्रकाशोत्सव से पहले सिख संगत की मांग को पूरा करते हुए करतारपुर साहिब कॉरिडोर टर्मिनल तक पर्यटकों को जाने की अनुमति दे दी है। यह सुविधा उन लोगों के लिए होगी, जो पाकिस्तान नहीं जाना चाहते हैं। इसके लिए पर्यटकों को पचास रुपए की टिकट लेनी होगी। सरकार ने करतारपुर साहिब कॉरिडोर को भले ही काफी समय पहले खोल दिया है, लेकिन भारत–पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण संबंधों के चलते यह कई बार बीच–बीच में बंद किया जा चुका है। इसके अलावा पासपोर्ट वेरीफिकेशन तथा वीजा प्रक्रिया के चलते ज्यादातर पर्यटक पाकिस्तानी सीमा में जाने से गुरेज करते हैं। ऐसे में अब भारत सरकार ने करतारपुर साहिब के दर्शन के लिए बनाए गए श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर टर्मिनल पर मात्र 50 रुपए का टिकट लेकर जाने की सुविधा दे दी है। लैंड पोर्ट अथॉरिटी के महाप्रबंधक के अनुसार करतारपुर साहिब कॉरिडोर टर्मिनल को सभी तीर्थ यात्रियों के लिए केवल 50 रुपए के मामूली टिकट पर दर्शन के लिए खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब श्रद्धालु टिकट शुल्क देकर इस टर्मिनल से ऐतिहासिक गुरुद्वारा करतारपुर साहिब के दर्शन कर सकते हैं। अब पहले की तरह पासपोर्ट और वीजा की जरूरत नहीं होगी और तीर्थयात्री सुबह 11.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक दर्शन कर सकेंगे।

## अमृतसर में एएसआई की गोली मारकर हत्या



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** अमृतसर में इंडस्ट्री जोन में अज्ञात व्यक्तियों ने गुरुवार की पंजाब पुलिस के एसएसआई की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना को लेकर विपक्ष ने कानून–व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेरा है। बताया गया कि नगर के सूनसान इलाके में एक इंडस्ट्री जोन में गुरुवार की रात जब एएसआई सरूप सिंह अपने वाहन पर सवार होकर ड्यूटी पर जा रहे थे। तभी आरोपियों ने पीछा कर उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इंडस्ट्री इलाके में होने के कारण किसी को वारदात के बार में पता भी नहीं चला। शुक्रवार सुबह किसी राहगीर ने पुलिस को इस बारे में सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी मिलने पर देहात पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। मृतक एएसआई सरूप सिंह अमृतसर के जंडियाला में तैनात थे और घटना के वक्त वह अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे।

## धर्मांतरण और दलित समाज के पलायन का रचा जा रहा है षड्यंत्र : पवन कुमार

**गुरुग्राम ( हिंस )।** नूंह में कुआं पूजन के लिए जा रही महिलाओं पर पत्थरबाजी को लेकर शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष पूर्व जज पवन कुमार ने मदरसे के मौलवियों और शरारती तत्वों के खिलाफ हरियाणा सरकार से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने यहां पत्रकार वार्ता में कहा कि नूंह में हिंदू समाज की धार्मिक परम्पराओं और यात्राओं तथा आयोजनों पर लगातार हमले हो रहे हैं, क्षेत्र में धर्मांतरण का माहौल बनाया जा रहा है। नाबालिग बच्चों का जेहादी हथियार बनाकर इस्तेमाल किया जा रहा है। पूर्व जज पवन कुमार ने कहा कि मेवात में अब तक लगभग 20 दलित परिवार पलायन कर चुके हैं। उन्होंने हरियाणा सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस घटना पर सरकार तुरंत एक्शन लेते हुए कड़ी कार्रवाई करे। उन्होंने सरकार से यह भी मांग की कि जिन मदरसों का सरकार से पंजीकरण नहीं है उनकों तुरंत प्रभाव



से बंद कराया जाए। पवन कुमार ने कहा कि शरारती तत्व हिंदु समाज के खिलाफ वैमनस्य और द्वेषपूर्ण होकर पत्थरबाजी और आतंक का माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। पूर्व जज ने कहा कि 16 नवंबर को मुस्लिम समुदाय के बच्चों द्वारा पंडु राम चौक, अग्रवाल चौक, मेन बाजार में दलित हिंदू समाज की महिलाओं पर थूका और पत्थरबाजी की। उन्होंने कहा कि मेवात में लगातार हो रहे हमलों से लगता है कि यहां सुनियोजित तरीकों से हिंदूओं के पलायन का षड्यंत्र रचा जा रहा है। पूर्व जज ने कहा कि 31 जुलाई 2023 को भी जलाभिषेक करने आए यात्रियों पर जेहादियों द्वारा हमला किया गया था। उन्होंने मेवात क्षेत्र के मदरसे के मौलवियों को निशाना पर लेते हुए कहा कि मौलवी बच्चों की नादान बताकर उन्हें बचाने और मासूम बताने का नाटक कर रहे हैं। बता दें कि नूंह में कुआं पूजन के दौरान हुई पत्थरबाजी के बाद पुलिस अलर्ट है। नूंह के एसपी नरेंद्र सिंह बिजारनिया ने खुद कमान संभाली हुई है। पुलिस ने तीन नाबालिग लड़कों को राउंडअप भी किया है। एसपी का दावा है कि क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है। ऐहतियात के तौर पर जिला उपायुक्त ने जिला में ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिए हैं। 31 जुलाई को हुई हिंसा के बाद यह दूसरी घटना है, जब नूंह में स्थिति तनावपूर्ण बनी है।

## नहाय खाय के साथ छठ महापर्व शुरू, खरना आज

**झज्जर ( हिंस )।** सूर्योपासना का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय–खाय के साथ शुरू हो गया। सुबह महिलाओं ने स्नान कर घर की सफाई की। इसके बाद छठ गीतों के साथ चने की दाल, लौकी की सब्जी और चावल खाकर व्रत की शुरुआत की। इस व्रत में सफाई और परंपरा का विशेष ध्यान रखा जाता है। शुक्रवार से घर के अन्य सदस्यों का उस कमरे में प्रवेश बंद रहेगा जिसमें व्रती महिलाएं या पुरुष रहेंगे और छठ पूजा का सामान रखने के साथ पकवान तैयार किए जाएंगे। नहाय–खाय के साथ शुरू होने वाले इस पर्व पर बाजारों में शुक्रवार को लौकी और चने की दाल की दुकानों पर भीड़ रही। शनिवार को निर्जला व्रत (खरना) रखकर शाम को गुण की खीर, रोटी व फल खाएंगे। पूर्वांचल परिवार के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा ने बताया कि रविवार को निर्जल व्रत रख डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगे और सोमवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार के मंगल की कामना करेंगे। हर साल छठ का व्रत रखने वाली मोनिका कुमारी ने बताया कि इस व्रत के लिए शुद्धता का बहुत ज्यादा ख्याल रखा जाता है। इसके साथ ही यह पर्व परंपरा के साथ ही मनाया जाता है। प्रसाद बनाने के लिए मिट्टी के चूल्हे का प्रयोग किया जाता है, क्योंकि यह नया होता है और मिट्टी को शुद्ध माना जाता है। कई लोग चूल्हे पर नहीं बना पाते हैं तो उन्हें गैस के नए चूल्हे पर प्रसाद बनाना होता है। शुक्रवार को पर्व शुरू होने के साथ ही बाजारों में पूजा सामग्री में प्रयोग होने वाले सामान की खरीदारी के लिए बाजारों में भीड़ उमड़ी। घाट, बाजारों में महिलाएं व पुरुष सुपली और दौरा की खरीदारी करते हुए नजर आए। इसके साथ ही फलों व अन्य सामान के लिए भी बाजार में भीड़भाड़ रही। भले ही 20–25 साल पहले बहादुरगढ़ में गिनती के घरों में छठ मनाया जाता हो, लेकिन आज बहादुरगढ़ का हर एक कोना इस पर्व पर भक्तिमय हो जाता है। समय के साथ पर्व से जुड़े बाजार का भी विस्तार होता चला जा रहा है।

## यमुनानगर में जहरीली शराब कांड के विरोध में सड़कों पर उतरी बसपा

### मटकों के परिवार को मिले 50 लाख का मुआवजा




**यमुनानगर हिंस )।** जहरीली शराब से मरने वाले लोगों के परिवारों को मुआवजा राशि और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने शुक्रवार को लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया। जिला उपायुक्त से राज्यपाल हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर बसपा के प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी, रवि चौधरी और जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश भर में सरकार के लोगों द्वारा सभी तरह का नशे का व्यापार फलफूल रहा है। यहां हर गांव की गली–गली में अवैध शराब के खुर्दे खोल दिए गए है। जिसका परिणाम यह है कि 22 से अधिक लोगों की इन ठेके और खुर्दे से खरीदी गई जहरीली शराब से मौत हो गई। उन्होंने कहा कि एक एसआईटी का गठन कर इस बात की जांच होनी चाहिए कि इस शराब और नशे की कारोबारी में भाजपा और जजपा के किन–किन मंत्रियों का हाथ है। उन्होंने कहा कि आज इस मामले में बसपा इन परिवारों के साथ खड़ी है। सरकार इसमें निष्पक्षता से जांच कर शराब ठेकेदारों के लाइसेंस रद्द करें और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि सरकार इस मामले में मृतक के परिवारों को आर्थिक सहायता के रूप में 50 लाख रुपए की राशि का मुआवजा दें और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दें। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार ने यह निर्णय जल्द नही लिया तो बहुजन समाज सड़कों पर उतरेगा।

## कांग्रेस के पास राजस्थान के विकास का कोई विजन ही नहीं : कुलदीप बिश्नोई

**हिसार ( हिंस )।** हिसार के पूर्व सांसद एवं राजस्थान भाजपा के चुनाव सह प्रभारी कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि पांच साल से राजस्थान के विकास और विजन को मोतियाबिंद हो रखा है, इसलिए अब हमें लैंस बदलना है ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और विकास को वीरों की इस धरती पर उतारा जा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास राजस्थान के विकास को लेकर कोई विजन ही नहीं है। कुलदीप बिश्नोई शुक्रवार को राजस्थान में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार अभियान चला रहे थे। उन्होंने बीकानेर पूर्व, नोखा और नागौर में पार्टी प्रत्याशियों के लिए प्रचार अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने अनेक राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए भाजपा को जिताने का आह्वान किया। कुलदीप बिश्रोई ने कहा कि अशोक गहलोत साम्राज्य के अंतिम बादशाह की तरह यही बोल रहें हैं यह दे दूंगा, वो दे दूंगा, मुझे वोट देना। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान की जनता विकास की गारंटी मांग रही है, लेकिन कांग्रेस के पास इसको लेकर कोई गारंटी नहीं है। कांग्रेस के पास गारंटी केवल भ्रष्टाचार और घोटालों की है, इसलिए आज राजस्थान की जनता भ्रष्टाचार और घोटालों की सरकार को चलता करने का मन बना चुकी है। चुनाव सह प्रभारी कुलदीप बिश्रोई ने कहा कि भाजपा का एजेंडा केवल विकास है और इसकी गारंटी स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान की जनता को दे रहे हैं। इसलिए राजस्थान की जनता कांग्रेस के झूठे वायदों की बजाय विकास के लिए भाजपा को वोट देकर सत्ता में लाने का काम करे। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार के काले कारनामे लाल डायरी के पन्नों में दर्ज हैं और इसके बारे में राजस्थान की जनता भी जान गई है। इसलिए राजस्थान की जनता उनको दोबारा सत्ता में लाने की भूल नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने भर्ती घोटालों से प्रदेश के युवाओं के भविष्य पर चोट मारी है, इसलिए प्रदेश का युवा अब वोट की चोट से कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करेगा।

## प्रदेश सरकार गरीबों के प्रति संवेदनहीन : नफे सिंह

**यमुनानगर ( हिंस )।** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी शुक्रवार को यमुनानगर में जहरीली साल शराब से मरने वाले लोगों के परिवारों को शोक सांत्वना प्रकट करने उनके गांव में पहुंचे। इनेलो के जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने कहा कि इतना बड़ी घटना होने के बाद भी मुख्यमंत्री जब यहां स्वयं 2 दिन के लिए थे, वह तो नहीं गए। इसके साथ–साथ उन्होंने किसी विधायक, मंत्री या अपने किसी उच्च अधिकारी को भी उन परिवारों को शोक सांत्वना देने के लिए भी नहीं भेजा। यह बड़ी दुखद की बात है। उन्होंने कहा कि यह सरकार गरीब लोगों के प्रति संवेदनहीनता का परिचय दे रही है। उन्होंने कहा कि पहले चिट्टा नशा यमुनानगर, अंबाला, पंचकूला के इलाके में कभी नहीं बिकता था। लेकिन जब से यह सरकार आई है, तब से यहां पर बिकना शुरू हुआ है। क्या इस मामले में सरकार और पुलिस प्रशासन बिलकुल बेखबर है। उन्होंने कहा



कि यह सबसे बड़े दुख की बात है कि इतने बड़े कांड में सरकार ने ना तो कोई जांच की और ना ही जिले में किसी भी विभाग के अधिकारी को इसका कसूरवार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले भी प्रदेश में 500 लोगों की जहरीली शराब पीने से प्रदेश में मौत हो चुकी है। जिनकी जांच रिपोर्ट आज तक सरकार ने दबाई हुई है। उन्होंने कहा कि आज का युवा इस नशे में लिप्त हो रहा है और इस पर बंदिश लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिवार को सरकार उचित मुआवजा दें और परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दें। उन्होंने कहा कि हमारे पार्टी के नेता अभय सिंह चौटाला हमेशा से ही विधानसभा के अंदर और विधानसभा के बाहर जनता के मुद्दों को बड़ी मुखरता से उठते हैं। संगठन के सवाल पर उन्होंने कहा पार्टी ने प्रदेश संगठन के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, हल्का अध्यक्ष से लेकर सभी 17 प्रकोष्ठों के संयोजक बना दिए है। इस मौके पर यमुनानगर से पार्टी के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी शामिल रहें।

## भाजपा का संकल्प पत्र मातृशक्ति सशक्तीकरण के लिए समर्पित : कोली

**धौलपुर ( हिंस )।** भाजपा के पूर्व सांसद एवं जिला चुनाव प्रभारी रामस्वरूप कोली ने कहा है कि भाजपा राजस्थान ने विधानसभा चुनाव के लिए *आपणों अग्रणी राजस्थान सकंल्प पत्र 2023* नाम से संकल्प पत्र जारी किया है। शुक्रवार को धौलपुर जिला भाजपा कार्यालय में मीडिया को संकल्प पत्र के संबंध में जानकारी देते हुए कोली ने बताया कि भाजपा के संकल्प पत्र में वृद्धावस्था एवं विकलांग पेंशन 1500 प्रतिमाह करने, किसान सम्मान निधि की राशि 12,000 रुपए सालाना करने एवं गरीबों को रसोई गैस सिलेंडर 450 रुपए में देने, गेहूं का समर्थन मूल्य पर बोनस देकर 2700 रुपए प्रति क्विंटल खरीदनें सहित अनेकानेक कल्याणकारी योजनाओं से राजस्थान को लाभान्वित करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय चुनाव प्रभारी एवं उत्तराखंड सरकार के मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के आधार पर कार्य करते हुए, आधारभूत संरचना के विकास को लेकर निरंतर काम करती रही है। राजस्थान में भी भाजपा सरकार बनने के साथ ही डबल इंजन की सरकार प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में महिला सुरक्षा को अहम स्थान दिया गया। प्रत्येक जिले में महिला थाना एवं हर थाने में महिला डेस्क के साथ छात्राओं को स्कूटी जैसी सुविधाएं देने का वादा किया गया है। वहीं, आमजन को महंगाई से राहत देने के लिए रसोई गैस की कीमतें भी कांग्रेस की गारंटी वाली कीमत से भी कम रुपए में उपलब्ध कराने की बात कही गई है। इस मौके पर संभाग मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना एवं धौलपुर मीडिया प्रभारी धीर सिंह जादौन सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## झज्जर में खतरनाक स्तर पर पहुंचा एक्यूआई, डीसी ने चेताया

### ग्रेप के चौथे चरण की पाबंदी के नियमों का कड़ाई से पालन जनहित में जरूरी

**झज्जर ( हिंस )।** जिले के दिल्ली से सटे क्षेत्रों में शुक्रवार को प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्थिति में पहुंच गया। प्रमुख शहर बहादुरगढ़ में एक्यूआई 404 दर्ज किया गया। जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आमजन तो पूरा ध्यान रखने को कहा है। एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण के निरंतर बढ़ते स्तर से आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने भी विशेष एडवाइजरी जारी की है। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने जिलावासियों से आह्वान किया है कि पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण से बचाव की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे निर्णायक कदमों में आमजन भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। वायु प्रदूषण नियंत्रण में रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सुबह और देर शाम को बाहर टहलना, दौड़ना और शारीरिक व्यायाम करने से परहेज करें। साथ ही सुबह और देर शाम के समय बाहरी दरवाजे और खिड़कियां न खोलें, यदि आवश्यक हो तो यह कार्य दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लकड़ी, कोयला, पशुओं का गोबर, मिट्टी का



तेल जैसे बायोमास जलाने से बचें। खाना पकाने और हीटिंग उद्देश्यों के लिए स्वच्छ धुआं रहित ईंधन (गैस या बिजली) का उपयोग करें। यदि बायोमास का उपयोग कर रहे हैं, तो स्वच्छ कुक स्टोव का उपयोग करें। चूंकि यह सर्दियों का मौसम है ऐसे में अंगीठी में लकड़ी का कोयला व किसी भी प्रकार की लकड़ी, पत्तियां, फसल अवशेष और अपशिष्ट को खुले में न जलाएं डीसी ने बताया कि चूंकि पूरे एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण काफी उच्च स्तर पर है ऐसे में बंद परिसर में मच्छर भगाने वाली क्वाइल और अगरबत्ती जलाना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। वहीं अपनी आंखों को प्रदूषण से बचाने के लिए उन्हें नियमित रूप से साफ पानी से धोते रहें और गले मे सांस लेने में कोई परेशानी न हो इसके लिए गर्म पानी से नियमित गरारे करें। इस दौरान यदि आपको सांस फूलना, चक्कर आना, खांसी, सीने में तकलीफ या दर्द, आंखों में जलन (लाल या पानी आना) जैसा महसूस हो तो अपने नजदीकी डॉक्टर से सलाह लें। डीसी ने झज्जर और बहादुरगढ़ शहर की विभिन्न आरडब्ल्यूए से भी आह्वान किया कि जिन आरडब्ल्यूए के पास पेड़ों की धुलाई के लिए स्प्रिंकल मशीनें व अन्य संसाधन उपलब्ध हैं वे उनकी पूरी क्षमता का उपयोग करते हुए प्रदूषण को कम करने में सहयोग करें। साथ ही अपने अपने क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों की पालना करवाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला में ग्रेप के तीनों चरण के तहत विभिन प्रकार की पाबंदियां भी लगाई गई है, जिसमें निर्माण कार्य की रोकथाम भी प्रमुख है। डीसी ने कहा कि सभी आरडब्ल्यूए यह सुनिश्चित करें कि उनके अधिकार क्षेत्र में कोई भी निर्माण सामग्री खुले में न पड़ी रहे। बेहतर रहेगा कि उस पर पानी का छिड़काव कर उसे तिरपाल से ढका जाए।

## स्कूल से लौट रही 11वीं छात्रा का अपहरण कर गैंगरेप

**बीकानेर ( हिंस )।** जिले के श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में 11वीं की छात्रा का अपहरण कर गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। छात्रा स्कूल से घर जा रही थी इसी दौरान रास्ते में तीन युवकों ने उसका अपहरण कर लिया। खेत में बने कमरे में ले जाकर तीनों ने उसके साथ बलात्कार किया और अश्लील वीडियो और फोटो बना लिए। आरोपियों ने घटना के बारे में किसी को बताने या पुलिस कार्रवाई करने पर फोटो शेयर करने की धमकी दी। घटना के करीब 8 दिन बाद आरोपियों ने अश्लील वीडियो और फोटो शेयर करने की धमकी देकर पीड़िता के भाई से 50 हजार रुपए मांगे, तब मामले का खुलासा हुआ। पीड़िता के पिता की शिकायत पर श्रीडूंगरगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच सीओ गोमाराम जाट को दी गयी है। श्रीडूंगरगढ़ पुलिस के अनुसार पीड़िता के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है, जिसमें बताया कि उनकी बेटी 11वीं में पढ़ती है।




# आरबीआई ने कड़े किए नियम, बैंकों और गैरबैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए तत्काल प्रभाव से लागू हुई नई व्यव

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने असुरक्षित उपभोक्ता और व्यक्तिगत कर्ज के नियम सख्त कर दिए हैं। केंद्रीय बैंक ने उपभोक्ता ऋण के ज्यादा जोखिम भार (रिस्क वेटेज) को 100 फीसदी से बढ़ाकर 125 फीसदी कर दिया। इस फैसले से बैंक और गैरबैंकिंग वित्तीय कंपनियों से कर्ज लेना व क्रेडिट कार्ड रखना महंगा हो जाएगा। नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गए। आरबीआई के मुताबिक, ये नियम नए और पुराने, दोनों कर्ज पर लागू होंगे। हालांकि, आवास, शिक्षा, वाहन कर्ज और सोने के एवज में लिए जाने वाले कर्ज दायरे से बाहर रहेंगे। माइक्रोफाइनेंस लोन और स्वयं-सहायता समूह के ऋण भी इससे अलग रहेंगे। अब बैंक और गैरबैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को उपभोक्ता व व्यक्तिगत कर्ज के लिए अब ज्यादा जोखिम का प्रावधान करना होगा। इससे उपभोक्ता कर्ज देने की क्षमता घट जाएगी और बैंक ज्यादा ब्याज पर कर्ज दे सकते हैं।

**असुरक्षित श्रेणी में वाहन ऋण शामिल** – आरबीआई के अनुसार, वे सभी टॉप अप कर्ज जो ऐसी संपत्ति के एवज में दिए गए हैं, जिनकी कीमतों में आगे गिरावट आती है, वे उधारी मूल्यांकन व एक्सपोजर उद्देश्यों के लिए असुरक्षित वर्ग के कर्ज माने जाएंगे। इसमें वाहन जैसे कर्ज आएंगे। क्रेडिट कार्ड के लिए रिस्क वेटेज बैंकों के लिए 125 फीसदी और एनबीएफसी के लिए 100 फीसदी है। इसे बढ़ाकर क्रमश: 150 व 125 फीसदी किया गया है। उच्च जोखिम भार का अर्थ असुरक्षित व्यक्तिगत कर्ज के लिए बैंकों को बफर में अधिक पैसा अलग रखना होता है, इससे उधारी देने की क्षमता घटती है।

**30 प्रतिशत बढ़ा पर्सनल लोन** – इस साल सितंबर तक बैंकों का कुल पर्सनल लोन 48,26,833 करोड़ रुपये रहा। एक साल में यह 30 फीसदी बढ़ा है। सामान्य कर्ज की गति इसी दौरान सिर्फ 12–14 फीसदी ही बढ़ी। ऐसे में कर्ज डूबने का खतरा बढ़ सकता है। आरबीआई ने बैंकों से उपभोक्ता ऋण की क्षेत्रीय जोखिम सीमाओं की समीक्षा करने व स्वीकृत सीमाएं लागू करने के लिए भी कहा है।

## न्यूज ब्रीफ


### अशनीर ग्रोवर और उनकी पत्नी को हवाई अड्डे पर रोका गया, रवाना हो रहे थे न्यूयॉर्क



**नई दिल्ली ।** भारतपे के सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर और उनकी पत्नी माधुरी जैन को गुरुवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे उनके खिलाफ जारी एलओसी (लुक आउट सर्कुलर) के आधार पर रोक दिया गया। मामले से जुड़े सूत्रों ने मीडिया को बताया कि दंपती न्यूयॉर्क के लिए रवाना हो रहे थे। बता दें कि दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के अनुरोध पर दोनों के खिलाफ एलओसी जारी किया गया था। इससे पहले जून में ईओडब्ल्यू ने दंपति और परिवार के कुछ अन्य सदस्यों के खिलाफ धन के कथित गबन और भारतपे का संचालन करने वाली रेजिलिएंट इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड को 81 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के लिए प्राथमिकी दर्ज की थी। एलओसी एक परिपत्र पत्र होता है जिसका इस्तेमाल अधिकारी यह जांचने के लिए करते हैं कि कोई यात्रा करने वाला व्यक्ति कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा वांछित है या नहीं। जिस व्यक्ति के खिलाफ एलओसी जारी किया गया है, वह देश से बाहर यात्रा नहीं कर सकता। दंपति टिप्पणी के लिए तुरंत उपलब्ध नहीं थे। इस हफ्ते की शुरुआत में, दिल्ली उच्च न्यायालय को एक स्थिति रिपोर्ट में, ईओडब्ल्यू ने कहा कि विक्रेता चालान में विसंगतियां थीं और कहा कि भारतपे से जुड़े कुछ मानव संसाधन (एचआर) परामर्श फिनटेक यूनिकॉर्न से धन निकालने के लिए स्थापित किए गए थे। जिन आठ एचआर कंसल्टेंसी पर सवाल उठाया गया है, वे फिनटेक कंपनी की पूर्व प्रमुख और सह-संस्थापक अश्नीर ग्रोवर की पत्नी माधुरी जैन के रिश्तेदारों से जुड़े हुए पाए गए हैं। ईओडब्ल्यू ने कहा कि जांच अभी भी अपने प्रारंभिक चरण में है। सूत्रों ने कहा कि दंपति को जांच में शामिल होने के लिए अगले सप्ताह ईओडब्ल्यू के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। भारत पे के वकील एमजेडएम लीगल के जुल्फिकार मेमन ने मीडिया को बताया, ईओडब्ल्यू द्वारा दिल्ली हाई कोर्ट में दाखिल ताजा स्टेटस रिपोर्ट के बाद, जहां उन्हें गबन के सबूत मिले हैं, ईओडब्ल्यू के लिए आरोपियों के खिलाफ एलओसी जारी करना उचित है।

### कर्नाटक के पूर्व सीएम कुमारस्वामी ने बिजली चोरी के आरोपों के बाद भरा फाइन, चुकाने पड़े 68,526 रुपये

**नई दिल्ली ।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने दीपावली के दौरान अपने जेपी नगर स्थित आवास को रोशन करने के लिए अवैध कनेक्शन के जरिये



बिजली जलाने के एवज में 68,526 रुपये का जुर्माना भरा है। हालांकि, जद (एस) की राज्य इकाई के अध्यक्ष ने जुर्माने की राशि की गणना के तरीके का विरोध किया और कहा कि कुमारस्वामी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में खामियां हैं। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के बेटे कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुखर होने के कारण उन्हें राजनीतिक रूप से निशाना बनाया जा रहा है। बेंगलुरु इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड (बेस्कॉम) सतर्कता पुलिस थाने के सहायक कार्यकारी अभियंता को लिखे पत्र में कुमारस्वामी ने अपने कर्मचारियों द्वारा काम पर रखे गए बिजली ठेकेदार को दोषी ठहराया, जिसने परीक्षण के उद्देश्य से एक तार खींचा और उसे सीधे उनके घर के सामने बिजली के खंभे से जोड़ दिया।

### सेल्स टैक्स ट्रिब्यूनल की वेबसाइट बनाने में देरी पर अदालत सख्त, कहा- आदिम रवैया सही नहीं


**नई दिल्ली ।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने राज्य बिक्री कर न्यायाधिकरण के लिए आधिकारिक वेबसाइट बनाने से कदम पीछे खींचने के लिए महाराष्ट सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि महाराष्ट जैसे प्रगतिशील राज्य में न्यायाधिकरण में प्रौद्योगिकी को अपनाने में आदिम रवैया नहीं अपनाया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति जीएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन की खंडपीठ ने 12 अक्टूबर के अपने आदेश में कहा कि वेबसाइट बनाने और उसे क्रियाशील बनाने में इतना समय नहीं लगना चाहिए। अदालत ने कहा, वर्तमान युग में, न्याय की उपभोक्ताओं की मांगों को पूरा करने वाली अदालतों और न्यायाधिकरणों से आधिकारिक वेबसाइट की बुनियादी आवश्यकता के बिना काम करने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। पीठ ने उच्चतम न्यायालय की उस टिप्पणी का हवाला दिया कि अदालत कक्ष तक पहुंच सुनिश्चित करने में प्रौद्योगिकी एक आवश्यक भूमिका निभाती है और इसके परिणामस्वरूप देश भर में नागरिकों के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित होती है।

## वैश्विक स्तर पर भारत एक शक्तिशाली आवाज बनकर उभरा

# अमेरिकी दौरे पर गए पीयूष गोयल ने कही ये बात

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के पीएम मोदी और भारत के लोगों के लिए संदेश पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है जब मैं कल रात बाइडन से मिला था तो उन्होंने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी थीं और उन्होंने इस तथ्य को स्वीकार किया कि जो देश पर्यावरण क्षरण रोकने के प्रति जिम्मेदार नहीं थे, वहीं देश सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। गोयल ने कहा मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ा संदेश है, प्रधानमंत्री मोदी और भारत विभिन्न विश्व मंचों पर जो कहते रहे हैं, उसका बहुत बड़ा समर्थन है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि जलवायु मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी का निरंतर रुख दुनिया के साथ मेल खाता है और भारत और अमेरिका ने मिलकर काम करने का संकल्प लिया है। हमने आज एक नया फंड लॉन्च किया है, जहां दोनों देशों की सरकारें सक्रिय रूप से योगदान देने जा रही हैं और हमें उम्मीद है कि यह पूंजी के बड़े पूल के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा, जो अब भारत में निवेश पर ध्यान केंद्रित करेगा।



हिंद-प्रशांत आर्थिक रूपरेखा (आईपीईएफ) की बैठक पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, विश्व के नेताओं के साथ अपनी सभी बातचीत में मैंने एक बात देखी कि वे भारत के साथ अधिक जुड़ाव को लेकर बहुत उत्सुक हैं. वे भारत को एक ऐसे राष्ट्र के रूप में बहुत सम्मान में रखते हैं जिसकी आवाज मायने रखती है। मुझे जो सम्मान मिला, उससे साफ पता चलता है कि दुनिया के लगभग सभी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत पसंद करते हैं। वे उनका बहुत सम्मान करते हैं। हर कोई उनके बारे में पूछताछ कर रहा था और मैं स्पष्ट रूप से देख सकता हूं कि विश्व स्तर पर भारत की स्थिति काफी बदल गई है। अब हमें एक बहुत शक्तिशाली आवाज और एक आम सहमति निर्माता, एक देश और एक नेतृत्व के रूप में पहचाना जा रहा है जिस पर आप भरोसा कर सकते हैं।

भारत को एपेक का हिस्सा बनाने के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, हमने ऐसा कोई फैसला नहीं किया है और न ही इस बारे में कोई बातचीत हुई है। बैठक स्थिरता और जलवायु कार्रवाई के आसपास थी और यह पूरी तरह से एक साथ यह काम करने पर था कि हम दुनिया को रहने के लिए एक बेहतर जगह कैसे बना सकते हैं और अपने बच्चों के लिए एक बेहतर भविष्य छोड़ सकते हैं और स्पष्ट रूप से इस बारे में बहुत सारी बातें हुईं कि विभिन्न राष्ट्र क्या कर रहे हैं, क्या करने की आवश्यकता है। इस बात को स्वीकार किया गया कि हम सभी को अधिक सक्रिय होने की आवश्यकता है। एलआईएफई मिशन के संदर्भ में भारत के अपने योगदान, जिस पर हमने चर्चा की और मंच पर उठाया, को इस मान्यता के संदर्भ में उठाया गया कि सतत खपत, उत्सर्जन को कम करने और अपशिष्ट को कम करने के हमारे प्रयासों का केंद्र होना चाहिए। यह एक बहुत ही आकर्षक संवाद था और स्पष्ट रूप से कमरे में सभी नेताओं का सामूहिक ज्ञान दोस्तों के रूप में, भागीदारों के रूप में काम करने और एक स्थायी दुनिया के लिए एक तेज मार्ग खोजने की दिशा में था।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की एपेक से इतर होने वाली मुलाकात पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, ... मैं अमेरिका और चीन के बीच हुई किसी भी बातचीत या चर्चा पर टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा, लेकिन मैं निश्चित रूप से देख सकता हूं कि दुनिया के सभी देश संघर्ष को हल करने के लिए बातचीत और कूटनीति का इस्तेमाल कर दुनिया भर में विभिन्न संघर्षों को समाप्त करने के प्रयास के संदर्भ में प्रधान मंत्री मोदी के आह्वान से गहराई से प्रभावित हैं।

कैलिफोर्निया के फ्रेमोंट में टेस्ला की विनिर्माण सुविधा के अपने दौरे पर, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, मेरी यात्रा का उद्देश्य स्पष्ट था, मैं उच्च गुणवत्ता वाले, वरिष्ठ स्तर की भारतीय प्रतिभा के साथ जुड़ने पर विचार कर रहा था जो टेस्ला की सफलता की कहानी में योगदान दे रहा है और मैं इलेक्ट्रिक वाहन कारखाने को देखने के लिए भी बहुत उत्सुक था क्योंकि हम भी अब तेजी से योगदान दे रहे हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण में भागों और घटकों के माध्यम से। पिछले साल भारत ने करीब एक अरब डॉलर के सामान का निर्यात किया था। इस साल, भारत से टेस्ला को 1.9 बिलियन डॉलर का निर्यात लगभग दोगुना हो जाएगा। भारत वास्तव में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों, स्पेयर पार्ट्स, ऑटो घटकों का उत्पादन कर रहा है, जो मुझे यकीन है कि हमारे इलेक्ट्रिक ऑटो पारिस्थितिकी तंत्र का विस्तार करने में हमारी मदद करेगा।

# ओला बनी सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचने वाली कंपनी, इस ई-स्कूटर का बढ़ रहा दबदबा



**नई दिल्ली ।**

पिछले महीने ओला घरेलू बाजार में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचने वाली कंपनी रही। वर्तमान ओला कंपनी देश में तीन ई-स्कूटर मॉडल ओला एस1 प्रो, ओला एस1 और ओला एस1 एयर की बिक्री कर रही है। अक्टूबर 2023 में ओला ने 22,284 यूनिट्स बेचीं, जबकि सितंबर 2023 में कंपनी ने 18,691 यूनिट्स बेची थीं। कंपनी ने महीने-दर-महीने 19.2 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। दूसरे स्थान पर होसुर स्थित मोटरसाइकिल निर्माता टीवीएस की आईक्यूब इलेक्ट्रिक स्कूटर है। अक्टूबर 2023 में टीवीएस ने आईक्यूब की 15,603 यूनिट्स बेचीं, जबकि सितंबर 2023 में 15,584 यूनिट्स बेची गई थीं। आईक्यूब की बिक्री में 0.1 प्रतिशत की मामूली महीने दर-महीने की वृद्धि दर्ज की गई है। चेतक सबसे ज्यादा बिकने वाले इलेक्ट्रिक स्कूटर की लिस्ट में तीसरे पायदान पर है।

यह बजाज की एकमात्र फुल-इलेक्ट्रिक पेशकश है। बजाज ने अक्टूबर 2023 में चेतक की 8,430 यूनिट्स बेचीं, जिसमें 18.7 प्रतिशत की महीने-दर-महीने की वृद्धि दर्ज की गई। इसकी तुलना में, बजाज ने सितंबर 2023 में चेतक की 7,097 यूनिट्स बेचीं हैं।सबसे सफल ईवी स्टार्टअप्स में से एक, एथर टॉप 5 कंपनियों की सूची में चौथे स्थान पर है। एथर ने पिछले महीने 8,027 यूनिट्स इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचीं हैं। एथर भारतीय बाजार में 450एक्स इलेक्ट्रिक स्कूटर की बिक्री कर रही है। बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप ने सितंबर 2023 में 7,151 यूनिट्स बेचकर 12.2 प्रतिशत की महीने-दर-महीने की वृद्धि दर्ज की है।

अक्टूबर 2023 में सबसे ज्यादा बिकने वाले इलेक्ट्रिक स्कूटरों की सूची में ग्रीव्स इलेक्ट्रिक भी शामिल है। कंपनी ने पिछले महीने 4,019 इलेक्ट्रिक स्कूटरों की बिक्री की है। इसकी तुलना में, कंपनी ने इस साल सितंबर में 3,612 यूनिट्स बेचीं थीं। कंपनी ने अक्टूबर की बिक्री में 11.2 प्रतिशत की महीने-दर-महीने की वृद्धि दर्ज कराई है। बता दें कि इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार महीने-दर-महीने बढ़ता जा रहा है। अक्टूबर 2023 में कुल 71,604 इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचे गए हैं।

# भारतीय दवा कंपनी ने अमेरिकी बाजार से वापस लीं 27 आई ड्रॉप, एफडीए ने जारी की थी अंधापन की चेतावनी

**वॉशिंगटन ।**

मुंबई की किलिच हेल्थकेयर इंडिया लिमिटेड ने अमेरिकी स्टोरों में बेची जाने वाली 27 प्रकार की आई ड्रॉप्स को वापस ले लिया। अमेरिका खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने पिछले महीने उपभोक्ताओं को वॉलमार्ट इंक, सीवीएस हेल्थ कॉरपोरेशन, टारगेट कॉरपोरेशन और अन्य खुदरा विक्रेताओं की ओर से बेची जा रही दवाओं को न खरीदने की चेतावनी जारी की थी।

एफडीए ने इन आईड्रॉप्स से आंखों में संक्रमण होने, दृष्टिबाधा या अंधापन का खतरा बताया था। हालांकि, चेतावनी देते समय नियामक ने किलिच हेल्थकेयर इंडिया लिमिटेड का नाम नहीं लिया था। ब्लूमबर्ग की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, किलिच ने भारत में अस्वच्छ कारखाने में आईड्रॉप्स बनाईं, जहां कुछ कर्मचारी नंगे पैर काम कर रहे थे।



### दवा उत्पादन नियमों का उल्लंघन

रिपोर्ट के अनुसार, एफडीए निरीक्षकों ने अक्तूबर के मध्य में पहली बार किलिच की फैक्टरी का दौरा किया था, जहां उन्होंने दवा उत्पादन नियमों के उल्लंघन के कई मामले पाए थे। उनमें से एक यह था कि माइक्रोबायोलॉजिस्ट रिकॉर्ड में पिछली तारीख के परीक्षण परिणाम भर रहे थे। निरीक्षण के दौरान लिए गए नमूनों से फिलिंग क्षेत्रों में बैक्टीरिया संदूषण का भी पता चला था। इन्हीं स्थानों पर आईड्रॉप्स को बोतलबंद किया गया था।

# बैंक की गलती से कुछ बैंक खातों में गए 820 करोड़ रुपये, करीब दो सौ करोड़ वापस नहीं आए

**नई दिल्ली ।**

यूको बैंक में कुछ खाताधारक उस वक्त हैरान रह गए, जब उनके बैंक खातों में अचानक से करोड़ों रुपये जमा हो गए। दरअसल यह बैंक की गलती से हुआ। बैंक की गलती से कुछ बैंक खातों में तत्काल भुगतान सेवा के माध्यम से 820 करोड़ रुपये जमा हो गए। बैंक को जैसे ही अपनी गलती का अहसास हुआ तो बैंक ने पैसे वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की। अब तक बैंक 649 करोड़ रुपये की वसूली कर चुका है।

### गलती की वजह साफ नहीं

बैंक ने अभी तक स्पष्ट नहीं किया है कि खातों में अचानक से इतनी बड़ी रकम कैसे ट्रांसफर हुई, यह मानवीय भूल से हुआ या फिर तकनीकी गड़बड़ी या हैकिंग की वजह से बैंक का कहना है कि ट्रांसफर हुई रकम में से 79 प्रतिशत रकम यानी 649 करोड़ रुपये वापस आ गए हैं। हालांकि अभी भी करीब 200 करोड़ रुपये वापस नहीं मिले हैं, जिन्हें वापस लेने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं इस घटना का असर यूको बैंक के शेयरों पर भी बड़ा है। यूको बैंक के शेयर गुरुवार को 1.1 फीसदी गिरकर 39.39 रुपये पर आ गए। बैंक ने घटना की जानकारी जांच एजेंसियों को दी है।

### रिजर्व बैंक भी जांच में जुटा

बैंक ने बताया कि उनकी तत्काल भुगतान सेवा में 10 नवंबर से 13 नवंबर तक आंतरिक गड़बड़ी हुई, जिसके बाद बैंक ने अपने तत्काल भुगतान सेवा वाले चैनल को ऑफलाइन कर दिया था। बैंक ने बीएसई को घटना की जानकारी दी है और बताया है कि एहतियाती कदम उठाते हुए बैंक ने उन खातों को ब्लॉक कर दिया, जिनमें गलती से पैसे ट्रांसफर हुए थे। रिजर्व बैंक भी इस गड़बड़ी के कारण की अपने स्तर पर जांच कर रहा है। यूको बैंक ने कहा है कि उनके अन्य सभी अहम सिस्टम परिचालन में हैं। बता दें कि तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) मंच का संचालन नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की ओर से किया जाता है।



## अडाणी कोल-इंपोर्ट मामले की दोबारा जांच कर सकता है डीआरआई

# सुप्रीम कोर्ट से परमीशन मांगी, कम कीमत में कोयला खरीदकर महंगा दिखाने का आरोप

**नई दिल्ली।**

अडाणी ग्रुप से जुड़े कोल इंपोर्ट मामले में डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने दोबारा जांच शुरू करने के लिए सुप्रीम कोर्ट से परमीशन मांगी है। डीआरआई ने कहा है कि उसे सिंगापुर से इस मामले से जुड़े सबूत इकट्ठा करने की अनुमति दी जाए।

जांच एजेंसी 2016 से ही सिंगापुर के अधिकारियों से अडाणी ग्रुप के लेन देन से संबंधित डॉक्युमेंट लेने की कोशिश कर रही है। डीआरआई का मानना है कि इंडोनेशियाई सप्लायर से इंपोर्ट किए गए कोयले के कई शिपमेंट के ग्रुप ने सिंगापुर में ज्यादा कीमत वाले बिल बनवाए। अडाणी ग्लोबल के जरिए ऐसा किया गया था।

कोर्ट के डॉक्यूमेंट्स से पता चलता है कि गौतम अडाणी की कंपनियां कानूनी प्रोसेस के जरिए सिंगापुर और भारत में इस मामले से जुड़े डॉक्युमेंट को रिलीज होने से रोकने में कामयाब रहे हैं।

### क्या है पूरा मामला

एक रिपोर्ट में आरोप लगाया कि अडाणी ग्रुप ने इंडोनेशिया से कम रेट में कोयले को इंपोर्ट किया और बिल में हेराफेरी करके ज्यादा दाम दिखाए। इसी के चलते ग्रुप ने कोयले से जनरेट होने वाली बिजली को ग्राहकों को ज्यादा कीमत पर बेची।

2019 से 2021 के बीच 32 महीनों में अडाणी ग्रुप के इंडोनेशिया से भारत इंपोर्ट किए गए 30 कोयले शिपमेंट की जांच की। इन सभी शिपमेंट के इंपोर्ट रिकॉर्ड में एक्सपोर्ट डिक्लेरेशन की तुलना में कीमतें ज्यादा मिली। रकम करीब 582 करोड़ बढ़ाई गई।

### डीआरआई ने 2014 में इस मामले की जांच शुरू की थी




रिपोर्ट के अनुसार, डीआरआई ने 2014 में इस मामले की जांच शुरू की थी, जिसमें 40 कंपनियां शामिल थी। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया था कि इंडोनेशियाई कोयले को इंपोर्ट करने वाली कंपनियां सिंगापुर सहित अन्य जगहों पर बढ़े हुए बिल बनवाती थी। फिर इसे दिखाकर डिलीवरी पर ओवर चार्ज कर रही थीं। जांच अधिकारियों ने अडाणी ग्रुप की कंपनियों से जुड़े 1300 शिपमेंट की समीक्षा की थी।

### 2019 में बॉम्बे हाईकोर्ट ने जांच में लगाई थी रोक

अडाणी ग्रुप की चुनौती पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2019 में उसके खिलाफ सबूत इकट्ठा करने के अनुरोध को खारिज कर दिया था, जिसमें प्रोसिजरल खामियों का हवाला दिया गया था। कुछ दिनों बाद एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की।

शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए जांच करने की अनुमति दी थी। वहीं 2020 में सिंगापुर की अदालत ने कहा था कि इससे जुड़े डॉक्युमेंट को अभी रिलीज नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि भारत की शीर्ष अदालत अंतिम निर्णय पर नहीं पहुंची है।

### सभी आरोपों को खारिज कर चुका है अडाणी ग्रुप

अडाणी ग्रुप की रिपोर्ट पर कहा था कि अखबार कोयला इंपोर्ट में ओवर-इन्वॉयसिंग के पुराने और आधारहीन आरोपों को रीसाइकिल कर रहा है। ये स्टोरी डायरेक्ट्रेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस के 30 मार्च 2016 के सर्कुलर पर आधारित है।

एफटी का एजेंडा इस तथ्य से उजागर होता है कि डीआरआई के जिस सर्कुलर पर ये स्टोरी आधारित है, उसमें अडाणी समेत 40 दूसरे इंपोर्टर्स के भी नाम हैं, मगर एफटी ने सिर्फ अडाणी ग्रुप पर आरोप लगाए हैं। इसमें रिलायंस इंफ्रा, जेएसडब्लू स्टील और एस्सार ग्रुप के अलावा कर्नाटक, गुजरात जैसे कई राज्य सरकारों की बिजली बनाने वाली कंपनियों के भी नाम हैं।

# आलिया भट्ट को पति के दूसरी हिरोइन पर फिसलने का डर लगता है ?



कॉफी विद करण सीजन 8 के चौथे एपिसोड में करण जौहर ने कॉन्ट्रोवर्सी क्रिएट करने की खूब कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हुए। आलिया भट्ट और करीना कपूर ने इस चैट-चैट सेशन को बखूबी हैंडल किया। करीना कपूर और आलिया भट्ट दोनों के पति ऐक्टर्स हैं। करण ने पूछा कि क्या कोई दिक्कत आती है। उन्होंने इशारों में पूछा कि उनके पति किसी दूसरी महिला की ओर आकर्षित नहीं होते। या उन लोगों को भी ऐसा नहीं लगता क्या? करीना पहले करण का इशारा नहीं समझ पाईं। इस पर आलिया ने ऐसा जवाब दिया कि करण की बोलती बंद हो गई। करण जौहर बोले, आप दोनों शादीशुदा हैं। दोनों की शादियां सफल हैं। क्या इस बिजनस में काम करने वालों मर्दों की बीवी होना मुश्किल है? या फिर वे लोग भी ऐसा सोच सकते हैं। क्योंकि यह एक ऐसा काम है जहां हर वक्त सबकी नजरें आप पर होती हैं। दूसरे प्रोफेशंस से हटकर यहां सामान्य से ज्यादा भटकने का चांस रहता है। जब आप घर आती हैं तो क्या दिमाग चलाती हैं?

जैसे कि दिमाग में अपने पतियों के बारे में कोई राय बनाना? आलिया बोलीं, क्या मतलब है आपका? वह करीना को समझाते हुए बोलीं, मुझे लगता है यह कह रहे हैं कि वे (पति लोग) एक्ट्रेसस के साथ एक्टिंग करते हैं तो तुम लोग जलते हो। इस पर करण बोलते हैं, यह (जलन) पतियों के साथ भी होता है। इस पर आलिया बोलीं, छी छी छी, जलन नहीं होती है। हमारी शादी इंसानों से हुई है और उनकी शादी हमसे हो चुकी है। आलिया बात घुमाते हुए बोलीं, मुझे लगता है कि हम अपने पतियों के बारे में ज्यादा बातें कर रहे हैं। हमें अपने बारे में करनी चाहिए।

# इब्राहिम अली खान और पलक तिवारी हैं रिलेशनशिप में!



इब्राहिम अली खान और पलक तिवारी को कई बार साथ में मूवी डेट और लंच या डिनर पर स्पॉट किया गया है। दोनों साथ में पार्टीज भी करते हैं। हाल ही में दोनों का गले लगाते हुए वीडियो वायरल हुआ जिसके बाद इनके रोमांस की खबरों को और हवा मिल गई। हालांकि दोनों ने कभी इस पर खुलकर रिएक्ट नहीं किया है। खबर आई है कि दोनों काफी समय स रिलेशनशिप में हैं, लेकिन एक वजह से इस बात को सबसे छिपाना चाहते हैं। इब्राहिम और पलक अपनी पर्सनल लाइफ पर लाइमलाइट नहीं चाहते हैं क्योंकि दोनों का करियर अभी शुरू हो रहा है। पलक न जहां अपना बॉलीवुड डेब्यू कर लिया है। वहीं इब्राहिम अपने डेब्यू प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। दोनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ में बहुत मेहनत कर रहे हैं इसलिए वे नहीं चाहते कि उनकी मेहनत छोड़ फैंस उनकी पर्सनल लाइफ या डेटिंग लाइफ पर फोकस करें। दोनों साथ में टाइम स्पेंड करना काफी पसंद करते हैं, लेकिन कोशिश करते हैं कि फोटोग्राफर्स उन्हें साथ में स्पॉट ना करें।

दोनों इसलिए अलग-अलग गाड़ी में आते हैं और अलग-अलग एंट्री और एग्जिट करते हैं। इतना ही नहीं दोनों मिलने की टाइमिंग्स भी ऐसे रखते हैं कि फोटोग्राफर्स उन्हें ना मिल पाएं। उसी समय दोनों एक-दूसरे के घर जाते हैं। ऐसा भी कहा जा रहा है कि दोनों का परिवार इनके रिलेशनशिप के बारे में जानता है और उनके लिए खुश हैं। वे ये भी समझते हैं कि दोनों अपने रिलेशन को दुनिया की नजरों से दूर रखना है और इसके लिए उन्हें सपोर्ट भी कर रहे हैं। पलक अब द वर्जन ट्री में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उनके साथ संजय दत्त और सनी चोपड़ा भी होंगे। यह एक हॉरर कॉमेडी फिल्म होगी। वहीं इब्राहिम को लेकर कहा जा रहा है कि वह सरजमीन फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। इस फिल्म में काजोल लीड रोल में हैं।

# टीवी एक्ट्रेश गरिमा किशनानी का ग्लैमरस अवतार



भोली-भाली सी बिंदिया का असली अवतार देख पसीने छूट जाएंगे, सुहागिन एक्ट्रेस रियल लाइफ में दिखती हैं ऐसी गरिमा किशनानी असल जिंदगी में काफी ग्लैमरस हैं। इन दिनों वह टेलीविजन शो सुहागिन में नजर आ रही हैं, जिसमें वह बिंदिया का रोल प्ले करती हैं। शो में वह जितनी भोली भाली और सादगी भरे अंदाज में दिखती हैं, असल जिंदगी में वह उतनी ही ग्लैमरस है। इस रोमांटिक ड्रामा सीरीज की शुरूआत इसी साल मई में हुई थी जो कि कलर्स और जियो सिनेमा पर टेलिकास्ट होता है। सुहागिन सीरियल फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस सीरियल की कास्ट भो काफी चर्चा में हैं। फैंस को इस सीरियल की लीड हीरोइन बिंदिया उर्फ गरिमा किशनानी काफी पसंद आ रही है। सीरियल में बिंदिया अपने भोले भाले अंदाज के चलते चर्चा में रहती हैं। ऐसा किरदार जो अपने सुहाग के लिए किसी से भी भिड़ने को तैयार होती है। इसकी शादीशुदा जिंदगी में पायल रोड़ा बनती हैं और उसे घर से निकलवाने की भी लाख कोशिश कर चुकी है।

# अनुष्का शर्मा ने विराट कोहली के 50 वे शतक पर फ्लाइंग किस देकर जश्न मनाया



आईसीसी विश्व कप 2023 का पहला सेमीफाइनल 15 नवंबर को वानखेड़े स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया। इस दौरान अनुष्का शर्मा ने अपने पति विराट कोहली के 50वां वनडे शतक लगाया तब अनुष्का शर्मा ने स्टैंड से ही फ्लाइंग किस देकर समर्थन किया। उस दौरान दर्शकों के बीच में मौजूद रणबीर कपूर और जॉन अब्राहम, यह देखकर अनुष्का को घूर रहे थे। विराट का शतक जैसे ही पूरा हुई अनुष्का शर्मा उन्हें फ्लाइ किस देती नजर आईं।


# ये पांच कारण फिल्म टाइगर 3 को बनाते हैं सुपरहिट



टाइगर 3 की कहानी तीन किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है। पहला है देशभक्त टाइगर (सलमान खान), दूसरा है पाकिस्तान की पूर्व आईएस-आई एजेंट जोया (कैटरीना कैफ), जो अपने देश के प्रति वफादार है और तीसरा वह व्यक्ति है जो एक सैन्य अधिकारी के रूप में देश के साथ गद्दारी करके गद्दार बन जाता है। चीन ने पाकिस्तान को जो मिसाइल कोड दिया है, उसे हासिल करने के लिए उसने देश को धोखा दिया। ये धोखेबाज शख्स कोई और नहीं बल्कि आतिश रहमान (इमरान हाशमी) है, जो किसी भी कीमत पर उस मिसाइल का कोड चाहता है। इसे हासिल करने के लिए वह जोया से मदद मांगता है। एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है और अब जब तक टाइगर मारा नहीं, तब तक टाइगर हारा नहीं। सलमान खान की टाइगर 3 दिवाली पर पूरे धूम-धड़ाके के साथ सिनेमाघरों में लग चुकी है। बहुत लंबे अरसे से, प्रशंसकों ने फिल्म का इंतजार किया है, जिसमें भाईजान के साथ अद्भुत एक्शन दृश्य और स्टंट हैं जो निस्संदेह आपको सीटियां बजाने पर मजबूर कर देंगे। हालाँकि, कैटरीना कैफ की एक्टिंग भी आपको झकझोर कर रख देगी। फिल्म में कुछ ऐसा होता है कि टाइगर को आरोपों से बचते हुए देशद्रोही कहलाना पड़ता है। अब ये पहलू पांच देशों से जुड़े हुए हैं - भारत, पाकिस्तान, तुर्की, रूस और ऑस्ट्रिया, जिसका मतलब है कि यह एक फिल्म इन सभी स्थानों की पड़ताल करती है। क्या टाइगर खुद को निर्दोष साबित कर पाएगा? क्या वह अपने ससुराल में लोकतंत्र कायम रख पा रहा है? ये जानने के लिए आपको फिल्म देखनी पड़ेगी।

इसी बीच जब टाइगर पाकिस्तानियों की कैद में फंस जाता है तो उसे बचाने के लिए पठान आते हैं। पठान के रूप में शाहरुख खान का कैमियो और टाइगर के साथ उनका ब्रोमांस मजेदार है। हमेशा की तरह इस फिल्म में भी दोनों के बीच कमाल की केमिस्ट्री देखने को मिली। फाइटिंग सीन के दौरान भी ये दोनों अपने अंदाज से दर्शकों को हंसाने का मौका नहीं छोड़ते थे। कैटरीना कैफ के टॉवल एक्शन सीन ने मचाया तहलका। इस सीन को बहुत अच्छे से फिल्माया गया है। यह कहना गलत नहीं होगा कि कैटरीना अपनी अदाओं से बॉलीवुड और हॉलीवुड हीरोइनों पर भारी पड़ रही हैं। सलमान खान की टाइगर 3 ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर है। सलमान का अनोखा और दमदार अंदाज कहानी को दिलचस्प बनाता है। सलमान का एक्शन सीक्वेंस देखकर यकीन मानिये आप चौंक जाएंगे। कुल मिलाकर यह फिल्म मनोरंजन, एक्शन और देशभक्ति से भरपूर है।

# घायल फोटोग्राफर को रानी ने हॉस्पिटल पहुंचाया



हाल ही में दीवाली पार्टी में एक्ट्रेस रानी मुखर्जी की तस्वीर लेने के प्रयास में एक फोटोग्राफर घायल हो गया, जिसके बाद एक्ट्रेस ने अपनी कार भेजकर उस शख्स की मदद की। अब एक्ट्रेस की इस दरियादिली की फैंस खूब तारीफ कर रहे हैं। फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर बताया कि रानी मुखर्जी की तस्वीरें खींचने की कोशिश में एक सहकर्मी के पैर पर कार चढ़ गई थी। इस बारे में जैसे ही रानी को पता चला तो उन्होंने तुरंत उस फोटोग्राफर को अपनी कार से हॉस्पिटल भेजा। वीडियो वायरल होने के बाद फैंस रानी की खूब तारीफ कर रहे हैं और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। काम की बात करें तो रानी मुखर्जी को आखिरी बार फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे में देखा गया था। यह फिल्म एक रियल लाइफ इंसीडेंट पर बेस्ड थी। बता दें कि एक्ट्रेस रानी मुखर्जी बॉलीवुड की एक मशहूर एक्ट्रेस होने के साथ ही अपने हेल्पिंग जेस्चर के लिए भी जानी जाती हैं। कई दफा उन्हें लोगों के लिए परेशान होते और उनकी मदद करते हुए देखा गया है।

# करोड़ों में बिकी माइकल जैक्सन की पुरानी जैकेट



मशहूर पॉप स्टार एवं दिवंगत हीरो माइकल जैक्सन एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। दरअसल, पॉप स्टार की एक जैकेट नीलाम हुई, जो करोड़ों में बिकी है। हाल ही में, प्रॉपस्टोर द्वारा लंदन में प्रसिद्ध चीजों की नीलामी का आयोजन किया गया था, जहां कई लोग इकट्ठा हुए। इस इवेंट में माइकल की 39 साल पुरानी जैकेट बिकी। पॉप स्टार ने ये जैकेट साल 1984 में अपने पेप्सी एड शूट के लिए पहना था। ये जैकेट 2.5 करोड़ रुपये में बिकी है। ब्लैक एंड व्हाइट लैदर जैकेट से माइकल की एक बड़ी याद जुड़ी है। दरअसल, 1984 में जब माइकल ने एड शूट के लिए ये जैकेट पहनी थी, तभी शूटिंग के दौरान उनके बालों में आग लग गई थी। इसकी वजह से माइकल जैक्सन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका सिर बुरी तरह जख्मी हो गया था। एक बार माइकल ने कहा था कि इस घटना के बाद ही उन्हें दवा लेने की लत लग गई थी। बता दें कि किंग ऑफ पॉप कहे जाने वाले माइकल जैक्सन भले ही आज इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन अक्सर उनके काम के चर्चे होते रहते हैं।

# फिल्म एनिमल का तीसरा गीत पापा मेरी जान जारी

बालीवुड एक्टर रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल का तीसरा गीत पापा मेरी जान जारी कर दिया गया है। गाने में रणबीर की फिल्म में अपने पिता अनिल कपूर से बॉन्डिंग दिखाई गई है। गाने में यह भी दिखाया गया है कि अनिल काम में इतना बिजी रहते हैं कि उनके पास बेटे के लिए समय ही नहीं है। गाने में रणबीर के बचपन से लेकर बड़े होने तक क्लिप दिखाई गई है। गाने में दिखाया गया है कि कैसे एक पिता अपने बेटे के लिए सब कुछ करते हैं और फिर वह बेटा किसी के बदले अपने पिता के लिए कुछ करना चाहता है और वह जुनून रणबीर के कैरेक्टर से झलक भी रहा है। यह गाना लोगों के दिलों को छू रहा है। इस गाने को सोनू निगम ने अपनी मखमली आवाज से सजाया है। इस गाने के रिलीज होने की जानकारी रश्मिका मंदाना और अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर दी। गाना यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। इससे पहले फिल्म के 2 और रिलीज गानों हुआ मैं और सतरंगा ने भी खूब धूम मचाई थी। इनमें रणबीर और रश्मिका मंदाना की जोरदार केमिस्ट्री नजर आई।

# कपिल शर्मा शो के नए सीजन का इंतजार



मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा का शो फिलहाल टीवी से ऑफ एयर हो चुका है और फैंस को उसके नए सीजन का इंतजार है। माना जा रहा था कि वे नई थीम के साथ लौटेंगे, लेकिन ऐसा नहीं होगा। दरअसल कपिल अब टीवी के बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। एक प्रोमो के जरिये यह जानकारी दी गई है। कपिल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर नेटफ्लिक्स के साथ अपने दूसरे शो का नया प्रोमो शेयर किया है। इसमें दिखाया जाता है कि कपिल नए घर में शिफ्ट हो रहे हैं लेकिन पुरानी टीम के साथ। इस शो में कपिल के साथ अर्चना पूरण सिंह, कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक, राजीव ठाकुर भी रहेंगे। कपिल पिछले 10 सालों से ऑडियंस का एंटरटेनमेंट कर रहे हैं। अब हर कोई नए शो का फॉर्मेट जानने को उत्सुक है। बता दें कि कपिल शर्मा मौजूदा दौर में टीवी की दुनिया के मोस्ट पॉपुलर कॉमेडियन में से एक हैं। स्टैंडअप कॉमेडियन के रूप में बुलंदियों तक पहुंचने वाले कपिल आज घर-घर में लोकप्रिय हैं।

# अजय देवगन के साथ फिल्म में काम करेंगे फिरोज खान

## -फिर नजर आएगा जिगर का यह खलनायक



**मुंबई (ईएमएस)।** महाभारत में अर्जुन का किरदार निभा चुके फिरोज खान फिर से अजय देवगन के साथ एक एक्शन फिल्म में काम करने के लिए तैयार हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वह 31 साल बाद फिर से अजय देवगन संग स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। उन्होंने कहा, मैं अजय के साथ एक बेहतरीन एक्शन फिल्म में काम कर रहा हूं। हालांकि फिल्म का टाइटल अब तक तय नहीं हुआ है लेकिन फिल्म का निर्देशन रोहित शेट्टी कर सकते हैं। इस फिल्म में भी मैं नेगेटिव रोल में नजर आने वाला हूं। साल 1992 में भी वह फिल्म जिगर में अजय देवगन संग नजर आ चुके हैं। उनका कहना है कि सबसे अहम बात यह है कि उम्र दिमाग में बस एक नंबर है। एक्टिंग की दुनिया में बने रहने के लिए इंसान को स्वस्थ और स्ट्रॉन्ग होना चाहिए। मैं इसी आधार पर आने वाली फिल्म में अपना किरदार निभा रहा हूं। जिगर के बाद यह दूसरी बार होगा जब मैं अजय के साथ विलेन बनकर काम करने वाला हूं। बता दें कि साल 1992 में रिलीज हुई फिल्म जिगर ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। अजय देवगन की इस फिल्म में एक ऐसे एक्टर ने भी अहम भूमिका निभाई थी, जिसे बीआर चोपड़ा की महाभारत से घर घर में पहचान मिली थी। अब 31 साल बाद वही एक्टर फिर से अजय देवगन के साथ एक एक्शन फिल्म में काम करने के लिए तैयार हैं। अपने नेगेटिव किरदारों से वाहवाही लूट चुका यह अभिनेता अजय संग भी दमदार अवतार में नजर आने वाला है।

# अमिताभ को फैंस ने दी वर्ल्ड कप फाइनल नहीं देखने की सलाह

**मुंबई (ईएमएस)।** बिग बी को क्रिकेट के फैंस ने वर्ल्ड कप मैच नहीं देखने की सलाह दी है। इसका खुलासा खुद अमिताभ बच्चन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में किया है। गौरतलब है कि विश्ववकप सेमीफाइनल में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को करारी शिकस्त दी है। भारत की इस जीत से देशभर में खुशियों का माहौल है। विश्वकप के इस सेमीफाइनल मुकाबले को अमिताभ बच्चन ने नहीं देखा था। अब सोशल मीडिया पर उनके एक फैन ने उन्हें फाइनल ना देखने की सलाह दी है। इस बात का खुलासा खुद अमिताभ बच्चन ने किया है। अमिताभ खुद भी फैन की यह बात सुनकर हैरान हैं। बीते बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में विश्वकप का पहला सेमीफाइन मैच हुआ। मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 398 रनों का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में कीवी टीम 48.5 ओवर में 327 रनों पर सिमट गई। 12 साल बाद टीम इंडिया फाइनल में पहुंची है। इससे पहले इंडिया 2011 के विश्व कप के फाइनल में पहुंची थी। अब फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा। अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति के जरिए सभी के बीच लोकप्रिय हैं। इसके अलावा वे सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। हाल ही उन्होंने सेमीफानल के बाद एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें लिखा था, जब वह मैच नहीं देखते हैं तो हम जीत जाते हैं। बस, अमिताभ के इस ट्वीट पर फैंस ने बिग बी को सलाह देना शुरू कर दिया। एक फैन ने एक ब्लाइंड फोल्ड शख्स की फोटो शेयर कर कहा, प्लीज अमिताभ सर संडे को आप ऐसे रहिएगा। वहीं, एक का कहना था, थैंक यू सर आपने यह मैच नहीं देखा। एक यूजर ने लिखा, प्लीज फाइनल भी मत देखिएगा। अगर अमिताभ बच्चन के मैच नहीं देखने से टीम जीत जाती है तो उन्हें अपने फैंस की सलाह जरूर माननी पड़ेगी।

## सूडोकु नवताल- 6615

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6614 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7362

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | क | ए | का | धि | का | र | प | गो |
| न | का | क | म | इं | डो | ने | ग | ति | मा | ला |
| अ | दा | र | ला | मा | ग | अं | द | ह | प | का |
| जी | ग | ल | का | जा | न | स | ध | ह | लि | र |
| त | अ | अ | र | न | न | मे | ह | का | न | दे |
| अ | ना | का | र | व | प | का | त | ह | र | बां |
| ग | मा | ल | मा | व | अ | ला | र | मा | न | ग |
| र | न | भा | र | न | प | स | रा | ल | वि | ला |
| क | न | बा | अ | लं | का | र | ह | न | जू | दे |
| र | का | ति | मा | न | सिं | ब्रा | स्र | का | प | श |
| बां | र | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | र | र |

*शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'कार' लगा हो. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

प्रकार, गोलाकार, अनाकार, जानकार, एकाधिकार, नकार, अंधकार, अलंकार, असहकार, कमलाकार

### शब्दजाल - 7361 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मु | न | सी | ब | आ | ज | ग | ल | व | रा |
| वि | ली | प्रे | क | न्या | स | द | ज | कां | ड़ | चु |
| मे | ष | बा | दी | छ | मि | आ | ब | वृ | क | इं |
| नौ | ब | न | बा | वा | स | थु | ल | ष | क | डि |
| आ | मी | ल | म | चा | न | क्रो | न | भ | च | या |
| ल | न | र | रा | क | ली | ती | ण | घ | र | द |
| सिं | र्हि | ग | ट्रे | न | र | स | बा | व | स | क |
| ह | ऊ | ई | द | ब | क | फ | चो | श | क | रा |
| म | तु | ला | रा | म | स | या | औ | र | आ | क |
| गॉ | ल | प | लि | जी | कुं | भ | म | प | द | क |
| ड | क | र्क | या | क | र्त | व्य | ब | त | म | श |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6315

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 4 | 5 | | | 1 |
| | 28 | 1 | 36 | | 30 | |
| 3 | | | 6 | 7 | | 2 |
| | 36 | 2 | 37 | | 25 | |
| 4 | 5 | | | | | 3 |
| | 33 | 7 | 37 | 4 | 33 | 5 |
| 1 | | 3 | 4 | | 6 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6314 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 38 | 3 | 32 | 1 | 27 | 7 |
| 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 32 | 2 | 32 | 7 | 33 | 6 |
| 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 24 | 1 | 36 | 4 | 30 | 5 |
| 1 | 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# विश्व चैंपियन अर्जेंटीना की उरुग्वे से 0–2 से सनसनीखेज हार

**ब्यूनस आयर्स। लियोनेल मेसी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना बोम्बोनेरा स्टेडियम में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर में उरुग्वे से 0-2 से हार गई, उरुग्वे की जीत का श्रेय रोनाल्ड अराउजो और डार्विन नुनेज़ के प्रत्येक हाफ में गोल को जाता है।**

उरुग्वे शुरू से अंत तक बेहतर था और जीत के साथ, 10 अंकों के साथ स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गया, अर्जेंटीना से दो अंक पीछे, जिन्होंने पहले चार गेम जीतने के बाद अपना पहला अंक खो दिया है। उरुग्वे विश्व कप चैंपियन के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक था। डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी की गलती के बाद 10वें मिनट में डार्विन नुनेज़ ने एक क्रॉस शॉट के साथ स्कोरिंग की शुरुआत लगभग कर दी।

पिछले साल कतर में विश्व कप के दौरान सऊदी अरब के खिलाफ ग्रुप–स्टेज ओपनर के बाद से अर्जेंटीना ने कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं हारा है। फीफा विश्व कप 2022 फाइनल जीतने के बाद यह पहली बार था जब अर्जेंटीना ने कोई गोल खाया। नुनेज़ ने 87वें मिनट में काउंटर पर गोल किया जब उरुग्वे की रक्षापंक्ति ने मेसी को अपने बॉक्स के किनारे पर रोक दिया।

अर्जेंटीना अभी भी पांच मैचों में 12 अंकों के साथ 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष पर है। उरुग्वे 10 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। कोलंबिया के नौ और वेनेज़ुएला के आठ अंक हैं।

ब्राजील सात अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रियो डी जेनेरो के माराकाना स्टेडियम में विश्व कप चैंपियन की मेजबानी करेगा।

मेसी ने कहा, हमने इस मैच में कभी भी सहज महसूस नहीं किया। उरुग्वे शारीरिक रूप से मजबूत टीम है, उनके पास अच्छा टीम वर्क है। उनके खिलाफ हमेशा ऐसा ही होता है।

मेसी के करीबी दोस्त लुइस सुआरेज़, जो अभी–अभी उरुग्वे की राष्ट्रीय टीम में लौटे हैं, नहीं खेले।

विश्व कप क्वालीफाइंग के पिछले दौर में मोंटेवीडियो में उरुग्वे ने ब्राजील को इसी स्कोर से हराया था। उसका अगला मुकाबला बोलीविया से होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### विश्व कप क्वालिफायर के दूसरे राउंड में भारत ने जीत से की शुरुआत, कुवैत को 1-0 से हराया

**कुवैत सिटी ।** फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर के दूसरे राउंड में भारतीय टीम ने जीत से शुरुआत की।



उसने कुवैत सिटी के जाबेर अल–अहमद अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में कुवैत को 1–0 से हरा दिया। पहले हाफ में मैच 0–0 की बराबरी पर रहा था। इसके बाद दूसरे हाफ में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन किया और कुवैत पर लगातार दबाव बनाए रखा। मनवीर सिंह ने 75वें मिनट में गोल कर टीम को 1–0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद मैच में कोई गोल नहीं हुआ। विश्व कप 2026 क्वालिफायर का दूसरा राउंड एएफसी एशियन कप 2027 के लिहाज से भी काफी अहम है। अंक तालिका में शीर्ष दो पर रहने वाली टीम सीधे एएफसी एशियन कप 2027 में पहुंच जाएगी। भारत ने मैच में जीत के साथ ही तीन अंक हासिल कर लिए और वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। कतर ने अफगानिस्तान को हराकर भी तीन अंक हासिल किए हैं। वह बेहतर गोल अंतर के आधार पर अंक तालिका में शीर्ष पर है। कतर ने ग्रुप के अन्य मैच में अफगानिस्तान को 8–1 से हराया। भारत और कुवैत के बीच यह छठा मुकाबला था। भारत ने उसे दूसरी बार हराया है। कुवैत को भी दो बार जीत मिली है और दो मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। भारत विश्व कप 2026 क्वालिफायर के दूसरे राउंड में अपना दूसरा मैच 21 नवंबर को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में कतर के खिलाफ खेलेगा। यह मैच टीम इंडिया के लिए काफी कठिन होगा। भारत ने इस साल की शुरुआत में बेंगलुरु के श्री कांतीरावा स्टेडियम में सैफ चैंपियनशिप में दो बार कुवैत का सामना किया था। दोनों मैच 1–1 से बराबर रहे थे।


### कोहली की रनों की भूख मुझे प्रेरित करती : गिल

**मुंबई ।** भारतीय युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि वह स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की रनों की



भूख और समर्पण उन्हें प्रेरित करती है और जब वह कप्तान रोहित शर्मा के साथ क्रीज पर होते हैं, तब उससे काफी कुछ सीखते हैं। कोहली के रिकॉर्ड 50वें शतक की मदद से भारत ने न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर वनडे विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई। कोहली जब रिकॉर्डतोड़ पारी खेल रहे थे, तब गिल ड्रेसिंग रूम में बैठकर कोहली को देख रहे थे। पांव में क्रैम के कारण गिल को रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। उन्होंने 80 रन बनाए। गिल ने कहा, 'जब भी वह मैदान पर उतरते हैं, तब कुछ विशेष करते हैं तथा पिछले 10–15 साल से वह निरंतर ऐसा कर रहे हैं जो वास्तव में प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह उनके कौशल से जुड़ी चीज नहीं है, बल्कि यह उनकी रनों की भूख और जज्बे से जुड़ी है जो मुझे प्रेरित करती है। वह लंबे समय से निरंतर ऐसा कर रहे हैं जो वास्तव में मुझे प्रेरित करती है। गिल ने कहा कि कोहली और उनकी बल्लेबाजी में कुछ समानता भी है। उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो क्रीज पर हम परिस्थिति के संबंध में और उसमें कैसे खेल आगे बढ़ाना है, को लेकर बात करते हैं। मुझे लगता है कि उनकी और मेरी शैली में कुछ समानता है क्योंकि हम दोनों ही स्कोर बोर्ड को चलायमान रखना पसंद करते हैं। गिल ने इसके साथ ही कहा कि जब वह रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी कर रहे होते हैं तो उन्हें कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है।

### शामी की कामयाबी पर पिघला हसीन का दिल,रील बनाकर दिखाया प्यार



**मुंबई ।** भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी को वर्ल्ड कप 2023 का सबसे सफल बॉलर कहा जाए, तब गलत नहीं होगा। विश्वकप में दो मैच में 5 विकेट लेकर उन्होंने पंजा खोला और फिर टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल का यादगार बनाकर भारत के तेज गेंदबाज ने 7 विकेट लेकर बता दिया कि भारत क्यों वर्ल्ड कप 2023 की प्रबल दावेदार है। वनडे क्रिकेट के इतिहास में भारत की तरफ से एक पारी में 7 विकेट लेन वाले शमी न सिर्फ पहले गेंदबाज बने बल्कि प्लेयर ऑफ द मैच बने। शमी के इस तहलके के बाद लगता है कि उनकी पत्नी हसीन जहां का दिल पिछल गया है। शमी की प्रोफेशनल लाइफ जितनी अच्छी चल रही है। उतनी ही उथल–पुथल उनकी निजी जिदंगी में है। शमी और उनकी बेगम हसीन जहां के बारे में कौन नहीं जानता। दोनों के बीच काफी लंबे समय से विवाद चल रहा है। दोनों के बीच अब तक कानूनी तौर पर तलाक नहीं हुआ है, लेकिन कपल अलग रह रहा है। शमी ने 7 विकेट लेकर तहलका मचाया, तब हसीन जहां ने अपने जज्बात सोशल मीडिया पर जिस तरह से जाहिर किए, उस पर लोग अब खूब चुटकी ले रहे हैं।

## वर्ल्ड कप फाइनल देखने अहमदाबाद पहुंचेंगे पीएम मोदी

# ऑस्ट्रेलियाई पीएम और डिप्टी पीएम को भी मैच देखने का न्योता ; सूर्य किरण टीम एयर शो दिखाएगी

**अहमदाबाद ।**

वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाना है। फाइनल मैच को देखने के लिए देश के पीएम नरेंद्र मोदी चीफ गेस्ट हो सकते हैं और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज को भी न्योता दिया गया है। बताया कि मोदी के कार्यक्रम की घोषणा आज की जा सकती है। मैच देखने के लिए भारतीय कप्तान एमएस धोनी और कपिल देव भी अहमदाबाद पहुंच सकते हैं। कपिल देव की कप्तानी में भारत ने पहला वनडे वर्ल्ड कप 1983 में जीता था। उसके बाद भारत 2011 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में दूसरी बार वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया था। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ियों के फैमिली मेंबर्स, के पदाधिकारी, बड़े अधिकारी और विभिन्न स्टेट एसोसिएशन्स के मेंबर्स भी फाइनल मैच के लिए नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मौजूद रहेंगे।

### टीम इंडिया पहुंची अहमदाबाद

फाइनल मुकाबले के लिए टीम इंडिया देर शाम अहमदाबाद पहुंच गई है। टीम पहले प्रैक्टिस सेशन में शामिल होगी। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2011 में वर्ल्ड कप टाइटल अपने नाम किया था। इसके अलावा 2013 में अंतिम बार ट्रॉफी जीती थी।

### भारत ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को हराया

टीम इंडिया ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर फाइनल के लिए अपना स्थान पक्का किया। जबकि ऑस्ट्रेलिया ने कोलकाता के ईडेन गार्डन्स में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को हराया। सेमीफाइनल से पहले टीम इंडिया ने पॉइंट टेबल में वर्ल्ड कप लीग के सभी 9 मैच जीत कर सेमीफाइनल में पहुंची थी। जबकि ऑस्ट्रेलिया पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान पर थी। उसे 9 लीग मुकाबलों में से 2 में हार का सामना करना पड़ा था।



### भारत, ऑस्ट्रेलिया बड़े अवसरों के लिए अजनबी नहीं : स्टार्क

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड कप–2023 का फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत टीम इंडिया से होगी। यह पहला मौका नहीं होगा जब ये दोनों टीमें एक हाई प्रेशर मैच के लिए मैदान में उतरेगी, क्योंकि 2003 में एक दूसरे के खिलाफ फाइनल मुकाबले खेलने के अलावा यह टीमें पहले कई बार फाइनल मुकाबला खेल चुकी है। पिछले दो वनडे विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने फाइनल में पहुंचने के बाद कहा कि उनका चल रहे टूर्नामेंट में प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं रहा लेकिन उनके जोड़ीदार जोश हेज़लवुड और उनके अन्य साथियों ने दमदार प्रदर्शन किया जिससे टीम को संतुलन मिला। दक्षिण अफ्रीका को दूसरे सेमीफाइनल के रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने हराकर फाइनल में जगह बनाई है, जहां उनका सामना भारत से होगा। खिताबी मुकाबले के बारे मे बात करते हुए स्टार्क ने क्रिकबज से कहा, भारत चल रहे वर्ल्ड कप की सर्वश्रेष्ठ टीम है और अब तक वो टूर्नामेंट में अजेय हैं। इसलिए, कोई टीम विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम को हराए बिना विश्व कप नहीं जीत सकती। साथ ही ऐसे खिताबी मुकाबले के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया अजनबी नहीं हैं क्योंकि वो ऐसे हाई वोल्टेज मुकाबले से पहले भी कई बार परिचित हुई हैं। यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। मदद कर रही परिस्थितियों के बीच नई गेंद से ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाज़ी और ओपनर्स द्वारा की गई बल्लेबाज़ी ने रोमांचक सेमीफ़ाइनल में अंतर पैदा किया। मिचेल स्टार्क ने 34 रन देकर तीन विकेट लेते हुए अपना स्पेल पूरा किया और जब विजयी रन बने तब भी वह मैदान पर मौजूद थे। भले ही स्टार्क के लिए गेंदबाज़ के तौर पर टूर्नामेंट मुश्किल रहा है, लेकिन दक्षिण अफ़्रीका को उन्होंने जोश हेजलवुड के साथ मिलकर पहले 12 ओवर में ही 24/4 के स्कोर पर पहुंचा दिया था। दोनों ने मिलकर मैच में पांच विकेट चटकाए। भले ही मैच में कई सारे रोमांचक पल आए, लेकिन इन दोनों की गेंदबाज़ी अंत में सबसे बड़ा अंतर बनी।

# कौन हैं वाजमा अयूबी, वर्ल्ड कप में क्यों चर्चा में है अफगान फैन गर्ल

**नई दिल्ली ।**

भारतीय क्रिकेट टीम ने मौजूदा विश्व कप में अपना दबदबा दिखाया है। पहले लीग मैचों और फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भी भारत ने जीत हासिल की। रोहित एंड कंपनी की जीत की खुशी के बीच अचानक सारा ध्यान अफगानी फैन वाज़्मा अयूबी की ओर मुड़ गया, जो अपनी अदाओं से लाखों लोगों के दिलों को लुभा रही हैं। उनके समर्थन और खेल के प्रति अटूट उत्साह ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। जिससे कई लोग उनके फैन बन गए हैं और उनसे जुड़ी बातें जानने के लिए उत्सुक हैं। अयूबी मौजूदा आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के स्टार आकर्षणों में से एक रही है। इससे पहले, वह इस साल आयोजित एशिया कप में भी देखी गई थी। अयूबी, जो दुबई में स्थित एक व्यवसायी महिला है। न केवल एक क्रिकेट फैन है, बल्कि व्यवसाय, प्रभाव और सक्रियता के क्षेत्र में एक मशहूर हस्ती भी हैं। एक्स पर उनका बायो उनके जुनून के बारे में बहुत कुछ बताता है। जिसमें रियल एस्टेट से लेकर टिकाऊ और नैतिक फैशन की वकालत और पितृसत्ता को नष्ट करने के लिए उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता शामिल है। अपनी टीम का समर्थन करने के अलावा, अयूबी ने भारतीय क्रिकेट टीम का समर्थन किया है। साथ ही भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फैन बन गई हैं। एक्स पर उनके हालिया पोस्ट भारत में उनकी उपस्थिति का संकेत देते हैं। जहां वह अफगानिस्तान टीम के साथ वनडे विश्व कप मैचों के उत्साह में पूरी तरह से डूबी हुई हैं। उनका सोशल मीडिया ऐसे वीडियो से भरा



पड़ा है, जो स्टेडियम से उनके उत्साह को कैद कर रहे हैं और इन रोमांचक मुकाबलों के दौरान अफगान खिलाड़ियों का उत्साहपूर्वक समर्थन कर रहे हैं। अयूबी ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल के दौरान उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए मोहम्मद शमी को बधाई दी। उन्होंने भारत बनाम न्यूजीलैंड सेमीफाइनल के बाद एक्स पर लिखा, ओएमजी, 7 विकेट! क्या प्रभाव और क्या क्रिकेटर समोहम्मद शमी, टीम इंडिया को बधाई। उन्होंने लीग चरण के मैच में इंग्लैंड के खिलाफ शमी के असाधारण प्रदर्शन पर भी प्रसन्नता व्यक्त की, जहां तेज गेंदबाज ने भारत की 100 रन की जीत में 4 विकेट लिए थे। उन्होंने ट्वीट किया, क्या खिलाड़ी हैं शमी। एशिया कप 2023 के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ भारत के मैच से पहले, अयूबी ने 2022 टूर्नामेंट के दौरान विराट कोहली द्वारा पहनी गई जर्सी पहनी थी। एक अनूठा स्पर्श जोड़ते हुए, जर्सी सिर्फ एक यादगार वस्तु नहीं थी बल्कि उस पर खुद भारतीय क्रिकेट आइकन ने हस्ताक्षर किए थे। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, मैं अपनी पसंदीदा टीम को सपोर्ट करने के लिए जो जर्सी पहन रही हूं, वह जर्सी किंग विराट कोहली ने खुद एशिया कप में भारत–बनाम अफगानिस्तान मैच में पहनी थी। इस पर उनके हस्ताक्षर भी हैं।

# गुवाहाटी में राइजिंग सन वॉटर फेस्ट- रीविजिटिंग सरायघाट-23 का दूसरा संस्करण, कल होगा आगाज

**गुवाहाटी ।**

राइजिंग सन वॉटर फेस्ट– रीविजिटिंग सरायघाट' के दूसरे संस्करण का आगाज होने जा रहा है। यह असम के गुवाहाटी शहर के बाहरी इलाके दीपोर बील में होने जा रहा है। नवंबर से 'राइजिंग सन वॉटर फेस्ट– रीविजिटिंग सरायघाट–23' उत्तर पूर्व क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित जल क्रीड़ा कार्यक्रम है। इसमें रोइंग, सेलिंग, मोटर बोटिंग आदि जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। कार्यक्रम का पहला संस्करण 2 से 5 नवंबर 2022 को उमियम झील (मेघालय) में आयोजित किया गया था। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि असम में गुवाहाटी के बाहरी इलाके में दीपोर बील में जल क्रीड़ा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव के जरिए सरायघाट के युद्ध नायकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी, जिसमें आहोम बलों ने मुगल सेना को निर्णायक शिकस्त दी थी। उन्होंने बताया कि चार दिवसीय 'राइजिंग सन वॉटर फेस्ट– रीविजिटिंग सरायघाट' के दौरान राष्ट्रीय स्तर के क्लब दीपोर बील झील में नौकायन और रोइंग स्पर्धाओं में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में असम के ऐतिहासिक महत्व पर ध्यान देने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि ट्रॉफी का अनावरण करते हुए पिछले दिनों असम की खेल मंत्री नंदिता गारोलोसा ने कहा था कि अपना इतिहास और पर्यटन



की क्षमताओं को दिखाने के लिए राज्य के पास अच्छा मंच होगा। उन्होंने कहा, हम कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हमें खुशी है कि मेघालय में पहले जल उत्सव के बाद इस बार इसे यहां आयोजित किया जा रहा है।

असम सरकार और सेना की पूर्वी कमान ने इस आयोजन के लिए साझेदारी की है, जिसमें विशेष बलों और भारतीय वायुसेना की ओर से प्रस्तुति पेश की जाएगी। उल्लेखनीय है कि राइजिंग सन वॉटर फेस्ट' का पहला संस्करण पिछले साल मेघालय की उमियाम झील में आयोजित किया गया था। इसका दूसरा संस्करण सरायघाट में 1671 में लड़ी गई लड़ाई के नायकों को श्रद्धांजलि देने से जुड़ा है। इस युद्ध में सेनापति लाचित बोरफुकन के नेतृत्व वाली आहोम सेना ने ब्रह्मपुत्र के पास मुगल फौज को शिकस्त दी थी।


# रवि शास्त्री को भरोसा शतकों का शतक लगा सकते हैं कोहली

**नई दिल्ली ।**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर और पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि विराट कोहली की तैयारी और शारीरिक प्रदर्शन उन्हें प्रतिष्ठित सचिन तेंदुलकर के 100 टन के रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए तैयार करता है। आत्मविश्वास से भरे कोहली ने भारतीय दिग्गज को पीछे छोड़कर 50 वनडे शतक लगाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए। अपनी 117 रनों की पारी के साथ कोहली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 80 शतक लगाए हैं, जो अभी भी सचिन के 100 शतकों से 20 पीछे हैं।

शास्त्री को लगता है कि सचिन के मायावी रिकॉर्ड की बराबरी करने की कोहली की संभावनाओं को खारिज करना अभी भी संभव है। उन्होंने कहा, किसने सोचा होगा कि जब तेंदुलकर ने 100 शतक बनाए थे, तब कोई भी उनके करीब आ जाएगा और उन्होंने 80, 80 अंतरराष्ट्रीय शतक बनाए हैं, उनमें से 50 एक दिवसीय मैच में हैं और जो उन्हें सर्वोच्च बनाता है। कोहली जैसे खिलाड़ियों के कारण कुछ भी असंभव नहीं है, जब वे शतक बनाने की फिराक में रहते हैं, फिर वे उन्हें बहुत तेजी से बनाते हैं। उनकी अगली 10 पारियों में, आप पांच और शतक देख सकते हैं। आपके पास खेल के तीन प्रारूप हैं और वह उन सभी प्रारूपों का हिस्सा हैं। यह सोचने के लिए कि उनके पास अभी भी तीन या चार साल हैं, उनका प्रदर्शन आश्चर्यजनक है।

उन्होंने कोहली के धैर्य की प्रशंसा की, जो उन्हें खेल से पहले फिट और तैयार रहने में मदद करता है। न्यूजीलैंड पर भारत की जीत के दौरान उनकी शांति प्रदर्शित हुई। उन्होंने पारी की शुरुआत में ही अपना विकेट लगभग खो दिया था, लेकिन वह बच गए। उस समय से उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और रिकॉर्ड तोड़ 117 रन बनाकर मेन इन ब्लू



को जीत की ओर अग्रसर किया। शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि उनका धैर्य, सिर्फ उनकी शारीरिक भाषा, उनका संयम, क्रीज पर उनकी शांति बता रही थी। मैंने उन्हें पिछले विश्व कप में देखा है, जहां वह गर्म टिन की छत पर बिल्ली की तरह खड़े दिखते हैं। वह आगे बढ़ना चाहते हैं। यहां ऐसा कुछ भी नहीं है। उन्होंने अपना समय लिया है, अपने गार्ड को चिह्नित किया है, दबाव को कम किया है, खुद को समय दिया है और पारी में गहरी बल्लेबाजी की अपनी भूमिका को समझा है। और वह अद्भुत रहे हैं।

# परफेक्ट सिनर ग्रुप में शीर्ष पर, जोकोविच को सेमीफाइनल में पहुंचने में मदद की

**ट्यूरिन।**

जानिक सिनर के निट्टो एटीपी फाइनल्स चार्ज ने उन्हें ग्रीन ग्रुप के शीर्ष पर पहुंचा दिया है। घरेलू पसंदीदा खिलाड़ी ने प्रतिष्ठित सीज़न के आखिरी राउंड–रॉबिन चरण मैच में होल्गर रूण को 6–2, 5–7, 6–4 से हराकर ग्रुप में टॉप किया। ऐसा करते हुए, उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि छह बार के चैंपियन और विश्व नंबर 1 नोवाक जोकोविच उनके साथ सेमीफाइनल में पहुंचें।

सिनर ने स्टेफानोस सितसिपास और जोकोविच के खिलाफ अपनी शुरुआती जीत को पाला अलपिटौर के अंदर सप्ताह के तीसरे साहसी प्रदर्शन के साथ समर्थित किया, चार में से दो ब्रेक प्वाइंट को परिवर्तित करके मैच में दो घंटे, 33 मिनट में जीत दर्ज की।

सिनर ने कहा, नोवाक के खिलाफ अच्छी जीत के बाद रीसेट करना मेरे लिए वास्तव में महत्वपूर्ण था। मैं कभी भी रूण के खिलाफ नहीं जीता, इसलिए मैंने



वास्तव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। मैंने वास्तव में अच्छी शुरुआत की। दूसरे सेट में, उसने बेहतर सर्विस की, वह बेहतर तरीके से आगे बढ़ा, इसलिए यह बहुत अधिक समान मैच था। तीसरा सेट उसका हो सकता था। 4–3 पर मैंने एक ब्रेक पॉइंट बचाया। आज यह थोड़ा उतार–चढ़ाव भरा था, लेकिन जाहिर तौर पर सेमीफाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हूं।

मैच के पहले सेट और आधे भाग में सिनर अधिक सहज खिलाड़ी दिखे, लेकिन दूसरे सेट के मध्य में पीठ की स्पष्ट चिंता के कारण उनके मूवमेंट में समझौता हुआ। दृढ़ता बनाए रखते हुए, इटालियन ने मैच को निर्णायक सेट में गहराई तक ले लिया और दोनों के बीच तीन लेक्सस एटीपी हेड2हेड भिड़ंत में रूण के खिलाफ अपनी पहली जीत हासिल करने के लिए स्टैंड से जोरदार समर्थन प्राप्त किया। अब 2023 सीज़न के लिए 60–14, सिनर पहली बार एक ही वर्ष में पांच टूर–स्तरीय टूर्नामेंट जीतने से दो मैच दूर है। 22 वर्षीय, जो इस सीज़न में मोंटपेलियर, बीजिंग, टोरंटो और वियना में चैंपियन बने, निट्टो एटीपी फाइनल्स के 54 साल के इतिहास में एकल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले इतालवी हैं। सिनर ने अपनी मील का पत्थर 60वीं जीत हासिल करने के बारे में कहा, इसका निश्चित रूप से यहां इटली में, ट्यूरिन में, एक विशेष स्थान, विशेष टूर्नामेंट में और अधिक करने का मतलब है – जो ओपन युग में एक इतालवी व्यक्ति के लिए सबसे अधिक है। मैं बहुत खुश हूं कि मुझे कम से कम दो और मैच खेलने का मौका मिला है। उम्मीद है कि मैं साल का अंत अच्छे तरीके से कर सकूंगा। मुझे लगता है कि यह सही दिशा में जा रहा है और देखते हैं क्या होता है।


### विश्व कप योग्यता के साथ 7 दिसंबर से शुरू होगा हॉकी प्रो लीग का पांचवां सीजन

**लुसाने ।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग का पांचवां सीजन बस एक महीने दूर है। जब दुनिया की 18 सर्वश्रेष्ठ टीमें (9 पुरुष और 9 महिलाएं) 144 मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसका लक्ष्य प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतना है। टूर्नामेंट 7 दिसंबर 2023 को शुरू होगा और फाइनल मैच 30 जून 2024 को खेला जाएगा। एफआईएच के अनुसार, पहली बार एफआईएच हॉकी प्रो लीग का खिताब जीतने वाली पुरुष और महिला टीमों को बेल्जियम और नीदरलैंड में आयोजित होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 में सीधा स्थान हासिल करने का अतिरिक्त लाभ मिलेगा। प्रो लीग खेलों के लॉजिस्टिक प्रारूप में मिनी–टूर्नामेंट की शुरुआत के साथ सीजन 4 में विकास देखा गया और सीजन 5 में भी इसे जारी रखा जाएगा। प्रत्येक टीम सीज़न में दो बार अन्य 8 टीमों का सामना करेगी और प्रत्येक टीम द्वारा कुल 16 मैच खेले जाएंगे। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पूरे सीज़न को कई मिनी–टूर्नामेंटों में विभाजित किया गया है, जहां 3 का एक सेट एक मेजबान देश में इकट्ठा होगा और एक–दूसरे के खिलाफ अपने सभी मैच खेलेंगे। प्रति मिनी–टूर्नामेंट में 6 मैच होंगे। सीजन 5 के माध्यम से अर्जेंटीना, भारत, बेल्जियम, ग्रेट ब्रिटेन और नीदरलैंड में कई मिनी टूर्नामेंट खेले जाएंगे।

# मेकअप को लेकर आपने भी की होंगी ये 6 गलतियां..

20वां साल हमारी जिंदगी का सबसे उम्दा साल होता है, इस दौरान हम जमकर एक्सपेरिमेंट करते हैं, जो अपने साथ कई तरह के फायदे और नुकसान लेकर आते हैं. वैसे तो हम किसी भी स्टाइल को ट्राई करने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन इस चक्कर में कई बार हमसे कई तरह की गलतियां भी हो जाती हैं, क्योंकि हम ये समझ ही नहीं पाते कि हमारे ऊपर क्या चजेगा और क्या नहीं. आइए जानते है इस उम्र में हम किस तरह की गलतियां करते हैं.

फैशन में सबसे ज्यादा हम शिकार होते हैं गलत मेकअप के. अकसर गर्ल्स मार्केट में ट्रेंड कर रहे और उनकी फ्रेंडस द्वारा पंसद किए जा रहे प्रोडक्ट्स को इस्तेमाल करना शुरू कर देती हैं. कोई भी ब्यूटी प्रोडक्ट ट्राई करने से पहले अपनी स्किन टोन और टाइप को जरूर ध्यान में रखें. अगर आपकी स्किन ऑयली है तो क्रीम बेस्ड फाउंडेशन का इस्तेमाल बिल्कुल न करें. आपके मेकअप का बेस कितना ही महंगा क्यों न हो अगर यह सही से अप्लाई किया गया तो आपका फेस काफी अजीब लगेगा.



अकसर हम फेस पर प्राइमर नहीं लगाते. ध्यान रहे डार्क सर्कल्स को छिपाने के लिए प्राइमर में कंसीलर मिक्स करके लगाएं.बहुत कम लोग होते हैं जिनकी आईब्रोज घनी होती हों. अब इसका मतलब ये नहीं है कि आप अपने आप इसे घनी करने की कोशिश करें. अकसर गर्ल्स आईब्रोज को घनी दिखाने के लिए इनपर काफी डार्क आईब्रो पैंसिल लगाती हैं. आप भले ही

## बालों के लिए

यह सुनिश्चित कर लें कि इसे एनगुलर ब्रश से पूरी आईब्रो पर फैला लिया जाए.जिन भी गर्ल्स को लॉन्ग हेयर पसंद है उनके लिए ट्रीमिंग अनिवार्य है. बालों को लम्बाई बनाए रखने के लिए अकसर हम हेयरकट को अवॉइड करते हैं. लेकिन इससे न केवल बाल दोमुंहे होने लगते हैं बल्कि इनकी ग्रोथ भी रुक जाती है. ऐसे में कुछ समय के अंतराल पर बालों की ट्रीमिंग कराते रहें.ध्यान रहे ब्रोन्जर आपके पूरे फेस पर अप्लाई करने के लिए नहीं होता. इसे सिर्फ अपने माथे और नाक के साइड में लगाना चाहिए. अपने चिक-बोन्स, नाक के बीच में और आई लिड्स पर हाइलाइटर लगाएं.मेकअप का मतलब ये नहीं है? कि आप अपने फेस के हर हिस्से को हाईलाइट करें. बोल्ड आई मेकअप के साथ ब्राइट लिप शेड्स सही नहीं लगता. कोशिश करें कि आपकी आंखों और लिप्स में से कोई एक ही हाईलाइट हो.

# दरिद्रता को दूर करेंगे, ये 14 वास्तु टिप्स

**दरिद्रता की मानसिकता का सबसे बड़ा लक्षण आत्मविश्वास का अभाव है। दरिद्रता का दर्द संसार में सबसे अधिक दुख दाई है। इसलिए इन आसान से उपाये आजमाकर दरिद्रता को दूर किया जा सकता है।**

■ यदि प्रवेश द्वार जमीन से रगड खाता हुआ खुले या बंद हो तो बहुत कष्ट के बाद धन आगमन होता है।

■ उत्तर दिशा की ओर ढलान जितनी अधिक होगी संपत्ति में उतनी ही वृद्धि होगी।

■ यदि कर्ज से अत्यधिक परेशान हैं तो ढलान ईशान दिशा की ओर करा दें, कर्ज से मुक्ति मिलेगी।



■ उत्तर-पूर्व भाग में भूमिगत टैंक या टंकी बनवा दें। टंकी की लम्बाई, चौड़ाई व गहराई के अनुरूप आय बढ़ेगी।

■ आग्नेय कोण में धन रखने से आमदनी से ज्यादा खर्चे बढ़ जाते हैं तथा कर्जे की स्थिति बनती है

■ दो उचे भवनों घिरा हुआ भवन या भारी भवनों के बीच दबा हुआ भवन भूखण्ड खरीदने से बचें क्योंकि दबा हुआ भवन भूखंड गरीबी एवं कर्ज का सूचक है।

■ दक्षिण-पश्चिम व दक्षिण दिशा में भूमिगत टैंक, कुआँ या नल होने पर घर में दरिद्रता का वास होता है।- पूर्व तथा उत्तर दिशा में भूलकर भी भारी वस्तु न रखें अन्यथा कर्ज, हानि व घाटे का सामना करना पड़ेगा।

■ कोई भी कोना कटा हुआ न हो, न ही कम होना चाहिए। गलत दीवार से धन का अभाव हो जाता है।

■ भवन के मध्य भाग में अंडर ग्राउन्ड टैंक या बेसटैंक न बनवाएं।

■ घर में टूटे बर्तन व टूटी हुई खाट नहीं होनी चाहिए, न ही टूटे-फूटे बर्तनों में खाना खाएं। इससे दरिद्रता ब?ती है।

■ वास्तुशास्त्र के अनुसार ईशान ऊंचा हो और नैत्रॠय कोण नीचा हो तो निर्धनता रहती है।

■ इशान दिशा में सीढियां न हों।

■ मकान का मध्य भाग थोड़ा ऊँचा रखें। इसे नीचा रखने से बिखराव पैदा होगा।

■ यदि उत्तर दिशा में ऊंची दीवार बनी है तो उसे छोटा करके दक्षिण में ऊंची दीवार बना दें।

# इन छटपट रेसिपी से जीत लें अपने परिवार का दिल...



**कहते हैं किसी का दिल जीतने का रास्ता उसके पेट से होकर गुजरता है. ऐसे में कई बार समय की मारामारी में हमारे पास इतना समय ही नहीं होता कि हम कुछ अच्छा बना पाएं. अगर आप भी इन दिनों इस समस्या से परेशान हैं, तो जनाब परेशान न हों, नीचे दी गई इन रेसिपी को ट्राई जरूर करें.**

**बीन्स और तिल की सलाद :** बीन्स को तिरछा 2 बराबर भागों में काट लें.अब इनमें नमक और लाल मिर्च डालकर भाप में पकाएं.अब तेल में तिल डालकर भूनें.इसके बाद इसमें स्टीम्ड बीन्स भी डालकर भून लें.बीन्स और तिल की सलाद तैयार है.

**ढोकला:** बेसन, नींबू का रस, चीनी और हल्दी का मिश्रण तैयार करें.अब काला नमक, बेकिंग पाउडर पानी में मिलाकर इसमें डाल दें.इस मिश्रण को 15-20 मिनट तक भांप में पका लें.अब सरसों, कड़ी पत्ता और मिर्च का तड़का पके ढोकले पर छिड़क दें और परोसें.

**पौष्टिक रोटी:** गेंहू के आटे और बेसन को छान लें.उबले आलू को मैश कर लें.अब इसमें बारीक कटी हरी मिर्च, पालक, गाजर, दही और नमक मिलकार रोटी में भरकर सेक लें.गर्मागर्म रोटी दही या चटनी के साथ सर्व करें.

**कुकीज:** चीनी, मक्खन, दूध मिलाकर 10 मिनट तक पका लें.अब अलग से जई के आटे में नारियल, मूंगफली, मक्खन और वेनिला एसेन्स मिलाएं.दोनों मिश्रण आपस में मिला लें.मिश्रण के गोल हिस्से बनाकर ठंडा होने पर परोसें.

**चना चाट:** एक बड़े बाउल में चने, टमाटर, प्याज, उबले हुए आलू, हरी मिर्च और उबली हुई मटर मिला लें.अब इसमें नमक, लाल मिर्च और चाट मसाला भी डाल दें.इसमें अनार के दाने, नींबू का रस, पुदीने की चटनी और इमली की चटनी डालकर धनिये से सजाकर सर्व करें.

**अंकुरित चाट:** आधा कप कटे हुए प्याज, एक कप कटे टमाटर, एक कटी हुई हरी मिर्च, 1 कप अंकुरित दाल को आपस में मिला लें.अब इसमें नमक और नींबू का रस मिलाकर परोसे और मजा लें हेल्दी डाइट का.

**ब्रेड उपमा:** एक पेन में तेल गर्म करें.अब इसमें जीरा, 2 कटी हुई हरी मिर्च, 1 कटा हुआ प्याज, 1 कटा हुआ टमाटर, नमक, 2 कप ब्रेड के टुकड़े डालकर 2 मिनट तक पकाएं.अब हरा धनिया और हरी मिर्च के साथ गार्निश कर परोसें.

**दूध वड़ा:** दूध में चावल का आटा इस तरह मिलाएं कि उसमें गांठ ना आए.अब पेन में इसे घीमी आग पर पकाएं.जब यह मिश्रण गाढ़ा हो जाए तो आग से उतारकर ठंडा करें.अब हाथ पर थोड़ा-सा तेल लगाकर मिश्रण के छोटे-छोटे पेड़े बनाएं.घी गर्म कर इन पेडों को गुलाबी तल लें.ऊपर से पिसी चीनी डाल कर परोसें.

**ब्रोकली पराठा:** हल्दी पावडर, गर्म मसाला और हरी मिर्च को मिलाकर पेस्ट बना लें.अब एक कटोरी में आटा, कटे प्याज, कटी ब्रोकली, लहसुन और नमक मिला लें.अब इसमें हल्दी, गर्म मासाला और हरी मिर्च मिलाकर पानी की मदद से आटे की तरह गूंथ लें.अब इसे चपाती की तरह बेलें और पराठे की तरह पका लें.

**शिमला मिर्च,मशरूम फ्राई :** बारीक कटे प्याज, अदरक और हरी मिर्च को तेल में भून लें.अब इसमें लंबी कटी शिमला मिर्च और मशरूम डालकर पकाएं.अब इसमें लाल मिर्च डालकर 2 मिनट तक पकाएं.इसमें टमाटर की सॉस डालकर 2 मिनट और पकाने के बाद गर्मागर्म परोसें.



# सेहत के लिए काफी फायदेमंद है चुकन्दर

**चुकन्दर सेहत के लिए काफी लाभकारी माना जाता है। चुकन्दर ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रण में रखने से लेकर आपका सेक्सुअल स्टैमिना तक बढ़ाता है। ये एक नेचुरल फूड कलर के रूप में भी काम करता है। चुकन्दर को आप सलाद, जूस या हलवा किसी भी रूप में ले सकते हैं। जानिये इस खूबसूरत रंग वाली सब्जी से आप क्या क्या लाभ उठा सकते हैं।**

चुकन्दर नाइट्रेट्स का एक अच्छा स्त्रोत है, इसका सेवन किए जाने पर ये नाइट्राइट्स और एक गैस नाइट्रिक ऑक्साइड्स में बदल जाता है। ये दोनों तत्व धमनियों को चौड़ा करने और ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद करता है। शोधकर्ताओं ने ये भी पाया है कि हर रोज़ 500 ग्राम चुकन्दर खाने से लगभग 6 घंटे में व्यक्ति का ब्लड प्रेशर घट जाता है।

चुकन्दर में काफी मात्रा में फाइबर, फ्लेवेनॉइड्स और बेटासायनिन होता है। बेटासायनिन की वजह से ही चुकन्दर का रंग लाल-बैंगनी होता है। यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है। यह एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का ऑक्सीकरण कम करने में मदद करता है जिसकी वजह से यह धमनियों में नहीं जमता। इससे दिल के दौरे का जोखिम कम हो जाता है।

चुकन्दर में उच्च मात्रा में फॉलिक एसिड पाया जाता है। यह पोषक तत्व गर्भवती महिलाओं और उनके अजन्म बच्चों के लिए महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इससे अजन्म बच्चे का मेरुदंड बनने में मदद मिलती है। चुकन्दर गर्भवती महिलाओं को अतिरिक्त ऊर्जा देता है। चुकन्दर में मिनरल सिलिका मौजूद होता है। इस तत्व की वजह से शरीर कैल्शियम को प्रभावी रूप से इस्तेमाल कर पाता है। कैल्शियम हमारे दांतों और हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी होता है। इसलिए दिन में एक ग्लास चुकन्दर का जूस पीने से आप आस्टिओपरोसिस और हड्डियों व दांतों की दूसरी समस्याओं से बचे रह सकते हैं।

जिन लोगों को डायबिटीज़ होती है वो चुकन्दर खाकर अपने मीठे की तलब मिटा सकते हैं। इसको खाने का फायदा ये होता है कि मीठे की तलब पूरी होने पर भी ये आपका ब्लड शुगर लेवल नहीं बढ़ाता क्योंकि ये ग्लाइसेमिक इंडेक्स वेजिटेबल है। इसका अर्थ ये है कि ये खून में बहुत धीरे-धीरे शुगर रिलीज़ करती है। इसमें बहुत कम कैलोरी होती है और इसका फैट-फ्री होना भी इसे डायबिटीज़ के मरीजों के लिए परफेक्ट वेजिटेबल बनाता है।

# घर में धनलाभ लाते हैं स्वास्तिक के ये 5 उपाय

**स्वास्तिक का निशान मंगलकारी और सौभाग्य का सूचक माना जाता है। स्वास्तिक हर दिशा में एक जैसा दिखता है। स्वास्तिक को घर में रखने से नकारात्मक ऊर्जा भी घर में नहीं रहती और व्यक्ति सफलता प्राप्त है। इसे घर में रखने से हर प्रकार के वास्तु दोष दूर हो जाते हैं। कहा जाता है कि घर में कोई भी शुभ काम करते स्वास्तिक बनाना अच्छा माना जाता है। स्वास्तिक से धनलाभ के योग भी बनते हैं. लेकिन इसके लिए स्वास्तिक के कुछ उपाय करने होते हैं। आज हम आपको बताएंगे स्वास्तिक के कुछ उपाय जिससे आपके घर में सकारात्मकता तो आएगी ही साथ ही मां लक्ष्मी भी आपसे खुश होंगी।**



1. दिवाली के दिन या फिर किसी भी शुभ काम के दिन घर के बाहर सिंदुर से स्वास्तिक बनाना चाहिए। इसके अलावा तिजोरी, पूजा के कमरे और ऑफिस में भी इसे बनाना शुभ माना जाता है। कहा जाता है कि इससे देवी लक्ष्मी खुश होती हैं और घर में धनवर्षा होती है।

2. घर में कोई भी विशेष पूजा हो तो इस बात का ध्यान रखें कि स्वास्तिक बनाकर ही उस पर देवी-देवता पर को बैठाया जाए। कहा जाता है कि इस प्रकार पूजा करने से देवी-देवता प्रसन्न होकर इच्छा पूरी करते हैं।



3. शास्त्रों की मानें तो स्वास्तिक को मां लक्ष्मी का स्वरुप माना गया है। कहा जाता है कि घर के मुख्य द्वार पर स्वास्तिक बनाना चाहिए। इसके अलावा मंदिर में पहले स्वास्तिक बनाकर उस पर चावल का ढ़ेर लगाकर उस पर सुपारी रखी जाए तो इससे मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं।

4. घर की उत्तर-पूर्व दिशा बहुत महत्वपूर्ण होती है। इसे भगवान कुबेर की दिशा भी कहा जाता है। इसलिए घर की इस दिशा में हल्दी से स्वास्तिक बनाना चाहिए। इससे घर में सुख-समृद्धि आती है।

5. सभी के घर में देव स्थान होता है। इस स्थान में पहगले लाल रंग के कुमकुम से स्वास्तिक बनाना चाहिए और फिर पांच प्रकार के अनाज को रखकर दीपक जलाकर उनका स्मरण करने से सभी तरह की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

***इस आलेख में दी गई जानकारियों पर हम यह दावा नहीं करते कि ये पूर्णतया सत्य व सटीक हैं तथा इन्हें अपनाने से अपेक्षित परिणाम मिलेगा। इन्हें अपनाने से पहले संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें।***

# व्यस्त लाइफ में स्वस्थ्य रहने के 7 टिप्स

आप नौकरी करते हैं? आपके पास समय की काफी कमी हो सकती है। खासकर एक्टिव रहना और फिजिकल एक्टविटी को बनाये रखना मुश्किल होता है? जो लंबी उम्र और हेल्दी लाइफ के लिए प्रमुख है। आप एक दिन में 12 घंटे से ज्यादा काम करते हों। आप अपने डे-टू-डे कार्यों में थोड़ा बदलाव करके मानसिक और शारीरिक हेल्थ को बेहतर बनाये रख सकते हैं। एक या दो दिनों में आप अपने लाइफस्टाइल में पूरी तरह से बदलाव नहीं कर सकते हैं। रोज थोड़ा-थोड़ा अपने रूटिन में बदलाव करें जिससे आपमें बड़ा बदलाव दिखेगा। सचमुच हेल्दी लाइफस्टाइल आपके कार्यों में प्रगति लाएगा।

डॉ. गौरी कुलकर्णी ने कुछ टिप्स बताए जो आपको हेल्दी बनाये रख सकता है जिससे आपके करियर में सफलता मिलेगी।

**वाक द टॉक-** आप अपने दिनचर्या में वॉक करें। हर जगह वॉक करें, जब आप फोन से बात करते हैं तभी वॉक करें, अपने ऑफिस के कुछ मीटर पहले पार्क करें, एलिवेटर के बदले सीढियों का इस्तेमाल करें, जहां आप बस से रोज उतरते हैं वहां से एक स्टॉप पहले उतरें और वहां से पैदल अपने गंतव्य तक पहुंचे। ऐसा नहीं कहें कि व्यायाम के लिए समय नहीं है।



कुछ देर धूप में रहें- धूप सेकें। सूर्य की किरणों को अपने शरीर के खुले हिस्से में अच्छी तरह पहुंचने दें। सूर्य की किरणों से हमें विटामिन डी प्राप्त होता है। हमारा शरीर सूर्य से विटामिन डी ग्रहण करता है और विटामिन डी बनाता है। धूप हमें पूरे दिन एक्टिव और हैप्पी बनाये रखता है।

फल खाएं- हम बचपन से सुनते आये हैं कि रोज एक सेब खाएंगे तो डॉक्टर से रहेंगे हमेशा दूर! यह समय है इसे अपने रूटिन में शामिल करने का। फल में बेहतरीन विटामिन्स और मिनरल्स पाया जाते हैं। रोज एक फल जरूर खाएं। एक दिन में एक कलर के फल को चुनें। उदारहण के लिए, अगर आप ग्रीन फूट का चयन करते हैं तो आप ग्रीन सेब खाएं। उसी तरह दूसरे कलर भी।

किक द बट- स्मोकिंग हेल्थ के लिए किसी तरह से फायदेमंद नहीं है। हम बहुत सुन चुके हैं कि स्मोकिंग कितना हानिकारक है। इसलिए स्मोकिंग छोड़े।

पानी पीएं- प्रचुर मात्रा में पानी पीएं। पानी आपके स्किन, बाल और स्वास्थ्य के लिए अमृत के समान है। पानी आपके बाल और स्किन के लिए महंगे प्रोडक्ट्स बहुत ही बेहतर है। रोज प्रचुर मात्रा में पानी पीना चाहिए। यह आपके अतिरिक्त कैलोरी को बर्न करने में भी मदद करेगा।

बच्चे बनें-रोज बच्चों की तरह एक्टिविटी करें। इधर-उधर जंप करें, नाव बनाएं, शॉवर में गाना गाएं, हॉप, स्कीप, और जंप करें। ऐसा करें जैसे बच्चे करते हैं। तनाव को स्मार्ट तरीक से खत्म करें। बच्चों देखें और सीखें।

अच्छी तरह सोना-रोज पूरी नींद से सोने से आपके हेल्थ बेहतर रहेंगे। आप अपने व्यस्त लाइफ में रोज कम से कम 8 घंटे सोने का प्रयास करें। जितना अधिक सोएंगे उतना अधिक प्रोडक्टिव होंगे।

स्वस्थ्य रहने के लिए आज अपने लाइफस्टाइल में सुधार करें।

# मंत्रमुग्ध कर देगी चमोली की खूबसूरत फूलों की घाटी

**उत्तराखंड में चमोली (गढ़वाल) जिले और नेपाल-तिब्बत के बार्डर से घिरी है बेहद खूबसूरत फूलों की घाटी फ्लावर नेशनल पार्क। मानसून में यहां गजब का दृश्य होता है। हिमालय की ऊंची घाटियों में स्थित इस पार्क में लगभग 300 तरह के एलपाइन फूल पाए जाते हैं। जिससे बर्फ से ढंके पहाड़ों के आगे ऐसा लगता है मानो रंग-बिरंगी कालीन बिछी हों। लगभग 55 मील में फैले इस पार्क को 1982 में राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा मिला। यह उद्यान नंदी देवी नेशनल पार्क के पास ही है। यह दिल्ली से 595 किलोमीटर दूर है।**



फूलों की यह घाटी जून से लेकर सितंबर तक खुलती है। बाद में यह पूरी घाटी बर्फ से ढंक जाती है। अगर यहां के फूलों का खूबसूरत नजारा देखना चाहते हैं, तो जुलाई से अगस्त तक का समय सबसे बेहतर है। यहां की पहली बारिश के बाद फूलों की खूबसूरती देखते बनती है। जुलाई से पहले इस घाटी में एक भी फूल नहीं खिलता। इस समय पहाड़ों से पिघलती बर्फ का आनंद लिया जा सकता है। जुलाई से अगस्त तक यह घाटी फूलों से भर जाती है पर अगस्त खत्म होते-होते फूल अपने आप ही पीले पड़ने लगते हैं और धीरे-धीरे मुरझा जाते हैं। मौसम की बात करें, तो यहां की रात और सुबह काफी ठंड होती है।

हालांकि इस घाटी की चढ़ाई काफी मुश्किल है मगर यहां आकर ऐसा लगता है मानो आप किसी जादू की नगरी में आ गए हैं। चारों तरफ का वातावरण सुकून और शांति प्रदान करता है। वैली ऑफ फ्लावर के रास्ते में अनगिनत फूल अपनी खूबसूरती से आपका मन मोह लेंगे। ऐसा प्रतीत होता है मानो उस घाटी में जाने के लिए फूल आपका स्वागत कर रहे हों।

फूलों के अलावा यहां ऐसे जानवर देखे जा सकते हैं, जो लगभग विलुप्त हो रहे हैं। जैसे स्नो-लेपर्ड, ब्राउन बीयर, ब्लू शीप, एशियाटिक ब्लैक बीयर। 1882 में इसे राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा मिलने के बाद अब यह बर्ल्ड हेरिटेज साइट भी बन गया है। वहां के निवासी यह मानते हैं कि फूलों की घाटी में परियों का निवास है। यह ट्रेकिंग के लिए भी अच्छी जगह है।

1931 में इस जगह की खोज ब्रिटिश माउनटेनियर्स ने की थी और उन्होंने ही इस खूबसूरत घाटी वैली आफ फ्लावर्स नाम दिया था। उन्होंने इस पर किताब भी लिखी थी।

इस घाटी से सबसे नजदीक शहर है जोशीमठ। जहां से आप सड़क से सीधे हरिद्वार और देहरादून जा सकते हैं। जोशीमठ से थोड़ी दूर है गोविंद घाट, जहां से ट्रेकिंग की शुरूआत होती है। 14 किलोमीटर ट्रेकिंग के बाद ट्रेकर्स इस घाटी से तीन किलोमीटर पहले धनगारिया पहुंचते हैं।

इस उद्यान में खूबसूरत फूलों के अलावा कई औषधीय पौधे भी हैं। इसलिए बॉटनिस्ट भी यहां अध्ययन के लिए आते रहते हैं।

नेशनल फ्लावर पार्क ऋषिकेश से 276 किलोमीटर दूर है। नजदीकी हवाई अड्डा देहरादून में है। सबसे नजदीक रेलवे स्टेशन ऋषिकेश में है। यहां जून से सितंबर तक कभी भी जा सकते हैं।

# इन चीजों को खाली पेट खाने की गलती न करें वरना...

अगर आप सुबह उठ कर नाश्ते में कुछ भी खा लेते हैं, तो आपको यह समझना होगा कि इससे आपका पेट खराब हो सकता है और पाचन क्रिया पर असर पड़ सकता है। हर चीज को खाने का एक समय और एक मात्रा तय होती है। इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

दही, कच्चे टमाटर, केले और दूसरी कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें खाली पेट खाना ठीक नहीं होता। सुबह-सुबह खाली पेट मसालेदार खाना खाने से पेट में एसिड बनता है और पेट संबंधित कई बीमारियां हो जाती हैं। आइए जानते हैं कि सुबह खाली पेट किन चीजों से परहेज करना चाहिए-



**पेस्ट्री और केक :** अगर आप ऐसी चीजें खाएंगे जिसमें ईस्ट की मात्रा ज्यादा होती है, तो आपका पेट पूरे दिन फूला रहेगा।

**दही :** खाली पेट दही खाने से पेट में हाइड्रोक्लोरिक एसिड बनता है जिससे लैक्टिक एसिड वाला बैक्टीरिया खत्म हो जाता है और आपके बैक्टीरियल सिस्टम को नुकसान पहुंचता है।

**नाशपाती :** नाशपाती में कुछ कच्चे फाइबर होते हैं, जिसे खाली पेट खाने से श्लेष्मा झिल्ली को चोट पहुंच सकती है।

**टमाटर :** टमाटर में काफी मात्रा में टैनिक एसिड होता है। खाली पेट इसे खाने से गैस्ट्रिक अल्सर हो सकता है।

**खीरा और अन्य हरी सब्जियां :** कच्ची सब्जियों में अमीनो एसिड होता है। इससे सीने की जलन और पेट दर्द हो सकता है।

**कार्बोनेटेड ड्रिंक :** खाली पेट इसे पीने से श्लेष्मा झिल्ली को चोट पहुंचत सकती है। इससे ब्लड की सप्लाई भी घटती है और खाना पचने में काफी समय लेता है।

**केला :** केले में मैग्नीशियम होता है जिससे खून में एक तत्व झट से बढ़ जाता है। इस वजह से यह दिल के लिए

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**